बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 7 मई 2024
वर्ष-2, अंक-269, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज 18

हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील 17

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK TRADE MARK
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों का मिला लाभ

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा, कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया।

## सीआईएससीई के नतीजे : लड़कों से आगे निकलीं लड़कियां

### 10वीं, 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़ा, जारी नहीं होगी मेधा सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10वीं कक्षा : 99.31 प्रतिशत लड़के, 99.65 प्रतिशत लड़कियां सफल
- 12वीं कक्षा : 97.53 प्रतिशत लड़के, 98.92 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण

'काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स' (सीआईएससीई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सोमवार को सुबह घोषित नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी, जबकि दोनों कक्षाओं के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई। बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया इस साल से बंद कर दी है।

सीआईएससीई के एक अधिकारी ने बताया कि 99.47 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19 फीसदी छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। पिछले साल 10वीं कक्षा के लिए पास प्रतिशत 98.94 प्रतिशत और 12वीं कक्षा के लिए 96.93 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा कि 10वीं कक्षा में 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए, जबकि 99.65 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल की। इसी तरह, 12वीं कक्षा में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि हमने बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया भी इस साल से बंद कर दी है। इस कदम का उद्देश्य छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचना है।

आईसीएसई परीक्षाएं 21 फरवरी को शुरू हुईं और 28 मार्च को 18 दिन में खत्म हुईं। आईएससी परीक्षा (12वीं कक्षा) 47 लिखित विषयों में कराई गई, जिनमें से 12 भारतीय भाषाओं, चार विदेशी भाषाओं और दो शास्त्रीय भाषाओं में थी। आईएससी परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुईं और चार अप्रैल को खत्म हुईं।

कुल 2,695 स्कूलों के अभ्यर्थी 10वीं कक्षा की परीक्षा में बैठे और 82.48 प्रतिशत (2,223) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा के लिए कुल 1,366 स्कूलों के अभ्यर्थी बैठे और 66.18 प्रतिशत (904) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 2.43 लाख से अधिक उम्मीदवार बैठे थे, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99,901 छात्र बैठे।

### विदेशी स्कूलों ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

दसवीं कक्षा में इंडोनेशिया, सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जहां पास होने का प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा में सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। आईसीएसई परीक्षा (10वीं कक्षा) 60 लिखित विषयों में कराई गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाओं, 13 विदेशी भाषाओं और एक शास्त्रीय भाषा में थी।

## एक नजर

### नीट-स्नातक प्रश्नपत्र लीक की खबरें निराधार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि एनटीए के सुरक्षा प्रोटोकॉल से यह पता चला है कि सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं।

### यूपी बोर्ड : इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन आज से

लखनऊ। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दे चुके छात्रों के लिए इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई की रात्रि 12 बजे तक है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सोमवार को आवेदन से लेकर परीक्षा तक पूरा ब्योरा जारी कर दिया है।

### खेद प्रकाश

पांच मई के अंक में अमिताभ बच्चन के चित्र की जगह उनके डुप्लीकेट का चित्र प्रकाशित हो गया था। इस मानवीय चूक के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं। - संपादक

## दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

### आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से धन प्राप्त करने के आरोप में एलजी ने उठाया कदम

नई दिल्ली, एजेंसी





- आम आदमी पार्टी ने मामले को साजिश बताया, मंत्री सौरभ ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा की संभावित हार की बौखलाहट कहा

दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है।

यह जानकारी राजभवन सूत्रों ने दी। वहीं आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। क्योंकि भाजपा दिल्ली की सभी सात सीट हार रही है। भाजपा नेता लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबराए हुए हैं।

केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उप राज्यपाल के सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी। अमृतसर केंद्रीय कारागार में बंद भुल्लर को 1993 में दिल्ली में एक बम विस्फोट में नौ लोगों की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसे 25 अगस्त, 2001 को टाडा अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसकी मौत की सजा को कम किए जाने के बाद से वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

सक्सेना ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है। जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उप राज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने 2014 में न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में खालिस्तानी नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें की थीं। केजरीवाल ने आप को पर्याप्त वित्तीय सहायता के बदले में भुल्लर की रिहाई में मदद का वादा किया था। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में आप के एक पूर्व कार्यकर्ता मुनीश कुमार रायजादा ने खालिस्तानी नेताओं के साथ केजरीवाल की मुलाकात की कथित तस्वीरें साझा की थीं।

### अंतरिम जमानत देने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को इस बात पर विचार करेगा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी जाए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ पहले मामले के रूप में आम आदमी पार्टी नेता की याचिका पर सुनवाई करेगी।

## रांची में ईडी का छापा, बेहिसाब नकदी और आभूषण बरामद

रांची, एजेंसी



छापे के दौरान बरामद नकदी गिनते ईडी कर्मी। ● एजेंसी

- मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर की छानबीन
- 20 से 30 करोड़ की नकदी गिनने में लगाई गईं आठ मशीनें

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित रूप से जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान 20-30 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद करने का दावा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने कुछ अन्य परिसरों की तलाशी में अलग से करीब तीस करोड़ रुपये नकद बरामद किए। सूत्रों द्वारा साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर एक इमारत में स्थित एक कमरे में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां निकालते हुए दिखते हैं। इस दौरान केंद्रीय बलों के कुछ सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देते हैं। जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है।

आलम ने संपर्क किए जाने पर कहा कि मुझे अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मैं टीवी देख रहा हूं और इसमें बताया जा रहा है कि यह परिसर सरकार द्वारा मुझे मुहैया कराए गए आधिकारिक पीएस (निजी सचिव) से संबंधित है। आलम (70) कांग्रेस के नेता हैं और झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गई हैं, ताकि बरामद की गई रकम का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह राशि 20-30 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। सूत्रों ने कहा कि बरामद की गई नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अभियान के तहत कुल छह परिसरों की तलाशी ली जा रही है और एजेंसी ने एक परिसर से 2.93 करोड़ रुपये तथा एक अन्य परिसर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं।

### धनशोधन के मामले से जुड़ी है छापेमारी

यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ धनशोधन के मामले से जुड़ी है, जिसे ईडी ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पिछले साल जारी एक बयान में आरोप लगाया था कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के रूप में तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को निविदा आवंटित करने के बदले में उनसे रिश्वत के नाम पर अवैध कमाई की थी।

## राम विरोधी हैं सपा-कांग्रेस : योगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ व प्रत्याशी साक्षी महाराज के साथ अन्य भाजपा नेता।

- भगवंतनगर की जनसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अमृत विचार** : एक समय था जब हमारे युवाओं के हाथ में तमंचा होता था और आज उनके हाथ में टैबलेट है। देश से आतंकवाद का खात्मा हो चुका है। कश्मीर चैन की नींद सो पाता है। जो राम का नहीं है वह हमारा भी नहीं हो सकता है। सपा-कांग्रेस का इतिहास रहा है राम का विरोध करना। कभी भी सपा-कांग्रेस पर विश्वास मत करना। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

योगी ने भगवंतनगर स्थित आरआरबीएन इंटर कॉलेज में सभा कर उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के पक्ष में वोट करने की अपील की। सीएम ने पहले बक्सर स्थित सिद्धपीठ मां चंद्रिका देवी को नमन किया। इसके बाद कलम व तलवार की धनी धरती बताते हुए यहां के साहित्यकारों को नमन किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद वहां शांति हो गई है। कांग्रेस-सपा हमेशा से राम की विरोधी रही हैं। इससे पूर्व सीएम का हेलीकाप्टर क्षेत्र के हटिया मेला मैदान पर उतरा। जहां उनका स्वागत पार्टी प्रत्याशी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

## नड्डा, मालवीय और विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने की थी शिकायत

**बेंगलुरु।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक इकाई प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इन नेताओं पर विशेष उम्मीदवार को वोट न देने के लिए एससी/एसटी के सदस्यों को डराने-धमकाने वाले पोस्ट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कार्रवाई हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा नेताओं पर जनप्रतिनिधि और आईपीसी की धारा 505 (2) (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा को बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के अकाउंट से 'एक्स' पर पोस्ट वीडियो का हवाला दिया गया।

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या

पटियाला, एजेंसी



- भाई-भाभी से झगड़े के बाद भाखड़ा नहर में कूदी महिला खिलाड़ी
- पिता ने पुलिस थाने में दर्ज कराई बेटे और बहू के खिलाफ शिकायत

राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसके पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ किए गए दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि भाखड़ा नहर से सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## सपा ने श्यामलाल पाल को बनाया नया प्रदेश अध्यक्ष



- लोकसभा चुनाव के बीच हटाए नरेश उत्तम पटेल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ा निर्णय लेते हुए नरेश उत्तम पटेल की जगह पार्टी के वरिष्ठ नेता श्यामलाल पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पार्टी ने इस पद पर बदलाव सात साल बाद किया है। साल 2017 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल यादव को हटाने के बाद नरेश उत्तम को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर बदलाव के पीछे नरेश उत्तम पटेल का फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना भी वजह है। ऐसे में वह अपने चुनाव पर पूरा ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। श्यामलाल पाल प्रयागराज के निवासी हैं। माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस फैसले के पीछे पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों वाले लक्ष्य को साधना है। पिछले साल ही श्यामलाल को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष बनाया गया था।

## मुंबई दंगा पीड़ितों को मुआवजा दे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्देश लागू न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से 1992 के मुंबई दंगों में लापता हुए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने, मामलों का निपटान सुनिश्चित करने और पुलिस सुधार जैसे अपने निर्देशों को लागू करने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 4 नवंबर, 2022 के अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने का निर्देश दिया और इस बारे में एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

पीठ ने कहा कि राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे। इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की। पीठ ने एक पहलू पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करना प्रशासन का दायित्व है।

## तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान आज

**लखनऊ, अमृत विचार।** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान सात मई को होगा। इस चरण में कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें आठ महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। एक करोड़ 89 लाख 14 हजार 788 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ एक लाख 44 हजार 345 पुरुष व 87 लाख 69 हजार 696 महिला व 747 थर्ड जेंडर शामिल हैं।


मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

## खेती-किसानी

### पंतनगर विश्वविद्यालय की बायो कंट्रोल प्रयोगशाला ने ईजाद किए चार जैव नियंत्रक अभिकर्ता

## कीटनाशकों से नहीं अब जैव नियंत्रकों से समृद्ध होगी खेती

मृगांक मौली, पंतनगर





जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में निर्मित चार बायो कंट्रोल एजेंट।

**अमृत विचार** : फसल में लगने वाले कीटों के लिए कीटनाशकों का प्रयोग बीती बात हो चुकी है, अब इनका नाश जीवाणु करेंगे। जीबी पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग में जैव नियंत्रण परियोजना के तहत जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की परियोजनाधिकारी डॉ. रूपाली शर्मा के निर्देशन में वैज्ञानिकों ने चार जैव नियंत्रक अभिकर्ताओं का निर्माण किया है, जिसे पेटेंट भी करा लिया है।

जैव नियंत्रक अभिकर्ता मिट्टी में पाए जाने वाले वह सूक्ष्म फफूंद और जीवाणु हैं, जिनसे पौधों में रोग जनकों का आंशिक या पूरी तरह से विनाश किया जाता है। ये तीन प्रकार से कार्य करते हैं। इनमें परजीविता-जैव नियंत्रक रोग कारक जीव के ऊपर चिपककर उसकी बाहरी परत को कुछ प्रतिजैविक पदार्थों से गलाकर उसमें के सभी पदार्थों का उपयोग कर लेता है, जिससे वह नष्ट हो जाता है। प्रतिजैविकता -इस प्रक्रिया में जैव नियंत्रक प्रतिजैविक पदार्थ उत्पन्न करता है, जो रोग कारकों के लिए विष है। प्रतिस्पर्धा - इसमें जैव नियंत्रक वातावरण में मौजूद पोषक पदार्थों, जल व स्थान के लिए रोग कारकों से स्पर्धा करते हैं। प्रयोगशाला में चार जैव नियंत्रकों पंत बायो कंट्रोल एजेंट-1 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम), पंत बायोकंट्रोल एजेंट-2 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस), पंत बायो कंट्रोल एजेंट-3 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम 2) व पंत बायो कंट्रोल एजेंट-4 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस 2) का उत्पादन किया गया है।

### ऐसे करते हैं बीजों और पौधों में जैव नियंत्रकों का उपयोग

जैव नियंत्रक के 10 ग्राम पाउडर का पानी में घोल बनाकर बीजों को इसमें डाल देते हैं। बीजों को छाया में सुखाकर बुवाई कर देते हैं। पौध उपचार में पौधशाला से उखाड़कर पौध की जड़ को जैव नियंत्रक घोल में आधा घंटा डुबाते हैं। मृदा उपचार में एक किग्रा. जैव नियंत्रक एक कुंतल सड़ी खाद या कंपोस्ट में मिलाकर एक माह बाद खेत में डालते हैं।

### रोग व कीट नियंत्रण के लिए आवश्यक हैं जैव नियंत्रक

रोग व कीट नियंत्रण के लिए रसायनों के प्रयोग ने कृषि उत्पादों की गुणवत्ता कम कर दी है। पौधों में रोगकारकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता घट रही है। साथ ही मिट्टी के उपयोगी सूक्ष्म जीवों की संख्या में कमी आ रही है, जिससे रोगजनकों में वृद्धि हो रही है। जैव नियंत्रक एक बार मिट्टी में स्थापित हो जाता है तो यह स्वयं अपनी कार्यक्षमता बढ़ाता रहता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

हमारे फर्स्ट वोटर

## पहले मतदान करूंगी फिर और कोई काम



मैं बहुत खुश हूं। मुझे मतदान करने का पहली बार अवसर मिला है। 20 मई को मतदेय स्थल पर जाकर पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम शुरू करूंगी। लोगों से अपील भी करती हूं अधिक से अधिक मतदान करें। वास्तव में मतदान आपको देश के प्रति आपके संविधान और लोकतंत्र के प्रति अधिकार का आभास देता है। परिवार के सभी लोगों का वोटर कार्ड है और सब मतदान करेंगे। **-आंचल मोदनवाल, छात्रा, जाना बाजार**

## देश की बेहतरी के लिए मतदान आवश्यक



मतदान को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। 20 मई को वोट करूंगा, ऐसी सरकार बनने की उम्मीद कर रहा हूं जो सब विषयों पर काम करें। अपने युवा मित्रों, साथियों से अपील भी कर रहा हूं सारा काम छोड़कर मतदान के दिन जाकर वोट डालें। एक बेहतर सरकार बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मैं तो अभी से व्हाटसएप के जरिए साथियों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहा हूं। 20 मई का इंतजार है। **-अब्दुल करीम, छात्र, जाना बाजार।**

# दवा के दलालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

## जिला अस्पताल : ओपीडी से ओटी तक सक्रिय हैं दलाल, पुलिस करेगी निगरानी

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में ओपीडी से ओटी तक दलालों का नेटवर्क फैला हुआ है। ये दलाल दवा से लेकर ऑपरेशन कराने के नाम पर पैसे वसूलने का भी काम करते हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिए अब जिला अस्पताल प्रशासन ने एसएसपी को पत्र भेजकर लगातार पुलिस से भ्रमण करने व विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।

जिला अस्पताल में ओपीडी में चिकित्सक को दिखाने पहुंचे मरीजों के पीछे ही दलाल लग जाते हैं। सूत्रों की मानें तो कुछ की अस्पताल के सामने केमिस्टों से भी जान-पहचान हैं। मरीजों को जैसे ही बाहर की दवाएं लिखी जाती हैं। दलाल उन्हें अपने जानने वाले केमिस्टों के पास भेज कमीशन वसूल लेते हैं। यही नहीं यहां तो मरीजों से सर्जरी कराने के नाम पर भी वसूली हो जाती है। दो माह पहले जनरल सर्जन की ओपीडी में पहुंचे एक युवक ने सीएमएस को शिकायत दी थी कि उससे हाइड्रोसील के ऑपरेशन के लिए दो युवकों ने पांच हजार रुपये की मांग की है। इस पर अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा मौके पर गार्ड लेकर पहुंचे थे। तब तक दोनों आरोपी गायब हो गए थे। यही नहीं गत वर्ष महाराजगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकापुर निवासी सुजीत कुमार भी अपनी नानी सुखराजी को ऑपरेशन के लिए लेकर पहुंचे थे। सुजीत का आरोप था कि ऑपरेशन कराने के नाम पर उससे पांच हजार रुपये की मांग की गई थी।

### लगातार लिखी जा रहीं बाहरी दवाएं व जांच



जिला अस्पताल में बाहर की दवाएं व जांच लिखने का मामला कोई नया नहीं है। अस्पताल में चार्ज संभालने वाले हर सीएमएस के सामने यह सबसे बड़ी चुनौती रहती है। तीन माह पहले स्वास्थ्य सचिव पार्थ सेन के निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में रात के समय सीटी स्कैन जांच कम मिली थी। उन्होंने फटकार लगाते हुए इसे बढ़ाने का निर्देश दिए थे। लेकिन अप्रैल माह में 14 दिन के अंदर महज 450 मरीजों की ही जांच हुई थी, जिसमें नाइट केस 12 ही शामिल थे।

### सेवा समाप्ति के लिए उच्चाधिकारियों को किया जाएगा सूचित

सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि चिकित्सालय में इलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को पूर्ण रूप से राजकीय सेवाओं का ही लाभ दिया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई व सेवा समाप्ति के लिए उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाएगा। यह निर्देश समस्त चिकित्सा विशेषज्ञ, आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ को दिया गया है।

### सीएमएस ने जारी किया पत्र

सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने सोमवार को दोपहर में समस्त चिकित्सा विशेषज्ञ व कर्मचारियों को पत्र जारी किया है। उन्होंने सक्रिय दलालों के चलते परेशान मरीज व बाहर से लिखी जा रही दवाओं पर फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ओपीडी, वार्ड व ओटी में किसी भी बाहरी को प्रवेश न करने दिया जाए। साथ ही यह भी चेतावनी दी की अगर कोई अनाधिकृत व्यक्ति दिखा तो पुलिस को सूचना दी जाएगी। इस संबंध में एसएसपी को पत्र भेजकर पुलिस चौकी इंचार्ज रिकाबगंज को जिला चिकित्सालय परिसर में समय-समय पर भ्रमण कर अनाधिकृत व्यक्तियों को चिह्नित करते हुए उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

# बीएलओ भेजेंगे संदेशा वोट देने आओ भइया

**अयोध्या कार्यालय**

**▶▶ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बाहरी प्रदेशों में दो लाख से अधिक वोटरों को जायेगा बुलावा**

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की पहल की है। इसके लिए रोजगार के लिए बाहरी प्रदेशों में काम करने गए दो लाख वोटरों को बुलाने के लिए बीएलओ के माध्यम से संदेश भेजेंगे।

फैजाबाद संसदीय सीट का चुनाव पांचवें चरण में है। इसके लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन जिले के लगभग दो लाख प्रवासी श्रमिकों को मतदान देने लिए बीएलओ के माध्यम से संपर्क करके वोट डालने आने के लिए मनुहार करेगा। बाहर रह रहे मतदाताओं के परिवार में पहुंचकर उनके मोबाइल नंबर प्राप्त कर उनसे बात करेंगे। बताते चलें कि बीएलओ के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सर्वे कराकर बाहर या अन्य शहरों में रहने वाले श्रमिकों की सूची तैयार कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे उनसे संपर्क किया जा सके। जिले में वोटर पर्ची और मतदान निमंत्रण बांट रहे 1125 बूथ लेवल अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी गई है। यह बीएलओ पंचायतों से बाहरी प्रदेशों में कामगारों के आंकड़े और मोबाइल नम्बर जुटा कर मतदान के लिए बीस मई से पहले घर आने के लिए संदेशा देगें।



> बूथ लेवल अधिकारी इस कार्य को करेंगे। पंचायतों में सचिव और प्रधान को भी लगाया गया है। इससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। **-अनिरुद्ध प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी।**

# निर्वाचन में भ्रष्ट आचरण और अपराध से परहेज करेंगे प्रत्याशी



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी व मौजूद अफसर। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता और चुनाव खर्च को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सोमवार को राजनीतिक दल के लोगों के साथ बैठक की। इसमें आचार संहिता और चुनाव खर्च को लेकर जानकारी दी गई। निवार्चन में भ्रष्ट आचरण व अपराध से ईमानदारी से परहेज करने की बात कही गई।

चुनाव चिह्न आवंटन के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी प्रत्याशियों के लिए आयोग से जारी आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है। दल और अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता के सामान्य आचरण, सभाएं, जुलूस आदि के बारे बताया गया। बताया कि सभी दल एवं प्रत्याशी ऐसी सभी गतिविधियों से ईमानदारी से परहेज करेंगे जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण एवं अपराध हैं। जैसे मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना, धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण, मतदान केन्द्रों से 100 मीटर की दूरी के तहत प्रचार करना आदि है। बताया कि किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन के दीवारों पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नहीं है। जूलूस या सभा के लिए अनुमति लेनी होगा। इस अवसर पर सीडीओ ऋषिराज, ज्वॉइंट मजिस्टेरट स्वाति शर्मा, अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशी/इलेक्शन एजेंट/प्रतिनिधि/पदाधिकारी मौजूद थे।

# डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस व आर्मी ऑफिसर बनना चाहते मेधावी

**अयोध्या कार्यालय**

**सीआईएससीई रिजल्ट**

**अमृत विचार:** सीआईएससीई बोर्ड के जिले के मेधावियों का सपना डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, प्रोफेसर व आर्मी ऑफिसर बन कर समाज व देश की सेवा करना है। 12 वीं व 10 वीं के सोमवार को परिणाम घोषित होने पर खुशी में आह्लादित जिले के मेधावियों ने अमृत विचार से बातचीत में अपने दिल की बात बताई।

इंटर में जिले के टॉपर रहीं एचसीजे एकेडमी की छात्रा व पीडी पांडेय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी व गृहिणी शोभा की बेटी संजना आईएएस बन समाज के दबे व पिछड़े वर्ग के लिए कुछ विशेष करना चाहती हैं। 12 वीं में 87.5 फीसदी अंक हासिल कर जिले की टॉपर रहीं संजना कहती हैं कि तनाव रहित शैक्षिक वातावरण में विषय व लक्ष्य को फोकस कर किया गया प्रयास सफलता सूचक होता है। मेहनत, ईश्वर की कृपा, शिक्षकों, माता, पिता व दोस्तों के सहयोग को सफलता का श्रेय दिया। 87.5 फीसदी अंको के साथ जिले में दूसरे स्थान पर रहे कृषक पिता धर्मेन्द्र तिवारी व गृहिणी सुनीता के पुत्र अनेन्द्र तिवारी एनडीए के माध्यम से आर्मी ऑफीसर बन देश की सेवा करना चाहते हैं। अनेन्द्र कहते हैं कि उनके बड़े भाई शिवेन्द्र ने बचपन से ही सेना के प्रति उत्साहित व प्रेरित किया और यह उसका भी सपना बन चुका है। 10 वीं में 93.4 फीसदी अंक हासिल करने वाले डॉ. वीरेन्द्र श्रीवास्तव व गृहिणी सरिता के पुत्र अंशवीर प्रोफेसर बन अपने ज्ञान से छात्रों को लाभ् देना चाहते हैं। वह कहते हैं कि उनके ननिहाल में नाना, मामा, मौसी व बड़े भाई सभी शिक्षक हैं, वहीं से उन्हे प्रेरणा मिली। व्यावसायी पिता विनोद जायसवाल व गृहिणी पूनम के पुत्र मानस एक सफल इंजीनियर बनना चाहते हैं। कृषक योगेन्द्र सिंह की पुत्री वर्तिका आइएएस बनना चाहती हैं। गन्ना विभाग कर्मी मुकेश पाण्डेय व गृहिणी अर्चना की पुत्री स्नेहा पाण्डेय एक सफल चिकित्सक बन गरीबों की सेवा करना चाहती हैं। सिचाई विभाग कर्मी विनोद आनन्द व गृहिणी मंजू की पुत्री पलाक्षी आइएएस बनना चाहती हैं। व्यावसायी संतोष गुप्त व गृहिणी गुंजन के बेटी सान्या का सपना बैंक अधिकारी बनने का है। व्यावसायी संतोष गुप्त व गृहिणी डॉली की बेटी गौरांगना एक सफल चिकित्सक बन गरीबों व समाज की सेवा करना चाहती है। व्यावसायी राजेश सिंह व गृहिणी दमयंती की बेटी प्राची सिंह सॉफ्ट वेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं।

93.4%

अंशवीर श्रीवास्तव

87.5%

अनेन्द्र तिवारी

87.8%

संजना चतुर्वेदी

83.2%

मानस जायसवाल

81%

वर्तिका सिंह

80%

स्नेहा पांडेय

71%

पलाक्षी आनंद

78%

शान्या गुप्ता

75%

गौरागंना गुप्ता

86.4%

प्राची

# इंजी. अनिल अध्यक्ष और जनार्दन व इंद्र भूषण बने कोषाध्यक्ष

**अयोध्या कार्यालय**

**▶▶ शक्ति विहार रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन नियावां का गठन**

**अमृत विचार :** बड़े शहरों के मोहल्लों व अपार्टमेंटों में बने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) की तर्ज पर शक्तिविहार रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन नियावां (एसआरडब्लूएएन) का गठन सर्वसम्मति से किया। इसके गठन को लेकर रविवार शाम हुई कॉलोनी वासियों की बैठक में सर्वसम्मति से इंजीनियर अनिल कुमार मिश्र को इस एसोसिएशन का अध्यक्ष और जनार्दन दुबे व इंद्र भूषण सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कॉलोनी में निवास करने वाले प्रत्येक निवासियों को इसका अनिवार्य सदस्य बनाया जाए और उनसे वार्षिक सदस्यता शुल्क भी जमा कराया जाए। अध्यक्ष इंजीनियर अनिल कुमार मिश्र ने कहा कि यह संस्था शक्ति विहार कॉलोनी के निवासियों में आपसी भाईचारा सहयोग एवं उनके कल्याण के लिए कार्य करेगी।



अध्यक्ष इंजी. अनिल मिश्र।

बैठक में वर्तमान ज्वलंत समस्या सेना के लिए अधिसूचित भूमि के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की गई। ज्ञातव्य है कि सोहावल एवं सदर तहसील के 14 राजस्व गांवों की 13391 एकड़ भूमि सेना के युद्ध अभ्यास और फायरिंग रेंज के लिए अधिसूचित की गई है। उक्त भूमि के संबंध में हाईकोर्ट लखनऊ द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। लोगों को ऐसी शंका है कि सेना की अधिसूचित भूमि में कॉलोनी भी प्रभावित हो रही है। बैठक में मौजूद पाटेश्वरीनगर वार्ड के सभासद से कॉलोनी की टूटी सड़कों नालियों साफ-सफाई एवं लाइट तथा नगर निगम की पाइपलाइन में पानी न आने संबंधित समस्याओं को नगर निगम के माध्यम से निराकरण कराने के लिए भी अनुरोध किया गया।

# मेरा बूथ सबसे मजबूत केवल नारा नहीं संकल्प



सम्मेलन में मौजूद प्रदेश महामंत्री और पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर अबकी बार 400 के पार नारे को साकार करने में जुटी भाजपा का सम्मेलन सोमवार को गोसाईगंज रामबली नेशनल इंटर कॉलेज में हुआ। सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और सेक्टर संयोजकों को जीत के लिए मंत्र दिया गया। सम्मेलन में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने अपनी सांगठनिक और क्षेत्र में मजबूती का भी एहसास कराया।

मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत केवल नारा नहीं बल्कि संकल्प है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद के साथ देश का चहुंमुखी विकास भाजपा की प्रतिबद्धता और संकल्प है। सभी पदाधिकारियों को 20 मई तक विश्राम नहीं करना है तभी हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जी जान से जुटे हैं।

इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष अयोध्या संजीव सिंह, लोकसभा प्रभारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, उदय राज तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सियाराम सर्राफ, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह, लोकसभा सहसंयोजक राममोहन भारती समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा 437 बूथों के बूथ अध्यक्ष, 65 शक्तिकेंद्रों के शक्तिकेंद्र प्रभारी, 65 शक्ति केंद्र के संयोजक भी रहे।

## सार-संक्षेप

### अब शहर से देहात तक बढ़ेगी चुनाव की सरगर्मी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पीएम मोदी के दौरे ने चुनावी माहौल गरमा दिया है। नामांकन पत्रों की वापसी के बाद सोमवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिंह्न मिल गये हैं। अब शहर से देहात तक चुनावी सरगर्मी बढ़ गई। मोर्चे पर कार्यकर्ता डटने लगे हैं। लोकसभा चुनाव में नामांकन शुरू होने के बाद स्टार प्रचारकों में पीएम मोदी का पहला दौरा था। इसके लिए पार्टी के नेताओं से कार्यकर्ताओं को इसमें लगाया गया। मकसद व्यवस्था से सक्रियता तक थी। पीएम मोदी के रोड-शो में भीड़ देखकर नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं में भी ऊर्जा का संचार हुआ। आस्था के साथ सियासत को साध कर मोदी ने चुनाव माहौल में गर्मी ला दी है। पार्टी अब इस उत्साह को चुनाव के मैदान में प्रयोग करने की रणनीति पर है। पक्ष और विपक्ष के नेता अब चुनावी फतह की रणनीति बनाने जुट गए हैं। सभी प्रमुख दलों भाजपा, सपा, बसपा और भाकपा के नेता सक्रिय हो गए है। आंकड़े जुटाए गए। टोलियां बनाई जा रही है। समय तय किए गए। गर्मी ज्यादा है। शहर और देहात के लिए अलग रणनित है। शहर के मोहल्लों में सुबह-सुबह जनसंपर्क की रणनीति तो देहात में दिन में दौरा करने की व्यवस्था की गई है। पार्टी कायार्लयों में भीड़ बढ़ गई है। चुनावी फतह के लिए हर हथियार पर धार रखी जा रही है।

### नरेंद्रालय का चमकेगा भाग्य, दिखेगा आधुनिक स्वरूप

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सोमवार को नरेंद्रालय प्रेक्षागृह का निरीक्षण किया। परिसर के अन्दर अव्यवस्थित रूप से रखे हुए सीएंडडी वेस्ट को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रेक्षागृह के मुख्य हॉल में रखे गये निष्प्रयोज्य सामानों की नीलामी कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि नरेन्द्रालय को आधुनिक स्वरूप में विकसित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही योजना को मूर्तरूप प्रदान किया जाएगा। जेल के पीछे पार्किंग स्थल को स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए मूलभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला, अधिशाषी अभियन्ता अनूप सिंह आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता के तहत स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता



एसएसवी इंटर कॉलेज में छात्रों को शपथ दिलाते प्रधानाचार्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** स्वीप योजना के अंतर्गत आयोजित हो रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत एसएसवी इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को मतदान करने व जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई। जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर 11 मई तक मतदाता जागरूकता के लिए विविध आयोजन किये जा रहे हैं। एसएसवी इंटर कॉलेज के बच्चों ने अपने अभिभावकों से मतदान करने संबंधी शपथ पत्र लेकर विद्यालय में प्रस्तुत किया। छात्रों के विभिन्न संवर्गों के बीच सोमवार को मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। संचालन शिक्षक अनिल मिश्र ने किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान से ही स्थिर, मजबूत और निष्पक्ष सरकार का गठन किया जा सकता है। वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्रा, सुरेंद्र देव तिवारी, वारिज नयन शर्मा, महेश नारायण, जयेंद्र, नंदकिशोर उपाध्याय, रवि प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### कॅरिअर काउंसिलिंग सेमिनार में दिए टिप्स

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सोमवार को 'कॅरिअर काउंसिलिंग और गाइडेंस सेमिनार' का आयोजन किया गया। स्नातक के बाद छात्र-छात्राओं के भावी कॅरिअर विकल्पों पर विचार किया गया। सरदार पटेल सेंटर फ़ॉर नेशनल इंटीग्रेशन के शिक्षकों ने विद्यार्थियों से बातचीत करके उनकी रुचियों एवं प्रतिभा के आधार पर उनके भविष्य की तैयारियों पर सलाह मशविरा किया। इस मौके पर सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र के शिक्षक डॉ. शैलेंद्र वर्मा, डॉ. अंकित, डॉ. शिवांश कुमार मौजूद रहे।

**लोकसभा चुनाव** — मतदान से ही किया जा सकता है राष्ट्र निर्माण, सभी करें मतदान, बोले लोग-

# देश को चाहिए मजबूत और स्थिर सरकार

**हैदरगंज, अयोध्या**

**अमृत विचार चुनावी चर्चा**



हैदरगंज बाजार में चाय की दुकान पर चर्चा करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की दुंदुभी भी बज चुकी है। चौराहा, बाजार, गांव में चुनाव की चर्चा चहुंओर दिखाई पड़ रही है। सांसद कैसा होना चाहिए। सरकार कैसी हो इसको लेकर सोमवार 'अमृत विचार' ने लोगों की राय जानने की कोशिश की।

हैदरगंज क्षेत्र के जाना बाजार बीकापुर मोड़ के पास प्रजापति झोपड़ी नुमा जलपान की दुकान पर चाय की चुस्की लेते हुए चुनाव पर चर्चा करते हुए लोगों ने कहा कि सरकार मजबूत हो और राष्ट्र निर्माण में कार्य करे यह बहुत आवश्यक है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीनिवास तिवारी का कहना था कि सभी मतदाता अधिक से अधिक मतदान करें। जिससे अच्छी सरकार बने तथा महंगाई और बेरोजगारी पर नियंत्रण लगे। शिवपूजन पांडेय का कहना था कि ऐसी सरकार होनी चाहिए जो गरीब, आम जनता का भला करने के साथ-साथ देश का विकास करे। जाना निवासी मोहम्मद मोबीन ने कहा राष्ट्र और देश के लिए जो भी सरकार बेहतर हो उसे ही वोट देकर चुना जाएगा। जिससे राष्ट्र मजबूत होगा। वहीं बगल में बैठे ब्रह्मादीन यादव ने कहा सरकार किसी भी बने लेकिन स्थिर और मजबूत सरकार बने। जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिल सके, महंगाई पर नियंत्रण हो, किसानों का उनका अधिकार व हक हासिल हो। किसान नेता राजेंद्र वर्मा ने कहा सबसे बड़ी समस्या छुट्टा जानवरों से है क्योंकि खेती और किसानी सब चौपट हो जा रही है। किसानों की समस्याओं जो निजात दिला सके ऐसी सरकार की जरूरत है। सभी लोगों ने एक आवाज में कहा कि अधिक से अधिक मतदान करें। सरकार ऐसी बने जिसमें सभी वर्ग के लोगों का विकास हो और नए राष्ट्र का निर्माण हो।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लटके मिले दो युवकों के शव

**हैदरगंज, अयोध्या**



मंजीत (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** हैदरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को अलग-अलग गांवों के दो युवकों का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकते मिले। इसे लेकर इलाके में तरह तरह की चर्चाएं हैं। एक मामले में मृतक के भाई ने गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है।

हैदरगंज थाना अंतर्गत पहली घटना ग्राम पंचायत कोरोराघवपुर मजरे बासूपुर निवासी मंजीत (19) का शव घर से कुछ दूरी पर मफलर के सहारे पेड़ से लटकता मिला। इससे गांव में हड़कंप मच गया। मृतक के भाई सुरजीत पुत्र स्व0 जीवनदास ने गांव के ही एक युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई है। उसका आरोप है कि आरोपी चार मई की रात शराब के नशे में पट्टीदार के घर ईट गुम्मा फेंक रहा था। भाई द्वारा मना करने पर उसने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। बताया कि उसका भाई पड़ोस के गांव गोसाई के पूरा में नौटंकी नाच देखने गया था। सुबह घर न पहुंचने पर भाई ने फोन मिलाया था। फोन न उठने पर उसकी खोजबीन की गई। तो सड़क के किनारे उसका पेड़ से लटकता हुआ शव देखा। निरीक्षक मोहम्मद अरशद ने बताया मृतक की जेब से मिला मोबाइल कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। वहीं इसी थाना क्षेत्र के ग्राम परसपुर बेरूगंज निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रमाकांत तिवारी के पुत्र धर्मविजय (30) का भी गांव के बाहर डिहवा बाग में गमछे के सहारे आम के पेड़ से लटकता हुआ शव ग्रामीणों ने देखा। सूचना मृतक के परिजनों को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई।

सन् राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्रा – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्रा– आजमगढ, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010

Mahindra Rise.
TAKE THE HIGHROAD TO SUCCESS WITH MAHINDRA
SUN RISE TRUCK & BUS
(A UNIT OF SUN INFRAENGINEERING PVT.LTD.)
Authorised Dealer: Mahindra & Mahindra Ltd. Truck & Bus Division

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales – Lucknow / Ayodhya
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE – Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE – Ayodhya Territory – Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry.
Share your CV/Resume at accounts.manager@suninfra.org Mob: 9335946003

# फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में 13 प्रत्याशी

## किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस, चुनाव चिंह्न आवंटित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में नामांकन वापसी के दिन सोमवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। अब 54-फैजाबाद लोक सभा क्षेत्र से 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। नाम वापसी की प्रक्रिया का समय पूरा होने के बाद रिटर्निंग अफसर व जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने प्रत्याशियों को चुनाव चिंह्न आवंटित कर दिए।

नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, सोमवार को नामांकन पत्रों की वापसी का दिन था। निर्धारित समय दोपहर तीन बजे तक किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इसके बाद नामांकन पत्र दाखिल किए हुए सभी 13 प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए। प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को पार्टी के चुनाव निशान प्रदान किए गए। इस अवसर सामान्य प्रेक्षक पी. आकाश, सहायक रिटर्निंग अफसर/उपजिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा सहित नामांकन से सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रत्याशी को चुनाव चिह्न प्रदान करते हुए।

### कमल, साइकिल, हाथी के साथ चक्की, रोलर भी चुनाव चिंह्न

रिटर्निंग अफसर से आवंटित किए गए चुनाव चिह्नों में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को कमल, सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को साइकिल, बसपा प्रत्याशी सच्चिदानन्द को हाथी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया प्रत्याशी अरविन्द सेन को बाल और हँसिया, राष्ट्रीय जनशक्ति समाज पार्टी प्रत्याशी अनिल कुमार रावत को चक्की, भारत महापरिवार पार्टी प्रत्याशी अंबरीश देव गुप्ता को रोड रोलर, मौलिक अधिकार पार्टी प्रत्याशी कंचन यादव को आटो–रिक्शा, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी बृजेन्द्र दत्त त्रिपाठी को बल्लेबाज, निर्दल अरूण कुमार को क्रेन, निर्दल जगत सिंह को गन्ना किसान, निर्दल फरीद सलमानी को चारपाई, निर्दल लाल मणि को बैटरी टॉर्च, निर्दल सुनील कुमार भट्ट को केतली चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है।

### प्रेक्षक ने किया मीडिया प्रमाणन सेल का निरीक्षण

**अयोध्या कार्यालय।** निवार्चन आयोग से भेजे गए व्यय प्रेक्षक विश्वास सोप्नाराव मुंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किए गए मीडिया प्रमाणन व मॉनिटरिंग समिति कार्यालय और कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन सम्बंधी व्यय विवरण, आंकलन जैसे बिंदुओं पर जानकारी ली। मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण कार्यों के बारे में क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी/सहायक एमसीएमसी मयंक तिवारी से अब तक की गई निर्वाचन सम्बंधी पैड न्यूज, प्रकाशित खबरें, न्यूज मॉनीटरिंग, विज्ञापन अनुमति आदि बिंदुओं पर जानकारी ली। सीटीओ व प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण ममता सिंह ने बताया कि यदि किसी प्रत्याशी से सोशल मीडिया से प्रमोशन, बल्क एसएमएस, वॉइस कॉल के माध्यम से प्रचार किया जाता है तो इसकी सूचना कंट्रोल रुम के फोन नम्बर 05278–297499 पर दी जाएगी। इसकी सूचना व्हाटसएप्प नम्बर–945441603, 945441604, 945441605, 945441606, 9454416112 पर भी दी जा सकती है।

# संजना और अंशवीर ने किया जिले में टॉप

## सीआईएससीई में जिले के शत-प्रतिशत विद्यार्थी सफल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सीआईएससीई (काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) का 10वीं और 12 वीं का सोमवार को आया परिणाम जिले के विद्यार्थियों के लिए सुखद रहा। 12 वीं में एचसीजे एकेडमी की संजना चतुर्वेदी ने स्वार्धिक 87.5 फीसदी अंकों के साथ जिले में टॉप किया। वही 10 वीं में एचसीजे एकेडमी के अंशवीर श्रीवास्तव सर्वाधिक 93.4 फीसदी अंक के साथ जिले के टॉपर रहे।

जिले के दो विद्यालयों के सभी 69 विद्यार्थी 10 वीं में और एचसीजे एकेडमी सभी 31 बच्चे 12 वीं में सफल रहे। शत-प्रतिशत परिणाम आने पर एचसीजे अकादमी की अध्यक्ष मंजुला जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर शिक्षा जैन, एक्जीकेटिव ऑफिसर उमेश जैन, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार गुप्त, प्रशासनिक अधिकारी अशोक तिवारी, समन्वयक शिप्रा मेहरोत्रा, राजेन्द्र श्रीवास्तव व शिक्षक शिक्षिकाओ ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्यकी कामना की। परम अकादमी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुधीर राय, प्रधानाचार्या सुनीता व शिक्षकों ने मेधावियों का माल्यार्पण कर सफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

एचसीजे के 10 वीं के टॉप फाइव मेधावियों में अंशवीर श्रीवास्तव 93.4 फीसदी, कुशल सिंह 92.6 फीसदी, मानश्वी यादव 91.8 फीसदी, सिवांश चन्द्र वर्मा 91.4 फीसदी व तनिष्क त्रिपाठी 88 फीसदी अंक हासिल किये। 12 वीं में एचसीजे के टॉप फाइव मेधावियों में संजना चतुर्वेदी 87.8 फीसदी, अनेन्द्र तिवारी 87.5 फीसदी, उत्कृष्ट गुप्त 86.8 फीसदी, शयान हफीज 86.4 फीसदी व मानश जयसवाल 83.2 अंक प्राप्त किये।

अयोध्या स्थित परम अकादमी का 10 वीं का परिणाम सुखद रहा। विद्यालय के सभी 18 विद्यार्थी अव्वल अंकों के साथ सफल रहे। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुधीर राय व प्रधानाचार्या सुनीता ने विद्यालय के टॉपर्स सहित मेधावियों का मुंह मीठा कर बधाई दी। विद्यालय की प्राची सिंह 86.4 फीसदी अंकों के साथ जिले में दूसरे स्थान पर तथा विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहीं। विद्यालय में दूसरे स्थान पर 82 फीसदी के साथ शिवानी, 81 फीसदी के साथ हिमांशु यादव तीसरे स्थान पर रहे।



खुशी से उछलते एचसीजे स्कूल के उतीर्ण छात्र-छात्राएं। अमृत विचार


टापर संजना चतुर्वेदी को मिठाई खिलाते पिता संजीव चतुर्वेदी।


एचसीजे में 93 .4 प्रतिशत अंक पाने वाले अंशवीर को मिठाई खिलाते पिता।


परीक्षा परिणाम आने के बाद परमा अकादमी के मेधावियों के चेहरे पर झलकी खुशी।

# स्नान करने के बाद मोदी ने किये थे रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में रोड-शो में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार शाम अपने निर्धारित कार्यक्रम से 18 मिनट देर से पहुंचे थे। इसके बाद रोड-शो में पहुंचने में भी उन्हें समय लग गया था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसका कारण स्पष्ट किया है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की ओर से सोमवार को जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री ने स्नान करने के बाद ही रामलला के दर्शन किये थे।

**▸▸ पीएम के रोड-शो में देरी से पहुंचने का एक कारण आया सामने**

बताया कि प्रधानमंत्री के दर्शन कार्यक्रम में देरी का एक प्रमुख कारण उनकी सूक्ष्म भक्ति रही। एक तो चुनावी व्यस्तता के चलते वह विलंब से पहुंचे। अत्यंत भक्ति भाव वाले प्रधानमंत्री ने स्नान करके वस्त्र भी बदले, फिर दर्शन-पूजन के लिए मंदिर पहुंचे। चंपत राय ने बताया कि प्रधानमंत्री के स्नान की व्यवस्था परिसर में ही की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि प्राण प्रतिष्ठा में भी वह स्नान करने के तुरंत बाद ही कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे।

# नवंबर तक पूरा हो जाएगा राममंदिर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय समीक्षा बैठक के दौरान राम मंदिर के शिखर तक के कार्य को पूरा करने और सप्त मंदिरों के निर्माण की डेडलाइन नवंबर तय कर दी गई। परकोटे का निर्माण भी मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा। समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में दूसरे दिन सोमवार को हुई बैठक से पहले जन्मभूमि परिसर के सभी निर्माण स्थलों का निरीक्षण भी किया गया।

चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परकोटे की कुल लंबाई 800 मीटर है। परकोटा मंदिर की सुरक्षा की अंतिम दीवार है। जो मंदिर के चारों तरफ परिक्रमा के लिए भी उपयोगी होगा। इसलिए इसकी डिजाइन भी इस प्रकार की गई है। परिक्रमा करने वाले दर्शनार्थी मंदिर की तरफ दर्शन करते रहेंगे। बाहर सुरक्षा की दृष्टि से दीवार बनी हुई है, जिसमे लगभग 112 झरोखे डिजाइन किए गए हैं। 100 स्थान चिह्नित कर पैनल लगाए जाएंगे। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम के गुणों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन सभी के बारे में एक रूलर बनेंगे, जो परकोटे में प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परकोटा निर्माण के लिए लगभग 10 स्थान बांट कर कार्य किया जा रहा है। यह कार्य बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि मंदिर में लगभग 4.50 लाख घन क्यूब बंसी पहाड़पुर राजस्थान के पत्थर लगाये जा रहे हैं। परकोटे में लगभग आठ लाख घन क्यूब पत्थर लगाए जाएंगे। यह निर्माण कार्य इतना बड़ा है इसलिए यह कार्य हमारे लिए चुनौती पूर्ण है। इस कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा करने में कठिनाई है। एलएंडटी के इंजीनियर इस बात की जानकारी साझा कर रहे हैं की गुणवत्ता से साथ ही कार्य किया जाएगा। प्रयास है कि मंदिर के साथ-साथ सप्त मंदिर और परकोटे के कार्य को पूरा किया जा सके। यह कार्य दिसंबर तक पूरा नहीं हो पाता है तो अगले तीन महीने निर्माण कार्य में और लग जाएंगे। मंदिर और सप्त मंदिर का निर्माण निश्चित रूप से नवंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। परकोटा के अंदर एक धार्मिक पद्धति पंचायती की भी होती है, जिसके अंतर्गत छह मंदिर बनेंगे, जिसमें भगवान शिव, हनुमान जी, गणेश और माता अन्नपूर्णा की रसोई भी बनाई जाएगी। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि यह रसोई इसलिए बहुत ही उपयोगी है क्योंकि जब मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था तो उस दौरान एक सीता रसोई मंदिर थी। वह बहुत ही जर्जर हालत में थी। परकोटे की परिधि में माता अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जा रहा है। इसमें भगवान का भोग बनेगा और उन्हें चढ़ाया जाएगा।


अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय का निरीक्षण कर वापस लौटते चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र।

### पांच कर्मचारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने संग्रहालय की पूरी जानकारी रखने वाले पांच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तैनात कर दिया है। वर्तमान में लगभग पांच कर्मचारी संग्रहालय की व्यवस्था के लिए तैनात हैं। सोमवार को निर्माण समिति की बैठक की दूसरी पाली में चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय नेहरू म्यूजियम के एक्सपर्ट के साथ बैठककर भवन को भव्यता दिए जाने पर मंथन किया। अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप में डिजाइन को तैयार करने का निर्देश दिया।

स्वच्छ भारत मिशन | देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के मॉडल पर रामनगरी में शुरू हुआ काम

# दो साल बाद दिखेगी इंदौर जैसी सफाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर वासियों के लिए खुशखबरी है। अयोध्या को साफ-सुथरा बनाने के लिए देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की तर्ज पर काम शुरू हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शुरू हुए इस अभियान के तहत दो वर्ष में अयोध्या को इंदौर मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए इंदौर की टीम को अयोध्या में उतारा गया है। टीमें जुटी हुई हैं। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो 2027 में अपना अयोध्या भी देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल हो जाएगा।

### टीम को अयोध्या में उतारा गया

#### अयोध्या का देश में 100वां व प्रदेश में 15वां स्थान

देश में हर वर्ष स्वच्छता का सर्वेक्षण होता है। सर्वेक्षण से पहले टीमें शहरों का सर्वे कर जाती हैं। उसके बाद रैंकिंग जारी करती हैं। अभी स्वच्छता के मामले में अयोध्या का देश में 100वां व प्रदेश में 15 वां स्थान है।

अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद से नगर निगम का सबसे अधिक जोर सफाई पर ही है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी भी हर जगहों पर सफाई के लिए अपील भी करते दिखते हैं। अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। इसलिए सफाई का जिम्मा संभाल रहे नगर निगम के सामने चुनौतियां अपार हैं। इसके लिए अब अयोध्या ने इंदौर मॉडल को अपनाने के लिए वहीं की एक कंपनी से अनुबंध किया है। इंदौर की कंपनी डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्विसेज के प्रोजेक्ट इंचार्ज नवीन परदेशी ने बताया कि हमारी टीम को दो वर्ष का लक्ष्य मिला है। हमने अप्रैल में ही काम शुरू कर दिया। सभी वार्डों में टीम के सदस्य रखे गए हैं।

### सफाई बढ़ाने के लिए होंगे ये काम

- डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन शत प्रतिशत कराएंगे।
- गीला और सूखा कचरा शत प्रतिशत अलग–अलग कराएंगे।
- पौधरोपण के लिए लोगों से अपील की जाएगी।
- व्यवसायिक में दो व रिहायशी इलाकों में रोजाना एक बार सफाई कराएंगे।
- कचरे से घर में खाद बनाने की भी लोगों को तकनीक बताई जाएगी।

“श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। इसी के साथ ही सफाई कराना भी चुनौती है। इंदौर की कंपनी ने कार्य शुरू कर दिया है। जल्द ही अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। **–अनिल कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम**”

राज राजेश्वरी हास्पिटल
सेवा की चाहत एवं क्षमता
A BECON OF HOPE & HEALTH
एडवांस न्यूरो ट्रामा एवं मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल
नहरबाग–फैजाबाद–अयोध्या (निकट वीमार्ट)
राज राजेश्वरी फाउन्डेशन द्वारा संचालित

डा. विनीत सिंह
M.B.B.S., MS, M.Ch. न्यूरो सर्जरी (एम्स)
न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
ईलाज
सिर की चोट, ब्रेन का ट्यूमर, फालिज/ब्रेन, हैमरेज/लकवा, सिरदर्द (माइग्रेन), मिर्गी के, दौरे/बेहोशी, दिमागी बुखार, रीढ़ की चोट/फ्रैक्चर, रीढ़ में गाँठ/ट्यूमर, कमर दर्द, लड़खड़ाहट/झुनझुनी, सायटिका/स्लिप डिस्क, नसों का रोग

डॉ. दिलीप कुमार झा
M.B.B.S., (जनरल फिजीशियन)
मेडिकल आफीसर (पूर्व) C.R.I.
विश्व स्वास्थ्य संगठन (भारत सरकार)
M.O. इण्डस हास्पिटल शिमला
विशेष अनुभव–
डायविटीज, हृदय एवं श्वांस सम्बन्धी रोग, गठिया उदर विकार, गुर्दा रोग आदि

डॉ. जे.पी. सिंह
M.B.B.S., DIP Card
हृदयरोग विशेषज्ञ
ईलाज
सीने में दर्द, हार्ट अटैक
सुगर, ब्लड प्रेसर, टी.बी., उदर रोग, पीलिया, स्वांस रोग,

डॉ. जोया वर्मा
M.B.B.S., D.G.O.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ईलाज
बिना दर्द के नार्मल डिलिवरी एवं सिजेरियन
गर्भावस्था के दौरान झटके आना
अनियंत्रित ब्लड प्रेसर
गर्भावस्था के दौरान प्रसूता की सम्पूर्ण देखभाल
बच्चेदानी की गांठ एवं बच्चेदानी का बाहर आना
सन्तानहीनता या बार-बार गर्भपात होना

डॉ. धर्मेन्द्र कुमार
M.S. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ईलाज
अस्थि एवं जोड़ रोग
समस्त आर्थोपैडिक ऑपरेशन की सुविधा
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण

डॉ. गौरव श्रीवास्तव
M.B.B.S., M.S. (ENT)
(नाक, कान, गला रोग विषेशज्ञ)
ईलाज
नाक, कान एवं गले के समस्त ऑपरेशन, थायराइड, पैरोटिड, नाक एवं मुँह से खून आना, नाक, कान गले से सम्बन्धित कैंसर के जाँच की सुविधा

डॉ. कुँवर वैभव
(M.B.B.S., M.D. (PSY) M.I.P.S.
(न्यूरोसाइकियाट्रिस्ट)
मानसिक एवं मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ

इमरजेन्स सेवा 24 घण्टे
उपरोक्त सभी बीमारियों का ईलाज हर समय प्रतिदिन उपलब्ध है
9415937193, 9455401385, 8756575054

## सार-संक्षेप

### शिक्षा के बिना जीवन अधूरा : रामचंद्र


मेधावी छात्रा और अभिभावक को सम्मानित करते विधायक।

**अयोध्या। अमृत विचार :** बच्चे देश के भविष्य है। राष्ट्र निर्माण के लिए इनकी भागीदारी बहुत जरूरी है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। यह बातें सोमवार को रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण इंटर कॉलेज पलिया माफी शाहगंज में मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहीं। अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को विधायक ने शील्ड, सम्मान पत्र सहित गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रबंधक विनोद तिवारी, प्रधानाचार्य मयूरी तिवारी और शिक्षक शिक्षिकाएं समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

### मेरा आंगन-मेरी हरियाली अभियान की शुरुआत


पौधरोपण करते अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मेरा आंगन-मेरी हरियाली अभियान की शुरुआत सोमवार को नगर निगम परिसर से की गई। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक कमल कुमार व सफाई व खाद्य निरीक्षक देवी शुक्ला मौजूद रहे। सहायक संस्था डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्विसेज और एसबीएम टीम ने आम लोगों से भी पौधे लगाने की अपील की। बताया कि यह अभियान मई भर चलेगा।

### दो दिन से मदरसा के दो छात्र लापता

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** शहर के मदरसा जामिया चिश्तिया खानका शेखुल आलम के दो छात्र दो दिनों से लापता है। उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली रुदौली में दर्ज की गई है। मदरसा के अध्यापक मोहम्मद इरफान ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि दरगाह शरीफ रुदौली में जामिया चिश्तिया खानका शेखुल आलम मदरसा चल रहा है। चार अप्रैल की शाम मदरसे में हाफिजा के दो छात्र हसन राजा पुत्र बाबर निवासी गाजीपुर और फैयाज आलम पुत्र रियाजुद्दीन निवासी कैथी कैमूर बिहार बताए कहीं चले गए हैं। दोनों छात्रों की तलाश की गई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि दो छात्रों के गायब हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### वांछित 25 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे 25 हजार के ईनामी बदमाश को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सीओ मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने इनायतनगर थाने व यूपी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी छह माह से वांछित आरोपी नबाव (36) निवासी ग्राम सम्भलहेडा थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर को रामगंज स्कूल के पास हाईवे से गिरफ्तार किया। उस पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित था। आरोपी पर थाना इनायतनगर में गैंगस्टर एक्ट व पशु क्रूरता में भी केस दर्ज है।

### किसान को नहीं कर रहे जमीन का बैनामा, केस दर्ज

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** जमीन खरीदने के लिए किसान को धनराशि देने के बाद भी जमीन का बैनामा नहीं किया जा रहा है और धनराशि वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। लखनऊ के वीरेंद्र कुमार पांडेय ने सदौली उमरपुर के रामप्रताप के माध्यम से इसी गांव के सम्पदा देवी व इनके बेटे मनीष व की जमीन खरीदने के लिए करीब आठ साल पहले बात हुई थी। पीड़ित द्वारा अब तक करीब 29,34000 रुपये भी दिए जा चुके हैं। कुछ जमीन का एग्रीमेन्ट किसान से बात होने के बाद कर दिया था, लेकिन अब जमीन का बैनामा कराने को लेकर इन लोगों के द्वारा अनाकानी की जा रही है,और अब रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने धोखा धड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

# 20 मई से 41 दिनों तक घर में चलेगी पाठशाला

## बच्चों में पढ़ाई की निरंतरता बनाए रखने के लिए अभिनव प्रयोग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इस बार गर्मियों की छुट्टी को लेकर एक अभिनव प्रयोग किया जा रहा है। बच्चों में पढ़ाई की निरंतरता बनी रहे इसके लिए छुट्टी के दौरान भी अध्ययन कार्य कराया जायेगा। इसके लिए कुल 41 दिनों का शेड्यूल बनाया जा रहा है। जब छुट्टी के दौरान ऑनलाइन और ऑफलाइन बच्चों को दो घंटे तक पढ़ाया जा सके।

जिले में कुल 1792 परिषदीय विद्यालय हैं। जहां ढाई लाख से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सभी 12 खंड शिक्षा क्षेत्रों में संचालित इन स्कूलों की जिम्मेदारी 12 हजार से अधिक शिक्षकों पर है।

> गर्मी की छुट्टी में पढ़ाई को लेकर आदेश मिला है। अभी 15 दिनों का समय है। खंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक बुला कर कार्यक्रम तय किया जाएगा। – **संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से आदेश आया है कि गर्मी की छुट्टियों में भी पढ़ाई हो इसके लिए बच्चों के घरों में पाठशाला संचालित की जाए। यह पाठशाला ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों हो सकती है। निर्देश दिया गया है बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रत्येक खंड से 46 से 50 शिक्षकों का समूह बना लें। जो बच्चों को एक समय सारिणी बना कर एक से दो घंटे की कक्षा दे सके।

आदेश में कहा गया है कि आमतौर पर यह देखने में आया है कि बच्चे जब छुट्टी के बाद स्कूल आते हैं तो पढ़ाई की उनकी तारतम्यता बनाने में समय लगता है। यही वजह है कि विभाग ने निर्णय लिया है कि गर्मी व जाड़े की छुट्टियों में घर में पढ़ाई को बढ़ावा दिया जाए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कहा है कि अभिभावकों को प्रेरित किया जाए कि ऑनलाइन शैक्षिक कंटेंट का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि दीक्षा, खान एकेडमी, स्विफ्टचैट, एंबाइब पर उपलब्ध डिजिटल शैक्षणिक कंटेंट उपलब्ध है। इसके प्रयोग से छुट्टियों में आसानी से पठन-पाठन किया जा सकेगा। इसके लिए गृह कार्य के साथ प्रोजेक्ट भी दिए जाए।

## जानलेवा हमले में पिता पुत्र को सात साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जानलेवा हमले के एक मामले में कोर्ट ने जटाशंकर गोस्वामी और उसके पुत्र राजेंद्र को दोषी पाते हुए सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 35 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज नूरी अंसार की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस ने बताया की घटना 30 जनवरी 2014 की है। वादी रामजस निवासी मेड़ई गोसाई का पुरवा थाना मवई के बड़े भाई दयानंद गोस्वामी बाइक से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में जटाशंकर गोस्वामी और उसके पुत्र राजेंद्र गोस्वामी ने रोक लिया और राजेंद्र गोस्वामी ने तमंचे से उन्हें गोली मार दी। गोली दयानंद के पेट में लगी। सूचना पर रामजस मौके पर पहुंचे और उन्हें चिकित्सालय पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। काफी दिन इलाज के बाद वह स्वस्थ हुए। इसकी रिपोर्ट बाप बेटे के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में लिखाई गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए दोनों को सजा दी।

# सोहावल अधिवक्ता संघ की हड़ताल जारी

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल तहसील में बार और बेंच के बीच तालमेल बिगड़ जाने से अधिवक्ताओं की हड़ताल लंबी खिंचने के आसार बढ़ गए है। तीन दिनों से चल रही हड़ताल सोमवार को भी जारी रही।

अधिवक्ताओं ने कुछ भूमि विवाद में न्याय न मिलने के साथ अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष पीडी तिवारी मामले में कोई सही कदम न उठाए जाने से नाराजगी जताई। न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव देकर हड़ताल पर चले गए। नायब तहसीलदार न्यायालय के बाहर बैनर टांग कर यह बताने का प्रयास किया गया कि अधिवक्ताओं की हड़ताल शोक प्रस्ताव पर है न कि किसी अन्य मामले को लेकर है। यह बात दिन भर अधिवक्ताओं में आक्रोश का कारण बनती रही और वादकारी भी तहसील प्रशासन पर भड़कते रहे। बार एसोसिएशन सोहावल के अध्यक्ष लखनधर त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ताओं की हड़ताल का प्रस्ताव अधिवक्ता साथी पी डी तिवारी मामले सहित कुछ विवादित मामलों में न्यायिक अधिकारियों की लापरवाही को लेकर है। कोई शोक के कारण नहीं है। तहसीलदार सोहावल विनोद चौधरी ने कहा कि बैनर पर शोक प्रस्ताव गलत लिख गया है लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल चल रही है। इससे न्यायिक कार्य बाधित है।


सोहावल में नायब तहसीलदार न्यायालय के सामने टंगा हड़ताल का बैनर।

# 14 बच्चे बने चैंपियन, 14 गोल्ड टॉपर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** ब्रेन-ओ-ब्रेन पूर्वी उत्तर प्रदेश फेस्ट 2024 के तहत गोरखपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल में जोनल कंपीटिशन का आयोजन हुआ। इसमें छह जिलों के बच्चों ने प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अयोध्या सिविल लाइन्स व नाका ब्रांच के 100 बच्चे शामिल हुए थे। जिसमें 14 बच्चे चैंपियन रहे व 14 गोल्ड टॉपर बने। छह वर्ष के लविक राजपाल चैंपियन व अभितेंद्र सिंह चैंपियन ऑफ द चैंपियन बने।

ब्रेन ओ ब्रेन के यूपी रीजनल हेड अनुराग खेतान ने बताया कि प्रतियोगिता में अयोध्या, वाराणसी, आजमगढ़, बस्ती, गोंडा और गोरखपुर के प्रतिभागी पहुंचे थे। प्रतियोगिता सुबह साढ़े 9 से दोपहर दो बजे तक चली। इसके बाद शाम साढ़े पांच बजे परिणाम घोषित किया गया। उसके बाद सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में आजमगढ़ प्रथम व गोरखपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया। अयोध्या का बच्चों का परिणाम 99 प्रतिशत रहा। अयोध्या फ्रेंचाइजी रेखा राजपाल, ज्योति बत्रा व सोनी हिमानी ने बताया कि बच्चों के मानसिक विकास के लिए समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इससे बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं का भी ज्ञान होता है। जो भविष्य में उनके कॅरिअर में खासा सहायक होता है


ब्रेन–ओ–ब्रेन की प्रतियोगिता में शामिल हुए अयोध्या के बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

**प्रतियोगिता**

- गोरखपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुआ ब्रेन-ओ-ब्रेन का जोनल कंपीटिशन
- अयोध्या, वाराणसी, आजमगढ़, बस्ती, गोंडा और गोरखपुर के पहुंचे थे प्रतिभागी


चैंपियन लविक राजपाल।


चैंपियन अभितेंद्र को सम्मानित करते उप्र रीजनल हेड अनुराग खेतान।

## देश में 25 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह : कमलेश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में सोमवार को इग्नू शिक्षार्थियों के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर का एक्सपोजर विजिट किया गया। मुख्य अतिथि जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड कमलेश यादव ने छात्रों को ग्रामीण विकास कार्यक्रमों से अवगत कराया। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र में छोटी-छोटी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वयं सहायता समूह का विशेष योगदान है। वर्तमान में देश में लगभग 35 लाख से ज्यादा स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। उन्होंने छात्रो को स्वरोजगार शुरू करने के लिए नाबार्ड एवं अन्य बैंकिंग संस्थाओं से वित्तीय सहायता, वित्तीय अनुदान प्राप्त करने हेतु जानकारी प्रदान की। अध्यक्षता कर रहीं इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए युवाओं की सर्वाधिक उपयोगिता है। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि छात्रों के समुचित विकास हेतु इग्नू के व्यावसायिक पाठ्यक्रम अत्यंत उपयोगी है। इस मौके पर प्रो. डॉ. रामजीत सिंह यादव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. श्रीष अस्थाना, सूरज सिंह, डॉ. महेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# आत्मविश्वास को मजबूत करता व्यक्तित्व विकास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में छात्र-छात्राओं के लिए एक सप्ताह का पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंदौर के चार्टर्ड एकाउंटेंट के घनश्याम सिंह ने कहा कि इंडस्ट्री में आने के लिए स्किल का होना बहुत जरूरी है। पर्सनालिटी डेवलपमेंट आत्मविश्वास को मजबूत करता है। इससे टीम भावना विकसित होती है। अध्यक्षता करते हुए व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि इस तरह के कोर्स आपके जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि प्रो. जसवंत सिंह ने कहा कि आपके जीवन में स्किल महत्त्वपूर्ण रोल प्ले करती है। अगर स्किल्ड होंगे तो आपकी माँग सब जगह होगी। प्रो. नीलम पाठक ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पर्सनालिटी का उपयोग हर जगह होता। आप एक दिन में पर्सनालिटी डेवेलप कर सकते हैं। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने दिया। इसमें गुरुनानक पीजी कॉलेज, बीएनएस पीजी कॉलेज, संत भीखदास पीजी कॉलेज, भगवान बक्स सिंह पीजी कॉलेज के 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. श्रीष अस्थाना, डॉ. निमिष मिश्रा, डॉ. आशुतोष पांडेय, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. अनिता मिश्रा आदि मौजूद रहे।


अवध विश्वविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

- अवध विश्वविद्यालय में चार कॉलेजों के 50 छात्रों को प्रशिक्षण

## किसानों, शोषितों के अगुआ थे अतुल अंजान : गोप

**बाराबंकी : अमृत विचार :** कॉमरेड अतुल अनजान किसानों, शोषितों और मजदूरों के अगुआ थे। उनका जीवन संघर्ष और बलिदान की गाथा है। वह जब बोलते तो सभा में जोश भर जाता। वह छात्र राजनीति में हमारे पसंदीदा नेता रहे हैं। वह समतावाद की मजबूत आवाज थे। ये बात गांधी भवन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता अतुल कुमार अनजान के निधन पर सोमवार को आयोजित स्मृति सभा में मुख्य वक्ता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि अतुल अनजान के निधन से छात्र, किसान एवं श्रमिक वर्ग आंदोलन के लिए एक बड़ी क्षति है।

## युवक ने फंदा लगाकर जान देने का किया प्रयास

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** गंगाराम पुरवा निवासी कुलदीप (38) पुत्र राम सजीवन ने घर के कमरे में लगे पंखे पर फंदे लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो वे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरानगर ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल से युवक को लखनऊ रेफर किया गया है। ग्रामीणों द्वारा फांसी लगाने का कारण पत्नी से विवाद होना बताया जा रहा है।

# देशवासियों को मिलेगी न्याय की गारंटी : तनुज पुनिया


बैठक को संबोधित करते गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने सोमवार को सपा के सदर विधायक धर्मराज सिंह यादव उर्फ सुरेश यादव के साथ विकासखण्ड देवा के खेवली, पीड़, मित्तई, टेरा खुर्द व विकासखण्ड बंकी के सुरसंडा में जनसंपर्क किया।

इस दौरान तनुज पुनिया ने कहा कि चुनाव में हम 5 न्याय एवं 25 गारंटी वाला न्याय पत्र लेकर उतरे हैं। उसी न्याय पत्र से हम देश की 140 करोड़ आबादी को न्याय की गारंटी देने जा रहे हैं। देश के हर डिग्रीधारक नौजवान को एक लाख रुपये सालाना मिले, गरीब परिवार की महिला को 1 लाख सालाना मिले इसके लिए आपको समर्थन देना होगा। वहीं सपा विधायक सुरेश यादव ने कहा कि देश में नफरत फैलाने वाली, महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था पर बात न करने वाली ताकतों के खिलाफ बुलंद आवाज उठाने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन किया गया है। अखिलेश यादव व राहुल गांधी ने दर्जनों दलों के साथ मिलकर इस देश के संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र को बचाने का जो बीड़ा उठाया है, उसी को ताकत देने और समस्याओं को संसद में उठाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी का समर्थन करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं0–**
**याँ / 301 / इज्जत / 24–25 / ओटी–03**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदापत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं,

**क्रम सं0 1:–कार्य का संक्षिप्त विवरण:** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 4064 आईसीएफ, एलएचबी, डेमू/मेमू स्पार्ट टीसी और एनएमजीएचएस बोगी घटकों की स्ट्रिंपिग (कार्य के दायरे के अनुसार) का कार्य/02 वर्ष की अवधि के लिए। अनुमानित मूल्य (रु0 में): ₹ 4624578.88 (छियालीस लाख चौबीस हजार पांच सौ अठहत्तर रूपये एवं अट्ठासी पैसे मात्र), जमानत राशि (रू0मे): ₹ 92500.00 (रू बानवे हजार पाँच सौ मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, कार्य अवधि: दो वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समय: दिनांक 27.05.2024 को 15.30 बजे,

**नोट:–1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 03.05.2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 27.05.2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2.उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। 4. ई–निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैंकिग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

**उपमुयाँइ / उत्पादन, यांत्रिक कारखाना**
**मुजाधि / यांत्रिक–11 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र शुभांक सिंह चौहान व पुत्रवधू शिखा सिंह के गलत कार्य व व्यवहारों से व्यथित होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उनके द्वारा किए गये किसी भी लेन-देन व क्रिया-कलापो से मेरा एवं मेरे परिवार के अन्य सदस्यो से कोई वास्ता एवं सरोकार नहीं होगा। **–सुरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व0 रघुराज सिंह चौहान, निवासी– 549/282क बड़ा बरहा, पी.आर.डी. ग्राउण्ड, आलमबाग, लखनऊ**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र और सह प्रमाण पत्र वर्ष 2023 रोल नंबर 1232714985 वास्तव में कहीं खो गया है। **–श्रषभ मिश्रा पुत्र ईश्वर शरन मिश्रा निवासी ग्राम भरहापारा वजीरगंज जिला, गोंडा।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा नाम ज्ञानचंद पुत्र शिव प्रसाद है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम ज्ञानी अंकित हो गया है जो कि पूर्णतया गलत है। अब मुझे ज्ञान चंद के नाम से जाना व पहचाना जाए। **–ज्ञानचंद पुत्र शिवप्रसाद, निवासी– अहियाचेत, थाना कौड़िया, तहसील– करनैलगंज, जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र श्याम जी पुत्र राम कृपाल द्विवेदी व उसकी कथित पत्नी रेनू को इनके गलत आचरणों, चाल –चलन के कारण व इनके संसर्ग से उत्पन्न संतानों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रही है। मैं व मेरे पति राम कृपाल से इनके द्वारा गैरकानूनी कार्यो व लेन–देन किये जाने पर कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। उपरोक्त स्वयं जिम्मेदार होंगे। **–श्रीमती रेखा पत्नी राम कृपाल द्विवेदी, निवासिनी– ग्राम– बजेहटा, थाना–ललपुरा, तहसील– मौदहा, जिला– हमीरपुर उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD ARIF SARKAR FAIZY से बदल कर MOHAMMAD ARIF SARKAR रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। -MOHAMMAD ARIF SARKAR S/O AFAQ AHMAD, निवासी- 617/335, UJRION, VIJAY KHAND -2 LUCKNOW, ERAM GIRLS SCHOOL GOMTI NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भारतीय सेना में NK, ACP (HAV) के पद से सेवानिवृत हो गया है। तथा मेरा नम्बर 14583597 H है। मेरा आर्मी रिकार्ड में नाम प्रमोद कुमार, (PROMOD KUMAR) अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य सभी प्रमाण पत्रो में मेरा नाम प्रमोद कुमार (PRAMOD KUMAR) अंकित है। जो कि सही है। अब इसी नाम से लिखा व जाना जाये। **–प्रमोद कुमार पुत्र यातेन्द्र नारायण, निवासी– भैंसोल मकान नं0– 155 परगना व तहसील – विधूना जिला – औरैया, मो0– 6280310392**

**सूचना**

सूचित हो कि मै नं. JC481588X **सूबेदार सन्तोष कुमार पाण्डेय पुत्र पुत्तू लाल पाण्डेय यूनिट 24बी बटालियन दि राजपूत रेजीमेंट,** मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरे पिता की जन्मतिथि 01.07.1949 दर्ज है जबकि उनकी सही जन्मतिथि 16.02.1954 है तथा मेरी माता का नाम SHUSHEELA तथा जन्मतिथि 01.07.1954 दर्ज है जबकि सही नाम SUSHEELA तथा जन्मतिथि 25.03.1956 है। अत: मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 16.02.1954 तथा माता का सही नाम SUSHEELA तथा सही जन्मतिथि 25.03.1956 दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा विवाह के पूर्व नाम गीता देवी था किन्तु गोपाल दीक्षित से विवाह होने के पश्चात ससुराल पक्ष की रूतियों एवं रीति रिवाजो के अनुसार मेरा नाम गीता दीक्षित हो गया है जिस कारण मुझे गीता दीक्षित के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाय तथा अभिलेखो मे मेरा नाम गीता दीक्षित दर्ज किया जाय । –श्रीमती गीता दीक्षित पत्नी श्री गोपाल दीक्षित पुत्री स्व0 शम्भूनाथ मिश्रा निवासिनी–म0 नं0 592/146 रथीन्द्र नगर तेलीबाग, लखनऊ

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मेरा बैंक आफ बड़ौदा शाखा संडीला में बचत खाता जूनियर हाईस्कूल अंकपत्र के आधार पर खोला गया था जिसमे मेरा नाम राकेश कुमार है किंतु त्रुटिवश पासबुक पर राकेश कुमार गुप्ता हैजबकि अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम राजेश कुमार गुप्ता है। यह दोनो नाम मेरे है अलग अलग व्यक्ति नही है। सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर यदि किसी को आपत्ति हो तो बैंक आफ बड़ौदा में कर सकता है। **–राजेश कुमार गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता, निवासी– ग्राम समद खेड़ा मजरे मीतो, जिला– हरदोई**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रेखा रानी पत्नी मनेन्द्र कुमार, निवासिनी–41, अल्हैयारपुर, फूना, फीना, बिजनौर, उ.प्र., मेरे पति मनेन्द्र कुमार आर्मी नं.–4202728P के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रेखा देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम रेखा रानी है। अत: मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेखा रानी दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रिया सिंह पुत्री जितेंद्र सिंह मेरा बीएससी होम साइंस वर्ष 2010, 2013 रोल नंबर फाइनल ईयर का 947316 तथा एनरोलमेंट नंबर U 1011018 इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की डिग्री थी जो वास्तव में खो गई है। **– प्रिया सिंह पुत्री जितेंद्र सिंह पता प– 1 नेह निकुंज कालोनी, बघाम्बरी गद्दी, अल्लापुर प्रयागराज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **आसिफ खान पुत्र माजिद, निवासी– जमाल नगर, गैर एहतमाली, तहसील–सफीपुर, जनपद– उन्नाव,** पहले मेरा नाम आसिफ हुसैन पुत्र माजिद था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम आसिफ खान रख लिया है । भविष्य में मुझे आसिफ खान के नाम से जाना– पहचाना व समस्त अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी एन.पी. बोर रायफल सं0 – ए0बी0 –05–4982 आफ 315 बोर व लाइसेन्स सं0 –9034/फतेहपुर–84 जिला उन्नाव। मेरा उक्त लाइसेन्स वास्तव में खो गया है। जिसकी द्वितीय प्रति निर्गत किया जाना आवश्यक है। **जीत बहादुर सिंह पुत्र विशम्भर सिंह, निवासी– भड़सर, नौशहरा, थाना–फतेहपुर–84, जिला उन्नाव**

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### व्यावसायिक खेती के बारे में किया जागरूक

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** राजकीय उद्यान पार्क में आयोजित किसान गोष्ठी में किसानों को परंपरागत खेती के साथ व्यावसायिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। ज्ञानप्रकाश मौर्य ने कहा कि केले, मशरूम व फूलों की खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन की तरफ भी किसानों को ध्यान देने की जरूरत है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** भारतीय कृषक उत्थान समिति की बैठक अकबरपुर नगर में आयोजित हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। गेहूं क्रय केंद्रों पर पूरी तरह से मनमानी का माहौल है। क्रय केंद्र प्रभारियों की मनमानी के चलते किसान आढ़तियों के हाथों उपज की बिक्री कर रहे हैं।

### हाईवे के किनारे मिले शव की हुई शिनाख्त

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** बसखारी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर भटपुरवा के निकट सडक़ के किनारे एक युवक का शव देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान के प्रयास में जुट गई है। युवक के शरीर के कई स्थानों पर चोट लगने के कारण आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोगों ने मिलकर उसकी हत्या कर शव को यहां लाकर फेंक दिया है। मृतक युवक की पहचान संतोष कुमार प्रजापति ग्राम बसलोहिया संतकबीर नगर के रूप में हुई है।

# हाईस्कूल में अतुल और इंटरमीडिएट में सैय्यद नकी ने किया टॉप

## आईएससीई बोर्ड के जनपद के एकमात्र विद्यालय सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज के हाईस्कूल और इंटर के छात्र परीक्षाफल देख झूम उठे

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** सोमवार को आइएससीई बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित कर दिया है। जनपद में आइएससीई बोर्ड के विद्यालय सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। आइएससीई बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल में 145 और 12वीं कक्षा में विज्ञान वर्ग में 86 व वाणिजय वर्ग में 17 छात्र-छात्राएं शामिल हुई थे। जिनमें 12वीं कक्षा के विज्ञान वर्ग में सैय्यद नकी अकबर ने 95.25 फीसद अंक पाकर पहला स्थान अर्जित किया है। श्रद्धा वर्मा ने 95 फीसद अंक प्राप्त कर दूसरे और नयन श्रीवास्तव ने 95 फीसद अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं संचित ने 94.75 फीसद अंक अर्जित कर तीसरे स्थान पर विद्यालय में जगह बनाया है।

12वीं वाणिजय वर्ग में फैजल मोइन 90.5 प्रतिशत अंक पाकर पहले स्थान पर रहे। विनायक बंका ने 78.25 फीसद अंक पाकर दूसरे और जकीरा सिद्दीकी 78 फीसद अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे। 10वीं कक्षा में अतुल दूबे 97.60 फीसद अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे। अन्नया यादव ने 97.40 फीसद अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं आयुष जायसवाल ने 96.40 फीसद अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे। सुबह से ही मेधावी अपना रिजल्ट देखने के लिए मोबाइल पर डटे रहे। दोपहर में जैसे ही बोर्ड की साइट पर रिजल्ट जारी हुआ, मेधावी खुशी से झूम उठे।

10th

97.4%

अन्नया यादव

95.4%

आर्यन यादव

97.6%

अतुल दुबे

96.4%

आयुष जायसवाल

94%

दिव्य यादव

94.8%

दृष्टि सिंह

94%

हर्षित संगम

93.6%

मयूरी गुप्ता

94.4%

शिवम यादव

93.4%


श्रेया यादव


94.6%


श्रेयस यादव



सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज के फादर विल्सन ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर किया उत्साहवर्धन।

12th

94.25%

अर्पित सिंह

92.25%

वैष्णवी

94.5%

अनुकीर्ति शुक्ला


91%

आयुषी वर्मा


90.5%


फैजल मोइन


77.75%


सानिया जहीरा


91.75%

गरिमा त्रिपाठी

95%

नयन श्रीवास्तव

93.5%

सूर्यांश बंका

95.25%

सैय्यद नकी अकबर

94.75%

संचित

95%

श्रद्धा वर्मा

78.25%

विनायक

78%

जकीरा सिद्दीकी

### सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के टॉप 10 मेधावी

सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज के 12वीं के छात्र सैय्यद नकी अकबर 95 .25 फीसद, श्रद्धा वर्मा 95 फीसद, नयन श्रीवास्तव 95 फीसद, संचित 94 .75 फीसद, अनुकीर्ति शुक्ला 94 .5 फीसद, अर्पित सिंह 94 .25 फीसद, सूर्यांश बंका 93 .5 फीसद, वैष्णवी 92 .25 फीसद, गरिमा त्रिपाठी 91 .75 फीसद, आयुष वर्मा ने 91 फीसद अंक हासिल कर कॉलेज के टॉप टेन की सूची में अपनी जगह बनाई है।

### आईएएस, डॉक्टर और इंजीनियर बनना चाहते हैं मेधावी

इंटर के टॉपर सैय्यद नकी अकबर डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। सैय्यद नकी ने अभी तक किसी भी कोचिंग का सहारा नहीं लिया है। नकी अकबर के पिता एक छोटी से ऑटो पार्ट की दुकान चलाते हैं, वहीं उनकी माता गृहणी हैं। वहीं इंटर की परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल करने वाली श्रद्धा वर्मा ने बताया कि वह नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। वहीं हाईस्कूल के टॉपर अतुल दूबे ने बताया कि वह आईआईटी कर इंजीनियर बनना चाहते हैं। अतुल के पिता शिक्षक हैं वहीं माता गृहणी हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। वहीं आयुष आईएएस बन कर देश की सेवा करना चाहते हैं। आयुष के माता-पिता शिक्षक हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।


सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज के प्रांगण में मौजूद मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## शत प्रतिशत रहा इनफैन्ट इंडिया स्कूल का परिणाम


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद प्रधानाचार्य अब्दुल कलाम खान।

**बसखारी, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। आईसीएसई और आईएससी के परिणाम में इन्फेंट इंडिया इंटरनेशनल स्कूल अशरफपुर किछौछा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। लगातार चार वर्षों से स्कूल का परिणाम-शत प्रतिशत होने पर प्रधानाचार्य अब्दुल कलाम खान ने बच्चों और कालेज स्टाफ को बधाई दी है। इस अवसर पर पूरे स्कूल के छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। परीक्षा में 20 विद्यार्थी ने गणित में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। आईसीएसई में प्रथम स्थान अनन्या वर्मा 93 .8 फीसद, द्वितीय स्थान आदर्श उपाध्याय 90 .6 फीसद, तृतीय स्थान श्रेया सिंह 88 फीसद और आईएससी में प्रथम स्थान सिंह शशांक शेखर 94 फीसद, दूसरा स्थान अंश यादव 89 .75 फीसद, तीसरा स्थान आरो कुमार ने 87 फीसद अंक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अब्दुल कलाम खान ने कहा कि देश की सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड में उत्कृष्ट स्थान प्रदान करने वाले छात्रों ने विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हम लोगों का प्रयास है कि छात्र प्रदेश और देश की मेरिट लिस्ट में भी स्थान प्राप्त करें।

### टॉप 10 मेधावी

सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज के 10वीं के छात्र अतुल दूबे ने 97 .60 फीसद अंक हासिल कर पहले स्थान पर रहे। अन्नया यादव 97 .40 फीसद, आयुष जायसवाल 96 .40 फीसद, आर्यन यादव 95 .40 फीसद, दृष्टि सिंह 94 .80 फीसद, श्रेयस यादव 94 .60 फीसद, शिवम यादव 94 .40 फीसद, हर्षित संगम 94 फीसद, दिव्या यादव 94 फीसद,मयूरी गुप्ता 93 .60 फीसद, श्रेया वर्मा 93 .40 फीसद अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप टेन लिस्ट में अपनी जगह बनाई है।

# बिना सामान खरीद लाखों का भुगतान

**▸▸ सभासदों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मामले की जांच की मांग किया**

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद में नित नए भ्रष्टाचार का खुलासा हो रहा है अपनी चहेते ठेकेदारों को नियम विरुद्ध पहले समान आपूर्ति का ठेका दिया गया और बगैर सामान सप्लाई किए लाखों रुपए फर्जी ढंग से निकाल लिया गया। सभासद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि नगर पालिका परिषद जलालपुर में मऊ जनपद निवासी ठेकेदार को वॉटर टैंक, हाथ ठेला, व्हील बैरव के साथ प्लास्टिक और स्टील का कूड़ादान खरीदने का टेंडर दिया गया। चहेते ठेकेदार ने दो टैंकर कीमत लगभग 7 लाख रुपए और हाथ ठेला की खरीदारी किया और प्लास्टिक व स्टील का कूड़ा दान खरीद ही नहीं गया। इसके बावजूद सेवानिवृत्ति ईओ व सेवानिवृत्ति बाबू ने मिली भगत कर कुल लगभग 43 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। जब यह जानकारी सभासदों को हुई तो उन्होंने इसकी जांच व कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज किया। छाछू मोहल्ला के सभासद आशीष सोनी, उस्मापुर के पूर्व सभासद रमेश मौर्य समेत अन्य ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर लिखा है कि यहां जलालपुर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ताजा मामला 43 लख रुपए से जुड़ा हुआ है, जिसमें चहेते ठेकेदार ने पानी की टंकी और ठेला आदि घटिया किस्म का खरीद लिया है, लेकिन सभी वार्डों में एक भी कूड़ेदान नजर नहीं आ रहा है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी ने बताया कि पूरे नगर में कहीं पर भी स्टील का डस्टबिन लगा ही नहीं है।

सभासद रमेश मौर्य ने बताया कि बाजार में 1500 से 2000 रुपए तक मिलने वाला प्लास्टिक का कूड़ेदान जहां 19 हजार 500 में वहीं स्टील का कूड़ेदान जिसका बाजार भाव 4500 से 5000 है वह 32 हजार 999 रुपए में खरीद लिया गया है। यह सभी बिल कूट रचित फर्जी आधार पर तैयार किया गया है दोनों सभासदों ने टीम गठित कर जांच की मांग की है।

## आदर्श आचार संहिता का सख्ती से करें पालन

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए उडनदस्ता ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर 25 मई को होने वाले मतदान के मंगलवार से नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी की प्रक्रिया शुरू होगी। इसे सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार ठोस कदम उठाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उडनदस्ता ने महरुआ, भीटी, खेमापुर मोड़, कटेहरी, बसखारी, राजेसुल्तानपुर, मालीपुर, सम्मनपुर, कश्मीरिया समेत जिले के अन्य क्षेत्रों में वाहनों की जांच किया।

# कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने वीर बहादुर



विकलांग प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर वीर बहादुर का स्वागत करते कांग्रेसी।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष प्रसाद श्रीवास्तव ने जनपद के कन्नूपुर पेठिया जलालपुर निवासी वीर बहादुर को विकलांग प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया है। जिला कांग्रेस कार्यालय पर वीर बहादुर का विकलांग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने स्वागत समारोह आयोजित कर बधाई दी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वीर बहादुर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व में जो उन्हें जिम्मेदारी दी है उसका वह पूरी निष्ठा से पार्टी हित में संगठन की मजबूती पर जोर देंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा को अंबेडकरनगर लोकसभा विकलांग प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया है। स्वागत समारोह में विकलांग प्रकोष्ठ के प्रकाश, राजकुमार, बिंद्रेश वर्मा, सीमा, शिवकुमार गौड़ आदि मौजुद रहे।

# अधिकारियों और कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित



अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर फैसिली टेशन सेन्टर और पोस्टल वोटिंग सेंटर पर मतदान कार्मिकों और आवश्यक सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र से मतदान कराए जाने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। सोमवार को विकास भवन सभागार में समस्त नियुक्त अधिकारियों और पोलिंग पार्टियों के सदस्यों को सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद द्विवेदी द्वारा प्रशिक्षित किया गया। जिसमें परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा आरपी मिश्रा ने भी उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान कुल 42 अधिकारियों और कर्मचारी प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

**अंबेडकरनगर. अमृत विचार।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जगह-जगह मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। गोष्ठी के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान होना आवश्यक है। अकबरपुर नगर स्थित बीएनकेबी पीजी कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में प्राचार्या डॉ. शुचिता पांडेय ने कहा कि युवाओं पर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें चाहिए कि मतदान के दिन सबसे पहले खुद मतदान करें। योग्य जनप्रतिनिधि के चुनाव के लिए शतप्रतिशत मतदान जरूरी है। इसी प्रकार राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर, कुर्की बाजार व टांडा में भी गोष्ठी का आयोजन कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

# प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**▸▸ 1950 टोल फ्री नंबर पर निर्वाचन से संबंधित हासिल कर सकते हैं जानकारी**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को सकुशल, पारदर्शी और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक आईएएस सुहर्ष भगत और पुलिस प्रेक्षक आईपीएस ओमपति जमवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता के साथ कार्यालय में स्थापित जिला कांटेक्ट सेंटर, जिला मीडिया सेन्टर, एमसीएमसी, वीडियो अवलोकन टीम और सी विजिल कंट्रोल रूम व स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया।


लोकसभा चुनाव को लेकर निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत और पुलिस प्रेक्षक ओमपति जमवाल व साथ में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

वहां पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि सभी टीमों द्वारा गहनता पूर्वक 24 घंटे कार्य किया जा रहा है। वहीं शिकायतों का समय सीमा अंतर्गत निस्तारण किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश पालन किया जा रहा है। जिला कांटेक्ट सेंटर द्वारा 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं सी विजिल ऐप के माध्यम से निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में आमजन मानस शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिसका निस्तारण आयोग द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाएगा।

**लोकसभा चुनाव** | रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत, नौ मई को नाम वापसी की तिथि की गई है निर्धारित

# सपा और बसपा समेत नौ उम्मीदवारों ने किया नामांकन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** 55 अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा ने सोमवार को सेटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सपा उम्मीदवार ने रिटर्निंग ऑफिसर अविनाश सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।

वहीं बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कमर हयात ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया गया। किसान पार्टी लोकतांत्रिक प्रत्याशी अखिलेश कुमार ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया। निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद लला ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया। निर्दलीय प्रत्याशी अमरजीत यादव ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया गया। लोग पार्टी प्रत्याशी फत्तेबहादुर ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया। बहुजन मुक्ति पार्टी जावेद अहमद सिद्दीकी ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के विवेक कुमार ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया और मूल निवासी समाज पार्टी प्रत्याशी नीलम सिंह द्वारा एक सेट में नामांकन पर जमा किया है।


नामांकन पत्र दाखिल करते सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा। अमृत विचार


नामांकन पत्र दाखिल करते बसपा उम्मीदवार कमर हयात। अमृत विचार

### आज होगी नामांकन पत्रों की जांच

नामांकन पत्रों की जांच सात मई को संपन्न होगी। नौ मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 24 मई को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से पोलिंग पार्टी की रवानगी की जाएगी। 25 मई को मतदान और चार जून को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में मतगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा।

## चोरों ने मिक्श मशीन की पार

**देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अजय प्रताप सिंह द्वारा तहरीर दी गई है कि 6 मई को उनकी हॉट मिक्स मशीन चोरी हो गई। तहरीर मे बताया गया है कि देवचंदपुर संपर्क मार्ग पर सीसी का कार्य कराया जा रहा था जो कि पूर्ण हो चुका था। हॉट मिक्स मशीन ठिकरहवा भभौरा चौराहा के पास वर्मा बिल्डिंग मैटेरियल और सेफ्टी टैंक के सामने खड़ी कर चला गया था। कुछ दिन बाद मशीन वहां से गायब मिली। मामले की छानबीन में हल्का के दरोगा बिनोद कुमार तिवारी और दरोगा अरुण कुमार सिंह लगे थे। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका है। इससे पूर्व भी देवरिया बाजार में एक माह पूर्व इनायतुल्लाह टेलर की दूकान से हुई।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वार पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अहिरौली थाना क्षेत्र के नंदूपुर गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दिया है। बता दें कि चार दिन पहले ही ससुराल से मायके आयी आरजू 24 वर्ष ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर कब्जे में ले लिया है।

### पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** थाना मालीपुर पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा एक वारंटी अभियुक्त हरीराम पुत्र रामलखन निवासी ग्राम गुवावां जमालपुर थाना मालीपुर से गिरफ्तर कर न्यायालय में पेस कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिव कुमार, कांस्टेबल चन्दन साहनी शामिल रहे।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने को राजी हुए जोड़े

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना अहिरौली पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उनहें राजी-ख़ुशी विदा किया गया। थाना अहिरौली में सोमवार को हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया7 जिसके बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

### चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** थाना हंसवर पुलिस टीम ने अवैध चाकू के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। थाना हंसवर पुलिस टीम ने अभियुक्त प्रेम सागर राजभर पुत्र रामअजोर राजभर निवासी ग्राम मोहम्मदपुर साबुकपुर थाना हंसवर को सीता राम सिंह इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर साबुकपुर से मुखबिर की सूचना पर एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकमदा पंजीकृत कर किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक उमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल रहमतउल्ला खां शामिल रहे।

### प्रेक्षक ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा


निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत और पुलिस प्रेक्षक ओमपति जमवाल।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** सोमवार को सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत और पुलिस प्रेक्षक ओमपति जमवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 25 मई को निर्वाचन के उपरांत ईवीएम सहित अन्य सामग्रियों को जमा कराने की व्यवस्था व स्ट्रांग रूम सहित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत ईवीएम जमा कराने व मतगणना कराने व स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक प्रेक्षक को अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा वार टांडा विधानसभा, अकबरपुर विधानसभा, जलालपुर विधानसभा, आलापुर विधानसभा और कटेहरी विधानसभा के स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का अब तक की गई तैयारी के बारे में स्थलीय निरीक्षण किया। 25 मई को ईवीएम जमा करने और 4 जून को मतगणना के दौरान सुविधा जनक बनाने के लिए वहां उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### खंड शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरखापुर व असिधा, प्राथमिक विद्यालय कौड़िया द्वितीय, गंगूबरी, मोफिया व असिधा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इन सभी विद्यालयों में अध्यापक, अध्यापिकाओं, शिक्षामित्र तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के बारे में जानकारी हासिल करते हुए सेवित क्षेत्र के सभी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापकों को अभिभावकों से संपर्क कर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति मे सुधार लाये जाने का निर्देश दिया।

# आओ भागीरथ! कर दो सुखमनी नदी का उद्धार

## सुखमनी नदी के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा, ऐली परसौली से मां बाराही धाम होते हुए टेढ़ी नदी में हो जाती है विलीन

एक्सक्लूसिव

भास्कर सिंह, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचारः** सतयुग काल से आम जनमानस को सुख प्रदान करने वाली पौराणिक सुखमनी (अब सुखनई) नदी को भागीरथ का इंतजार है। इसका अस्तित्व मिटने के कगार पर है। जलस्रोतों के बंद हो जाने से सूखने के कगार पर पहुंच चुकी इस नदी के सूखे भाग पर दबंगों ने कब्जा कर के खेती करना प्रारंभ कर दिया है।

जिले की पैराणिक सुखमनी नदी को सूखने के कारण अपभ्रंश रूप में अब सुखनई नदी के नाम से जाना जाता है। बुजुर्ग इसका उद्गम स्थल सरयू नदी ऐली परसौली बताते हैं। यहां से निकलकर मां बाराही के चरणों को धोती हुई आगे चलकर बेलसर के करीब से होते हुए टेढ़ी नदी में विलीन हो जाती है।


ऐली परसौली क्षेत्र में सूखी पड़ी सुखमनी नदी। अमृत विचार

पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार पृथ्वी उद्धार के समय भगवान बाराह की सहायता के लिए लक्ष्मी रूपी मां बाराही मुकुंदपुर में सुखमनी नदी के तट पर अवतरित हुई थी। विभिन्न बांधों के निर्माण से जल स्रोतों के बंद हो जाने पर सूखने के कगार पर पहुंच चकी इस नदी पर दबंगों ने कब्जा कर के खेती करना शुरू कर दिया है। जिसको लेकर आम जनमानस में आक्रोश पनप रहा है। आदिकाल से आम जनमानस को सुख प्रदान करने वाली इस जीवनदायिनी सुखमनी नदी के उद्धार को लेकर अब ग्रामीण मुखर होने लगे हैं।


सुरजीत सिंह।


हरिपाल।


श्याम बिहारी।


शिव बहादुर सिंह।

ऐली परसौली के सुरजीत सिंह कहते हैं कि सरकारी उदासीनता के चलते पौराणिक स्थलों व नदियों का कोई पुरसाहाल नहीं है। यह नदी अपने पौराणिक नाम की सार्थकता को सिद्ध करती थी और लोगों को सुख प्रदान करती थी, लेकिन अब वह स्वयं अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। उमरी के हरिपाल का कहना है धीरे-धीरे नदी विलुप्त हो रही इस नदी के उद्धार किया जाना चाहिए। श्याम बिहारी यादव कहते हैं कि यह नदी पौराणिक महत्त्व की नदी है। शासन प्रशासन के लोग इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इसके उद्धार के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग अधिकारियों से की है। शिव बहादुर सिंह का कहना है कि नदी के सूखे भूभाग पर दबंगों ने कब्जा कर खेती करना शुरू कर दिया है। प्रशासन को चाहिए कि नदी के भू भाग को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराए।

## चलती ट्रेन से गिरने से युवक का पैर कटा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** लखनऊ-गोंडा रेलमार्ग पर जहांगीरवा के पास चलती ट्रेन से गिरने से एक युवक का पैर कट गया। आरपीएफ जवानों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सोमवार को मुंबई से आ रही अंत्योदय ट्रेन जहांगीरवा रेलवे क्रासिंग के पास पहुंची थी। इस दौरान ट्रेन में सवार एक युवक गिर गया जिससे उसका बायां पैर कट गया। रेलवे पुलिस ने उसे सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान जमाल (25) पुत्र अब्दुल निवासी पचपेड़वा जिला बलरामपुर के रूप में हुई है।

# इंटर के वैभव व हाईस्कूल की चैतन्या रहीं टॉपर

## आईसीएसई बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक रहा परीक्षा परिणाम, बच्चों ने केक काटकर मनाया जश्न

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** सोमवार को आईसीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले में तीन कालेजों में यशमय स्कूल के वैभव ने इंटरमीडिएट में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया, जबकि हाईस्कूल की चैतन्या माहेश्वरी ने भी 96 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टाप किया है। इसी स्कूल की हाईस्कूल की छात्रा अस्मित कौर ने 95 प्रतिशत, श्रेष्ठा गर्ग ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

फातिमा इंटर कालेज मनकापुर की प्रिया पांडेय ने भी 94 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में अपना तीसरा स्थान कायम किया। सभी बच्चों ने केक काटकर खुशी का इजहार किया।

उधर मनकापुर फातिमा इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के टॉप फाइव की सूची में स्कूल की छात्रा प्रिया पाण्डेय ने 94%अक व इंटर की छात्रा भाव्या मिश्रा ने 85% अंक पाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। क्षेत्र के ग्राम मनकापुर ग्रामीण के बरदही बाजार में स्थित फातिमा इंटर कालेज की अध्ययनरत हाईस्कूल की छात्रा प्रिया पान्डेय 94% अंक, इंटर की छात्रा भाव्या मिश्रा ने 85% अंक पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय में इंटर के 48 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए जिनमें 47 बच्चे उतीर्ण हुए। हाईस्कूल में 109 छात्रों में शत प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल में विद्यालय के टॉप पांच की सूची में प्रिया पांडेय 94 प्रतिशत, युवराज सिंह पटेल 90. प्रतिशत, दिव्यांशु शुक्ला 89 प्रतिशत, वैश्नवी कसौधन 87.8 प्रतिशत व नितिन पांडेय को 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। इंटर की सूची में भाव्या मिश्रा 85 प्रतिशत, दीपांशी सिंह 82.25 प्रतिशत, शाम्भवी श्रीवास्तव 82 प्रतिशत, अर्पिता सिंह 81.25 प्रतिशत, युवराज सिंह 81.25 प्रतिशत, प्रांजल मोदनवाल को 79.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। नगर के इंदिरा इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य एच. मोलाय ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल का पहला बैच बोर्ड परीक्षा में शामिल हुआ था। प्रथम वर्ष होने के कारण हाईस्कूल में केवल चार परीक्षार्थी पंजीकृत थे। सभी चारों परीक्षार्थियों ने घोषित नतीजों में क्वालीफाई किया है। स्कूल में 89 फीसद अंक के साथ आयुष्मान कुशवाहा ने प्रथम तथा 80 फीसद अंक के साथ दिव्यांश जायसवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। आयुष्मान ने कहा कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनना चाहता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, अपने माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। स्कूल में पहले बैच की शत प्रतिशत सफलता पर प्रबंधक मनोज त्रिपाठी, संरक्षक जानकी शरण द्विवेदी, कक्षाध्यापक रहे इमैनुअल आदि ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दिया है।


केक काटकर खुशी मनाते बच्चे। अमृत विचार


इंदिरा इंटरनेशनल स्कूल में सफल बच्चों को सम्मानित करतीं प्रिंसिपल। अमृत विचार


दिव्यांशु शुक्ला।


भाव्या मिश्रा।


वैभव सिंह।


चैतन्या माहेश्वरी।


अस्मित कौर।


श्रेष्ठा गर्ग।


शांभवी श्रीवास्तव।


युवराज सिंह।

### इंजीनियर बनना चाहती हैं प्रिया पांडेय




हाईस्कूल की टॉपर प्रिया पांडेय का इंजीनियर बनने का सपना है। प्रिया के पिता सीतेश पांडेय बभनजोत ब्लॉक में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के पद पर हैं। माता रिंकू पान्डेय शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के बुधई बनकट प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। प्रिया पांडेय ने कहा कि वह प्रत्येक दिन स्कूल के बाद नियमित आठ घंटे पढाई करती है। वालीवाल खेलना संगीत सुनने की शौकीन है। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता गुरुजनों व दोस्त को देती है। प्रिया के एक भाई कृष्णा पांडेय जो पांचवीं का छात्र व एक बहन श्रेया पान्डेय 12 वीं की छात्रा है। प्रिया पांडेय समाज को संदेश देना चाहती है कि आज के दौर में लडकियां किसी से कम नहीं हैं हर क्षेत्र में लडकियां अपना परचम लहरा रही हैं।

# सूरत-ए-हालः टूटी टोटी, गर्म पानी, सीएचसी तेरी यही कहानी

संवाददाता, बेलसर

**अमृत विचारः** मई माह में भीषण गर्मी वा लू के थपेड़े सहने के बाद दर्द व पीड़ा लेकर जब मरीज सीएचसी पहुंचता है तो प्यास से उसके मुंह सुख जाते हैं, लेकिन जब प्यास बुझाने के लिए सीएचसी पर लगे वाटर कूलर की टोंटी की तरफ बढ़ता है तो उसकी एक टोंटी टूटी मिलती और गर्म पानी मिलता है। टोंटी से रिसते पानी से ही मरीजों व तीमारदारों को प्यास बुझानी पड़ती है।

ऐली परसौली से करीब बीस किमी की दूरी तय करके टीबी की दवा लेने सीएचसी पहुंची रामावती तेज धूप के कारण मुंह सूख रहा था। लोगों से हैंड पंप के बारे में पूछा तो लोगों ने सीएचसी के वाटर कूलर की तरफ इशारा कर दिया। रामावती ने जब टोटी खोला तो उससे गर्म पानी निकल रहा था।


सीएचसी के वाटर कूलर की टूटी टोटी से गर्म पानी पी रही रामावती। अमृत विचार

रामावती ने बताया कि कहीं पानी नहीं दिख रहा है लेकिन एक टूटी टोटी से रिस रहा पानी से ही प्यास कुछ कम हो जायेगी। बताया कि डॉक्टर भी नहीं मिले अब फिर अगले दिन आना पड़ेगा। बक्सैला से आई माधुरी ने बताया कि टीबी वाले डॉक्टर के इंतजार में सुबह से बैठे हैं, लेकिन दो बज गए अभी तक नहीं आए। ऐसे में काफी परेशानी झेलनी पड़ी है। सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर ने बताया कि क्षेत्र में डॉक्टर गए होंगे।

## स्कूल में लगे हैंडपंप से निकल रहा दूषित जल

**रुपईडीह, अमृत विचारः** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय महादेवा कला में लगे हैंडपंप से दूषित जल आ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों का काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दूषित पानी के सेवन से बच्चों के लिए स्वास्थ्य का खतरा बना हुआ है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अर्चिता श्रीवास्तव ने खंड विकास अधिकारी से मौके की जांच कर हैंडपंप ठीक कराए जाने की मांग की है।


निजी संस्था की ओर से दिए गए आरओ के साथ बच्चे। अमृत विचार

### एक निजी संस्था ने बच्चों को उपलब्ध कराया आरओ

**बेलसर, अमृत विचार :** राज नरायन राम गनेश इंटर कॉलेज आजाद नगर में विद्यार्थियों के लिए डब्लू डब्लू ओ संस्था के सीओ भारत भूषण पांडेय ने मुहिम चलाकर घर-घर आरओ देने का काम शुरू किया है। पहले चरण में 150 बच्चों को आरओ दिया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. किशोर कुमार तिवारी ने बच्चों को आरओ वितरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य विमलेश शुक्ला, अनीता शुक्ला, कंचन उपाध्याय, रोली मिश्रा, नीता तिवारी, आकृति सिंह, अयोध्या प्रसाद प्रजापति, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव रहे।

# गैस कंपनियां उपभोक्ताओं को मुफ्त में देंगी सर्विस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** घरेलू गैस सिलेंडर से आग लगने की बढ़ती घटना को लेकर पेट्रोलियम कंपनियों ने सभी उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर व चूल्हे की जांच करने का फैसला लिया है। पूरे देश में गैस सिलेंडर से आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

रसोई गैस से होने वाले हादसों में कमी लाने के लिए पेट्रोलियम कंपनी की ओर से मुफ्त सर्विस दी जाएगी। एजेंसी के कर्मचारी घरेलू गैस सिलेंडर के उपभोक्ता के घर जाकर चूल्हा व सिलेंडर की जांच पड़ताल करते हुए लोगों को जागरुक भी करेंगे। उपभोक्ता को इसके बदले कोई पैसा नहीं देना है। यदि कोई सामान बदल जाता है तो सिर्फ उसी का पैसा देना होगा। सर्विस पूरी तरीके से मुफ्त है। स्थानीय जनपद में 72 गैस एजेंसियां विभिन्न कंपनियों के संचालित हैं। सामान्य व उज्जवला गैस के 6 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। इन सभी लाभार्थियों के घर पहुंच कर चूल्हा रेगुलेटर पाइप आदि की जांच पड़ताल होगी। साथ ही उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। आग लगने पर प्राथमिक रूप से क्या किया जाए कि आग फैले ना इसको लेकर कंपनी के कर्मचारी अभियान चलाएंगे। इससे पहले गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को सर्विस तो दी जाती थी, लेकिन एजेंसी संचालक सर्विस की फीस लेते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा सभी एजेंसी चालक उपभोक्ताओं के घर जाकर जांच पड़ताल करेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी गोपाल पांडे ने बताया कि गैस कंपनियों की ओर से फ्री सर्विस दी जाएगी। कंपनी के कर्मचारी उपभोक्ता के घर पहुंच कर चूल्हा रेगुलेटर आदि की जांच पड़ताल करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सभी उपभोक्ता सतर्क रहते हुए यह कंफर्म करते हुए की कंपनी का ही आदमी जांच पड़ताल करने आया है। तभी उससे उसे जांच कराएंगे ताकि किसी भी प्रकार से फ्रॉड से बचा जा सके।




# सरकारी संपत्ति बेचने पर दो के खिलाफ केस दर्ज

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद गोंडा क्षेत्र में सरकारी सम्पत्ति के अनाधिकृत खरीद फरोख्त के एक प्रकरण में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। डीएम नेहा शर्मा के आदेश पर की गई जांच में पुष्टि होने के बाद यह कार्यवाही की गई। प्रभारी नजूल निरीक्षक की ओर से कोतवाली नगर में सरकारी संपत्ति के क्रेता और विक्रेता दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराई गई है। मामला रकाबगंज पुलिस चौकी के पास का है। यह नजूल भूमि रजिस्टर नं-45 पर मुन्नी देवी, संतोष, सीमा व अमरेश कुमार के नाम दर्ज थी। बेलसर रोड आनन्द नगर पेरी निवासी नदीम सिद्दीकी ने नवम्बर 2022 में इस सरकारी सम्पत्ति के अनाधिकृत खरीद फरोख्त के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक यह जमीन मुन्नी देवी व अन्य के नाम पट्टा की गई थी। इस पट्टे की अवधि काफी पहले ही समाप्त हो गया है। आरोप है कि इस जमीन के पट्टे का नवीनीकरण कराने के बजाए इसे बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मो. शाकिर को बेंच दिया गया। बैनामा पट्टा अवधि समाप्त होने के पश्चात का है, जिसको बिक्री करने का कोई अधिकार मुन्नी देवी व अन्य को नहीं था। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष प्रकरण आने के पर इसकी सघनता से जांच कराई गई। जांच में क्रेता और विक्रेता दोनों द्वारा कूटरचना, जाली व फर्जी दस्तावेज बैनामा साजिशन तैयार कराने की बात सामने आई।

# हैंडपंप पर ही कर लिया कब्जा पानी के लिए तरस रहे हैं लोग

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचारः** गर्मी में लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। दूसरी ओर जिम्मेदार एसी की ठंडी हवा में चैन की नींद सो रहे हैं। नगर पंचायत में लगभग 50 से अधिक हैंडपंप लगे हैं। जिनमें इस प्रचंड गर्मी में कई नल खराब स्थिति में व एक नल पर लकड़ी रख कर कब्जा कर लिया गया है। खराब हैंडपंपों की जानकारी होने पर भी सही कराने की जरूरत नहीं समझी गई। ऐसे में लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

नगर पंचायत के मोहल्ला शास्त्री नगर में सब्जी मंडी के पीछे से बाइपास रास्ता है जिस पर प्रत्येक दिन काफी लोगों का आवागमन रहता है। इसी को देखते हुए निकाय प्रशासन ने मंडी के पीछे नल लगवाया था जो काफी दिनों से खराब होने के कारण इस पर दबंगों ने लकड़ी इकट्ठा कर अतिक्रमण कर लिया। इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों का पानी नहीं मिलने से उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।


हैंडपंप के किनारे रखी गई लकड़ी।

वार्ड सभासद बैभव सिंह ने बताया कि उनके वार्ड में कुल 15 हैंडपंप लगे थे जिनमें कुछ नल खराब होने की शिकायत मिली थी जिनको सही करा दिया गया है। अब सभी लोगों को आसानी से पानी मिल रहा है। एक नल खराब था जिस पर दंबग ने लकड़ी रख कर उस पर अतिक्रमण कर लिया है जिसकी शिकायत नगर पंचायत प्रशासन से कई बार की गई। उसके बाद भी नल से अतिक्रमण को नहीं हटवाया गया जिस वजह से अभी भी नल को नही बनवाया जा सका।

आस्था | जंबू तीर्थ सरयू तट पर परिक्रमा के दौरान पहले जत्थे ने रात्रि विश्राम के लिए डाला डेरा

# मूर्तिहन घाट पर आज उतरेगा परिक्रमा यात्रा का जत्था

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचारः** परसपुर क्षेत्र का जंबू तीर्थ स्थल जय श्रीराम व सरयू मईया के गगनभेदी जयकारे से उस समय गुंजायमान हो उठा, जब सोमवार को अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा यात्रा के साधु संतों ने पहुंचकर सरयू तट पर पड़ाव डाला। यहां महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में आचमन स्नान एवं पूजा पाठ भजन कीर्तन किया।

पीपल वट वृक्ष के शीतल छांव में रात्रि विश्राम के लिये परिक्रमार्थियों ने डेरा डाल दिया। सोमवार की सुबह वैशाख माह की चिलचिलाती धूप में नंगे पांव चलकर आये अयोध्या की चौरासी कोसी परिक्रमा यात्रा के साधु संतों का स्थानीय ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। ग्राम नरायनपुर साल, ललक, सकत पुर, सरैंया समेत आसपास के ग्रामीणों ने आये हुए परिक्रमार्थियों को दही चुरा शरबत, ठंडा पेय, जल पान व भंडारे का प्रबंध कराया। भण्डारा कार्यक्रम में पवन पाण्डेय, गोपाल चौबे, राम देव चौबे, त्यागी जी, दयाशंकर निषाद, भगवान दास, शिवपुरी दास, राम अछैवर समेत काफी संख्या में सेवादार व ग्रामीण शामिल रहे हैं।


जंबू तीर्थ स्थल पर 84 कोसी परिक्रमार्थियों का डेरा। अमृत विचार

वहीं धर्मार्थ सेवा संस्थान के परिक्रमा संचालक महंत गया दास की अगुवाई में दूसरा जत्था 7 मई को बहुवन देवीगंज दुलारे बाग में का आगमन होगा। एक दिन दो दिनों के अंतराल पर चल रही यात्रा का लोग स्वागत कर रहे हैं।

विश्व हिंदू परिषद हनुमान मंडल के तत्वावधान में संचालक सुरेन्द्र सिंह की अगुवाई में संचालित परिक्रमा यात्रा में तकरीबन छह सौ साधु-संतों का स्थानीय ग्रामीणों ने भोजन भण्डारा का प्रबंध किया। पड़ाव स्थल पर पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग टीम ने श्रद्धालुओं को आवश्यक दवाओं का वितरण किया। अगला पड़ाव सात मई को तुलसी जन्मभूमि राजापुर, सूकरखेत, बखरिहा रात्रि विश्राम के लिये निकलेगा।

## दो मंजिला मकान में लगी भीषण आग, हादसा टला

**करनैलगंज, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह कसगरान मुहल्ले के चौराहे पर स्थित एक दो मंजिला मकान में आग लग गई। काला धुंआ निकलता देख आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। इस बीच मौके पर अफरातफरी मच गी। आग की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। गनीमत रही तत्काल मौके पर अग्निशमन के जवान पहुंच गए नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग का कारण नही पता चल सका है। बताया जाता है कि कृष्ण कांत नाम का व्यक्ति उस मकान में रहता है। नगर चौकी प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि कुछ लोग आग लगाए जाने दावा कर रहे थे किंतु तहरीर अभी मिली नहीं है।

### अलग-अलग गांव में दो नाबालिग लड़कियां अगवा

**संवाददाता, मनकापुर, अमृत विचार :** कोतवाली के अलग-अलग गांव में नाबालिक लड़कियों को अगवा करने के मामले में पुलिस ने दो पर रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट में कहा कि उसकी छोटी 16 वर्षीय बहन शनिवार को सुबह दस बजे घर से मनकापुर बाजार गई थी। इस बीच रास्ते में थाना वजीरगंज के ग्राम परसपुर महदौरा निवासी फरमाज हुसैन उसकी बहन को अपनी प्रेमजाल में फंसा कर कहीं भगा ले गया है। पीड़िता के अनुसार घर मे रखा सोने का मंगल सूत्र, कान की झुमकी, अगूंठी, चांदी की पायल व पन्द्रह हजार नगदी भी गायब है। दूसरे मामले में एक गांव के पीड़ित मामा ने बताया कि उसकी सत्रह वर्षीय भांजी उसके घर पर बीते काफी समय से रह रही थी। शुक्रवार की रात ग्यारह बजे वह अचानक घर से गायब हो गई। जिसकी काफी खोजबीन करने पर पता चला कि जिगना पुलिस चौकी के ग्राम धोबहा निवासी इरफान उसकी भांजी को कहीं भगा ले गया है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ितों के तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**विपिन बिहारी शरण सिंह महाविद्यालय**
तरबगंज, गोण्डा (उ0प्र0) 271403
9415458212, 9648469000, 9838989000

आवश्यकता

महाविद्यालय मे स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत अर्थशास्त्र-1 पद, रसायन विज्ञान-1 पद, प्राणि विज्ञान-2 पद तथा वनस्पति विज्ञान-1 पद पर प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर चयन/नियुक्ति/अनुमोदन हेतु आवेदन-पत्र आमन्त्रित है :-
अर्हता :- स्नातक उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी एवं सम्बन्धित विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंक तथा यूजी.सी. रेगुलेशन-2016 सहित पी-एच0 डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
नोट:- यूजी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार सहायक आचार्य पद पर चयन की कार्यवाही की जावेगी।
वेतन:- डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन/यू0जी0सी0 के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर अपना आवेदन-पत्र महाविद्यालय कार्यालय पर जमा करें।

अध्यक्ष

## एक नजर

### ईवीएम व वीवीपैट का रैंडमाइजेशन कल से

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रैंडमाइजेशन आठ मई को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रैंडमाइजेशन कार्य सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में किया जाएगा।

### स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने की वाहनों की जांच

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग हर संभव प्रयास कर रहा है। चुनाव में धन का दुरुपयोग ना हो इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने वाहनों के चेकिंग के लिए टीमों का गठन किया है। जो विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं। जनपद में लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान होगा। चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके स्टेटिक मजिस्ट्रेट ललित कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गोंडा बहराइच मार्ग स्थित आर्य नगर कस्बे में वाहन चेकिंग की गई है उन्होंने बताया कि 30 वाहन को चेक किया गया है लेकिन कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है।

### मंडी सचिव ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** नवीन गल्ला मंडी स्थित मतगणना स्थल का मंडी सचिव मुकेश जयसवाल ने निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना स्थल के तैयारी में लगे मजदूरों व ठेकेदारों को निर्देश दिया कि सभी काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, लापरवाही ना बरती जाए। मंडी सचिव ने साफ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था देख रहे राजेश को सभी दुकानों के आसपास सफाई करने को कहा। कहा कि जो व्यापारियों से दुकान खाली कराई गई है उसके भीतर भी साफ सफाई कर ली जाए।

# कैसरगंज भाजपा प्रत्याशी पर आचार संहिता उल्लंघन का केस

## बिना अनुमति जुलूस निकालने व आतिशबाजी करने के मामले में कार्रवाई

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार:** कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करन भूषण सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया है। करन भूषण पर बिना अनुमति जुलूस निकालने और बीच सड़क आतिशबाजी करने का आरोप है। एफएसटी टीम प्रभारी डा सुमित कुमार की तरफ से तरबगंज थाने में करन भूषण समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। करन भूषण सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे हैं और भारतीय जनता पार्टी ने इस पर बृजभूषण के स्थान पर करण भूषण को टिकट दिया है।

करन भूषण ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। इसके बाद अगले दिन शनिवार को वह दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ क्षेत्र में प्रचार के लिए निकले थे। बेलसर ब्लॉक के रगड़गंज चौराहे पर उनका स्वागत किया गया था। इस दौरान उनके समर्थकों ने बीच सड़क पर जमकर आतिशबाजी की थी। इस दौरान बाजार में भीषण जाम लग गया था। मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अफसर मूकदर्शक बने थे। बिना अनुमति दर्जनों लग्जरी वाहनों के साथ जुलूस निकालने और आतिशबाजी करने की खबर मीडिया की सुर्खी बनी तो प्रशासन हरकत में आया। मामले की जांच करायी गयी तो पता चला कि करन की तरफ से किसी तरह की परमीशन नहीं ली गयी थी। मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्रवाई का निर्देश दिया था। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर एफएसटी टीम प्रभारी डा सुमित कुमार ने बीजेपी उम्मीदवार करण भूषण समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ तरबगंज थाने में आचार संहिता के उल्लंघन का रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने लगाया भ्रामक प्रचार का आरोप

भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप बमबम ने भी इसी मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। भाजपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि बेलसर में भाजपा प्रत्याशी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया था। इस दौरान कुछ उत्साही कार्यकर्ताओं ने पटाखे दागे थे। इसे कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर हर्ष फायरिंग के तौर पर प्रचारित किया गया जो पूरी तरह से भ्रामक व तथ्यहीन है। उन्होंने पार्टी व प्रत्याशी की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है और पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग की है।

# सपा ने विधानसभावार बनाए प्रभारी

**कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र**

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कैसरगंज लोकसभा के पांच विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव संचालन की जिम्मेदारी सपा जिलाध्यक्ष ने अलग-अलग सौंपी है। पांचों विधानसभा क्षेत्र में 73 लोगों को चुनाव संचालन के लिए प्रभारी नामित किया है।

सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, वकार खां, मसूद खां, त्रिवेणी मिश्रा, परमात्मादीन साहू, पंकज गोस्वामी, नंद कुमार उर्फ लल्लू प्रजापति, राम कुमार शुक्ल, नंद किशोर ओझा, वीर सिंह, भगौती प्रसाद मिश्र, जनकराज यादव, संजय दूबे सुरेंद्र यादव को जिम्मेदारी दी है।

इसी तरह करनैलगंज में पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी महफूज खां, शमीम अच्छन, रमेश सिंह, अजय सिंह, राजेश मिश्र, दिग्विजय सिंह, राजकुमार सिंह, लेखराज यादव, कमलेश पासवान, विजय चौरसिया, डा वीरेंद्र पांडेय, अमर नाथ यादव, दीपक पाठक को प्रभारी नामित किया है। तरबगंज विधानसभा में राम भजन चौबे, नरेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, पप्पू यादव, विजय सिंह टिंटू, विवेक सिंह, हृदय राम यादव, दिनेश यादव, सविता श्रीवास्तव, बलराज सिंह, राजेश पांडेय व रामपाल यादव को जिम्मेदारी दी गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने कर्नलगंज के संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सोमवार को कर्नलगंज क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील मतदान केन्द्रों ,बूथो का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। मतदान केन्द्रों पर मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेकर पेयजल, बिजली, शौचालय, आदि की व्यवस्था को भी परख कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्याप्त संख्या में सिविल पुलिस की तैनाती के अतिरिक्त सीएपीएफ को तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। चुनाव में गड़बड़ करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है। चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये और न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वो पर भी पुलिस सतर्क नजर रख रही है । चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# डोर-टू-डोर वोटरों को कर रहे जागरूक

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** मतदाता जागरूकता को लेकर जिलाधिकारी के स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत थर्ड जेंडर का गांव-गांव में डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अनवरत जारी है।

किन्नरों के समूह ने करीब दो दर्जन गांवों के ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और उनसे मतदान करने का संकल्प दिलाया। करनैलगंज के किन्नर समाज की गुरु सनाया ने बताया कि अब तक करीब 800 परिवार में उनका मतदाता जागरूकता संपर्क हुआ है। जहां उन्हें एक रुपये का सिक्का देकर उनसे मतदान करने का संकल्प दिलाया गया है। सनाया ने बताया कि खान चौराहा, अमोढवा, निंदूरा, बरबटपुर, कोचा कासिमपुर, गद्दोपुर, टिकौली, मीनापुर, सुदई पुरवा, पहाड़ा, गोनवा, बटोरा लोहंगी, कस्तूरी, दुबहा बाजार, कादीपुर तथा सकरौरा ग्राम पंचायत के करीब 800 परिवारों में संपर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार संपर्क अभियान 19 मई तक चलेगा। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराया गया पंपलेट दिया गया। इस दौरान किन्नर अनुष्का, शिल्पा, फेमिना, तनु, विनय, शनि आदि शामिल रहे।

# विद्यार्थी बोले-20 को जरूर करें मतदान

संवाददाता, बेलसर



मतदान के लिए प्रेरित करते एमडीबी कॉलेज के प्रधानाचार्य अजीत सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महाराजा देवी बख़्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर के छात्र-छात्राओं ने नगर पंचायत बेलसर के अनुसूचित बस्तियों में स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए जागरूक किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला एवं मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने लोगों को चुनाव के प्रति जागरुक करते हुए लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के स्वीप प्रभारी चंद्रशेखर ने कहा कि आप अपने घर एवं आसपास के व्यक्तियों को मतदान के लिए प्रेरित करें तथा 20 मई को उन्हें मतदान केंद्र पर के लिए अवश्य ले जाएं।

विद्यालय के छात्राओं ने स्लोगन मेरा गोंडा मेरी शान-20 मई को करें मतदान, पहले मतदान फिर जलपान और लोकगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया तथा उनसे मतदाता संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर भी करवाएं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक कन्हैया लाल, रंजीत कुमार अशोक कुमार के साथ साथ शिव नारायण मिश्रा, श्रद्धा तिवारी, अंशु जायसवाल, दिव्या दुबे, बबली तिवारी, अनुराधा, श्रेया अंशुमान आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पैदल मार्च कर मतदान को किया प्रेरित

संवाददाता, रुपईडीह



मतदाता जागरूकता रैली निकालते अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि किए जाने के लिए ब्लॉक रुपईडीह के अधिकारियों, कर्मियों, पंचायत सचिवों, सफाई कर्मियों, ग्राम रोजगार सेवकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा बहुओं ने ब्लॉक मुख्यालय से कौड़िया बाजार तक रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।

रैली को ब्लॉक मुख्यालय पर हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि मतदान से बढ़कर कोई अन्य दान नहीं है ऐसी स्थिति में सभी लोगों को मतदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है।

इसके अलावा उन्होंने सभी लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। रैली में शामिल सभी लोगों ने गोंडा का यह अभियान 20 मई को करो शत प्रतिशत मतदान, मेरा गोंडा मेरी शान जागरूक देश की यह पहचान शत प्रतिशत करो मतदान, चाहे न हो या नारी सभी की मतदान में भागीदारी, पहले मतदान फिर जलपान आदि विभिन्न प्रकार के नारों की गूंज के साथ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस रैली में खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव, पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त, रामवीर सिंह, एडीओ आईएसबी आजम खान, महेंद्र प्रताप सिंह, रोशन लाल, एपीओ राजेश सोनी, ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र, जगमोहन दुबे, हरिशंकर अवस्थी, बीओ फखरुल हसन, मुख्यमंत्री फेलोशिप अली अब्बास, पंचायत सचिव जमुना प्रसाद, अजय पांडेय, अमरजीत, राजेश चौधरी, मालिक राम, शबाना, अजीत कुमार, विजय गौतम, कपिल देव पांडेय, अवर अभियंता अवधेश सिंह, आशीष कुमार, मोहन लाल भारती, दिवाकर पांडेय, वरिष्ठ सहायक दर्शन पाल, जगदेव शुक्ल, पंकज पांडेय, विनोद कुमार, अशोक कुमार गुप्त, विभव कुमार, कुसुम तिवारी आदि रहे।

# गोंडा और कैसरगंज में कुल 12 उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह आवंटित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सोमवार को गोंडा और कैसरगंज लोकसभा सीट से उम्मीदवारों की पूरी सूची फाइनल हो गई है। दोनों सीटों पर कुल 12 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इन सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। एक निर्दल प्रत्याशी दोनों लोकसभा सीट से लड़ रही हैं और दोनों में अलग-अलग चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जारी सूचना के आधार पर बताया गया कि गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह, सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा, बसपा उम्मीदवार सौरभ मिश्रा को पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से राघवेंद्र को बांसुरी, भारतीय उदय निर्माण पार्टी से विनोद कुमार सिंह को बल्ला, निर्दल उम्मीदवार अरुणिमा पांडेय को सेब, राजकुमार को चिमनी, राम उजागर को गन्ना किसान चुनाव चिन्ह मिला है। हीं कैसरगंज से केवल चार प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। भाजपा से करण भूषण सिंह को कमल, नरेंद्र पांडेय को हाथी, भगतराम मिश्र को साइकिल तथा निर्दल उम्मीदवार अरुणिमा पांडेय को सिलाई मशीन चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है।

## सार-संक्षेप

### आज मनकापुर में चार घंटे ठप रहेगी बिजली

**मनकापुर, अमृत विचार :** मनकापुर तहसील उपकेंद्र के दो फीडरों की विद्युत आपूर्ति मंगलवार दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगी। अवर अभियंता शत्रुहन सिंह ने बताया कि 33/11 केवी उपकेंद्र तहसील मनकापुर पर मेंटिनेंस कार्य होगा। इसलिए मनकापुर टाउन व पीलखाना फीडर की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

### कंपोजिट वद्यालय की रसोई से राशन चोरी

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय पुरैनिया के रसोई घर का रात मे कुछ लोगों ने ताला तोड़कर राशन चुरा लिया। घटना की सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक बालमुकुंद पांडेय ने बीईओ व खरगूपुर के थानाध्यक्ष को दी है।

### अधिवक्ता की बार एसोसिएशन सदस्यता निलंबित

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** अधिवक्ता के वेशभूषा में कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह का पैर पकड़ कर बैठने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अधिवक्ता विनय कुमार शुक्ला को बार एसोसिएशन के सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है तथा उन्हें 14 दिन के अंदर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है । बार एसोसिएशन के महामंत्री चंद्रमणि तिवारी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें व्यावसायिक वेशभूषा में रहते हुए कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह के समक्ष समर्पण की मुद्रा में उनका पैर पकड़े बैठे हुए अधिवक्ता विनय कुमार शुक्ला की कार्यशैली अधिवक्ता समाज के मान सम्मान व भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है। बार एसोसिएशन गोंडा एवं बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश के प्रतिकूल है। बार एसोसिएशन के महामंत्री ने कहां है कि यदि निर्धारित समय में अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया तो अंतिम कार्रवाई करने पर विचार किया जाएगा।

### तहसील प्रशासन के रवैये से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमें के विरोध में सोमवार को तहसील बार सभागार में संघ के पदाधिकारियों ने आपात बैठक कर तहसील प्रशासन के खिलाफ कड़ा विरोध जताया तथा आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी व महामंत्री ओम प्रकाश यादव के अगुवाई में बैठक की गई। जिसमें अधिवक्ताओं ने लिखाए गए फर्जी मुकदमों पर आक्रोश जताया। कहा तहसील प्रशासन अधिवक्ताओं को दबाना चाहता है। अधिवक्ताओं ने कहा कि पूर्व में एसडीएम ने जो वार्ता की थी उसका उल्लंघन किया है। आरोप लगाया कि तहसील के सभी कर्मचारी एसडीएम व तहसीलदार के नाम पर खुली रिश्वत लेते हैं, जिसका हिस्सा एसडीएम को मिलता है। कोई अधिवक्ता जब इस रिश्वतखोरी का विरोध करता है तो उसे फर्जी मुकदमों में फंसा दिया जाता है। एसडीएम व तहसीलदार दबाव बनाने के लिए फर्जी मुकदमा लिखा देते हैं। इस रवैये में सुधार न होने पर अधिवक्ता पूर्ण रूप से तहसील भवन में तालाबंदी कर प्रदर्शन करेगा और न्यायिक कार्य से विरत रहेगा।

### एलबम की शूटिंग में आदि शक्ति का गुणगान

**परसपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के पौराणिक स्थल मां बाराही धाम परिसर में सोमवार को अवधी हास्य कलाकार रमेश दूबे रमेशवा ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर आदिशक्ति का दर्शन पूजा की और मां बाराही का भजन गुणगान किया। माता की भेंट वाराही भजन प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया। कलाकार रमेश दूबे ने बताया कि उन्नति नामक फ़िल्म हाउस के बैनर तले स्वरचित गीत मां वाराही के गुणगान भजन हमार दुख दूर करव मां वाराही गीत पर वीडियो शूटिंग की गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले बाबा बटौरा के महात्म्य पर आधारित भजन वीडियो शोसल प्लेटफार्म पर प्रसारित हुआ। जिसकी काफी सराहना हुई। जनमानस की मांग पर सोमवार को मां वाराही धाम परिसर में टीम के साथ पहुंचकर अभिनय शूट किया गया। इस अवसर पर वीडियो ग्राफर एस कुमार, संगीतकार आकाश श्रीवास्तव, अजय कुमार, अक्षय, उदित द्विवेदी समेत काफी संख्या में दर्शक श्रद्धालु मौजूद रहे हैं।

### शत्रु संपत्ति कब्जा मामले में दायर हो अपील: मंडलायुक्त

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** मण्डलायुक्त देवीपाटन योगेश्वर राम मिश्र ने जिलाधिकारी गोण्डा को निर्देश दिए कि कूट रचना के आधार पर शत्रु संपत्ति कब्जाने के प्रकरण में हाल ही में अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद गोण्डा के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें गिरफ्तारी भी हुई, किन्तु न्यायालय से उन्हें जमानत मिल गयी। चूँकि प्रकरण गम्भीर प्रकृति का है इसलिये मामले में प्रभावी कार्यवाही अपेक्षित है। अत : प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत उक्त मामले में शासन से विधिक अनुमति प्राप्त कर उच्च न्यायालय में तत्काल अपील योजित करायी जाय। इसके अतिरिक्त इनके विरुद्ध जो जांच हुई है, उसमें अनेक बिन्दु उल्लिखित थे, कदाचित उनमें कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है, कृपया उनका भी संज्ञान लेकर यथाशीघ्र वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाय।

### दो स्ट्रीट लाइट खराब, सही करने की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** स्टेशन रोड पर लगी स्ट्रीट लाइट में से दो लाइट जल नहीं रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से लाइट को सही करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि लाइट नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। गोंडा बलरामपुर मार्ग पर 3 महीना पहले स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी रेलवे तालाब के समीप लगे दो पोल की लाइट जल नहीं रही है। जिससे वहां आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रानी बाजार के रहने वाले शुभम, रजत, श्याम, विजय, उमेश आदि लोगों ने लाइट को सही करने की मांग की है।

# सड़क हादसे में बच्ची की मौत, पिता गंभीर

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में पति-पत्नी व एक वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया, वहीं प्राथमिक उपचार के बाद पति को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घटना गोंडा लखनऊ मार्ग स्थित पावर हाउस के पास की है। सोमवार दोपहर बाद कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत गौरा सिंहनापुर निवासी श्रीप्रकाश (45) अपनी पत्नी फूलमती व एक वर्षीय पुत्री परी के साथ बाइक से गोंडा की तरफ जा रहे थे। इसी बीच पावर हाउस के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार श्री प्रकाश के साथ उनकी पत्नी फूलमती व एक वर्षीय बच्ची परी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद श्री प्रकाश को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## ससुर की पिटाई से बहू का टूटा हाथ

**परसपुर, अमृत विचार:** घरेलू विवाद में ससुर ने बहू को मार कर हाथ तोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दिया है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पाण्डेय पुरवा परेटा निवासी गुड़िया पाण्डेय पत्नी राम जी पाण्डेय ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि घरेलू विवाद को लेकर उनके ससुर श्याम नाथ पाण्डेय ने रविवार की शाम को गाली देते हुए मुक्का थप्पड़ लाठी डंडे से मारने लगे तथा जान से मारने की धमकी भी दिये है। शोर करने पर पास पडोस के लोगों ने बीच बचाव कराया। इसमें पीड़िता का बायां हाथ भी टूट गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि केस दर्ज हुआ है।

# एसपी ने थानाध्यक्षों के साथ की बैठक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों व थाना प्रभारियों संग एसपी विनीत जायसवाल ने बैठक की। उन्होंने कहा लंबित वारंट व कुर्की आदेशों का निष्पादन किया जाए।

उन्होंने अंतर्जनपदीय चेक पोस्टों को सक्रिय किए जाने व मादक पदार्थों, शस्त्रों व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा कि लोस सामान्य निर्वाचन को देखते हुए आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय संबंधी उपबंधों के उल्लंघन की शिकायत दर्ज करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप व टोल फ्री नंबर 1950 को विकसित किया गया है जिसके माध्यम से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों को रिपोर्ट कर सकते हैं।

अधिकारी ने कहा सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में रूट मार्च/एरिया डोमिनेशन कर मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील करें। अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों व दबंग लोग जो चुनाव को गलत ढंग से प्रभावित कर सकते हैं ऐसे लोगों को चिन्हित करें। एसपी ने कहा 21 कंपनी सीएपीएफ, एक कंपनी व एक प्लाटून पीएसी, वाह्य जनपदों से आने वाले पुलिस बल व होमगार्डों के ठहरने के लिए किए गए पुलिस प्रबंधों का निरीक्षण कर मानक के अनुरूप फोर्स को ठहरने के लिए आवासीय व्यवस्था, पानी, शौचालय, बिजली बिजली जाने पर वैकल्पिक व्यवस्था जनरेटर, इनवर्टर साफ सफाई आदि मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने एफएसटी, एसएसटी टीमों को और अधिक सक्रिय कर बार्डर, थाना क्षेत्रों में बने बैरियरों पर सभी छोटे बड़े वाहनों संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने कहा। एफएसटी टीम द्वारा अब तक संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों को चेक कर 5 लाख 90 हजार रुपये नगद व एक किलो 870 ग्राम चांदी की बरामदगी की गयी है। पुलिस द्वारा लोस चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अब तक कुल 44,133 को पाबंद कराया गया है। बैठक में सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने जबरन लिखाया सुलहनामा

## पुलिस की करतूत पर भड़की पीड़ित महिला ने किया हंगामा

संवाददाता, धानेपुर



धानेपुर थाने के बाहर मीडियाकर्मियों को सुलहनामा दिखाती पीड़िता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** धानेपुर पुलिस ने जमीन विवाद के मामले में एक महिला की शिकायत पर कार्रवाई करने की बजाय जबरन सुलहनामा लिखाकर मामले को रफा-दफा कराने की कोशिश की। पुलिस की करतूत से नाराज महिला ने थाने के बाहर हंगामा किया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। महिला के हंगामे के बाद पुलिस ने उसे फिर थाने बुलाया और दोबारा जांच का आश्वासन देकर वापस भेजा।

महेश भारी गांव की गीता देवी का गांव के ही कुछ लोगों से जमीन विवाद चल रहा है। इसकी शिकायत उसने थाने पर की थी लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। परेशान होकर उसने एसपी को शिकायती पत्र दिया तो कप्तान ने पुलिस को केस की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। इस पर पुलिस ने महिला को बुलाया और उससे जबरन सुलहनामा लिखा लिया। इस पर महिला भड़क गई और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की खबर पर स्थानीय मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। मामला बढ़ता देख पुलिसकर्मी उसे फिर बुलाकर थाने ले गए और मामले की फिर जांच का आश्वासन दिया। मामले की जांच के लिए बीट सब इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया है।

### जमीन विवाद में मारपीट पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**धानेपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के जानकी नगर के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने भाई, भतीजे व उसके रिश्तेदार पर भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिशुनपुर माफी के मजरा जानकी नगर के रहने वाले शैलेंद्र उर्फ दद्दन पासवान के मुताबिक उनके भाई देवमणि पासवान ने अपने हिस्से की भूमि को बेंच लिया। इसके बावजूद उसके व उसकी मां के खेत की भूमि में हिस्सा मांग रहा था। विरोध करने पर उसके भाई ने अपने दो बेटे व साले के लड़के के साथ मिलकर मारपीट की। जिससे चोटे आई है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि आरोपी देवमणि पासवान, उसके बेटे अंकुर पासवान व गोलू पासवान, देवमणि के साले का लड़का निवासी सहरसा बलरामपुर राहुल पासवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।



सांसद का स्वागत करते ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने किया सांसद का स्वागत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** ट्रक ओनर्स एसो. ने गोंडा सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विखं पंडरी कृपाल अंतर्गत जाय नगरा गांव में जनसभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद कीर्तिवर्धन सिंह रहे। ट्रक ओनर्स एसो. के मंडल अध्यक्ष श्याम पाल सिंह, जिलाध्यक्ष अनुराग तिवारी व बी पैक्स समिति पंडरी कृपाल के अध्यक्ष अशोक पांडे की अगुवाई में ट्रांसपोर्टरों ने सांसद का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा भाजपा सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अमर किशोर, बम-बम जिला उपाध्यक्ष संदीप पांडे, राजीव रस्तोगी, चंद्र मौली मिश्र, सुनील शुक्ला, उमेश शुक्ला, मुकेश अग्रवाल पिंटू, मदन मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, लल्लू सिंह, राघव राम, शैलेंद्र सिंह बिसेन, रवि पाठक, अफसर अली, हिम्मत अली, राज बहादुर वर्मा ,बृजेश मिश्रा, राम ललित पांडे, अनु, विपिन तिवारी, सिद्धार्थ, परमानंद शुक्ला, विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सपा सांपनाथ ,बसपा नागनाथ तो कांग्रेस है कालिया नाग : केशव

**बलरामपुर, अमृत विचार।** छोटा परेड ग्राउण्ड में सोमवार को लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैसड़ी विधानसभा प्रत्याशी शैलेश सिंह शैलू के नामांकन से पूर्व जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत विरोधी ताकतें नरेन्द्र मोदी की सरकार नहीं बनने देना चाहती हैं। विरोधी दल उन्हीं के ऐजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। मेरा दावा है कि राहुल गांधी रायबरेली से तो अखिलेश यादव कन्नौज से इस बार फिर पत्नी डिंपल यादव की तरह चुनाव हारेंगे।

भाजपा ने देश में विकास यात्रा शुरू की है। भ्रष्टाचारी घबराए हैं। 400 सीट जीतने से लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा ऐसा दुष्प्रचार कर रहे हैं। 10 साल से भाजपा की सरकार

**बोले उपमुख्यमंत्री - राहुल रायबरेली तो अखिलेश कन्नौज से हार रहे हैं चुनाव**

चल रही है। लोकतंत्र को हमेशा मजबूत करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश करने से पहले संसद के सामने पीएम मोदी ने माथा टेका था। बाबा साहब का बनाया संविधान है। इससे कोई छेड़छाड़ नहीं होगा। मोदी ने जो कहा वह पूरा किया। सूबे में सपा सरकार के समय बिजली आती नहीं थी। योगी की सरकार में बिजली जाती नहीं है। 4 जून के बाद 70 साल से उपर के सभी लोगों को पांच लाख की निशुल्क इलाज की गारंटी मिलेगी। देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मोदी जी को 400 सीट चाहिए। भारत माता की



छोटा परेड ग्राउंड में नामांकन सभा के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

जय नहीं बोलने वाले टुकड़े टुकड़े गैंग को रास्ते पर लाने के लिए 400 सीटें चाहिए। मोदी जी ने कहा है कि 370 मैंने हटा दिया है अब आप हर बूथ पर पिछली बार से 370 वोट बढ़ाना होगा। विपक्ष के उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जाएगी। 25 मई श्रावस्ती तथा गैंसड़ी विधान सभा का चुनाव है। लोकसभा में कमल खिलेगा तो सीट का आंकड़ा 400 पार होगा और समान नागरिक संहिता लागू होगी। कांग्रेसियों ने अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए धारा 370 लगायी थी। भाजपा पावर में नहीं आती तो 370 नहीं हटती। भाजपा ने तीन मुख्य वादे किए थे। धारा 370 हटाना, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण व समान नागरिक संहिता। दो काम पूरे हो चुके हैं। समान नागरिक संहिता का वादा इस बार सरकार बनने पर पूरा होगा। सपा सांपनाथ है, बसपा नागनाथ कांग्रेस कालिया नाग है। मोदी के टक्कर का कोई नेता देश में नहीं है। विपक्ष के पास न कोई नेता है और न ही मुद्दा है। भारत विरोधी ताकत मोदी को सरकार बनाने नहीं देना चाहती। मोदी को प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटाने के लिए विपक्ष सभी हथकंडे अपना रहा है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी बोलते थे एक रूपया जाता है तो 15 पैसा पहुंचता है। 34 लाख करोड़ रूपए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों के खाते में पहुंचा है। और कोई पार्टी की सरकार होती तो ये पैसा वह डकार गए होते। इसीलिए मोदी जी को प्रधानमंत्री नहीं बनने देना चाहते। 10 साल जो सरकार चली है वह ट्रेलर था। असली पिक्चर 4 जून के बाद दिखेगी। मोदी जी की गारंटी की गारंटी है।

साकेत को सांसद, शैलू को विधायक बनाना है। सपा वाले मेरे प्रति अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। हम आरएसएस के लोग हैं। किसी को अपशब्द नहीं कहते। कमल का बटन दबाकर इनका जवाब देना है। गरीब को अमीर बनाने वाला चुनाव समझकर कमल का बटन दबाइये। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा व गैसड़ी विधानसभा प्रत्याशी शैलेश शैलू को जिताने की अपील मौजूद लोगों से की। सभा में लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडे, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पदम सेन चौधरी, डा. अजय सिंह पिंकू, पूर्व मंत्री हनुमत सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, महामंत्री वरुण सिंह मोनू , रवि मिश्रा, बिंदु विश्वकर्मा, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पांडे,ब्लाक प्रमुख गोविंद सोनकर मनोज तिवारी जगदंबा सिंह विक्की सिंह, राजकुमार ओझा, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, श्रावस्ती आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल लाकर किया नाम रोशन



सत्यम त्रिपाठी। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश स्टेट बॉक्सिंग चैंपियन शिप बनारस में आयोजित प्रतियोगिता गोल्ड मेडल प्राप्त कर नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में श्रावस्ती का लाल सिलेक्ट हुआ। श्रावस्ती जिले के इकौना चौक निवासी सत्यम त्रिपाठी पुत्र मयंकर त्रिपाठी उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए वाराणसी में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट थाई चैंपियनशिप मैं गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने के बाद आज उनका प्रथम आगमन अपने इकौना क्षेत्र में आने पर इनका भव्य स्वागत किया जाएगा। श्रावस्ती जिले का नाम रोशन पर क्षेत्र में काफी उत्साह है इसके लिए क्षेत्र के लोगों ने कोच शादाब खान को बहुत-बहुत बधाई दी है। सत्यम त्रिपाठी के कार्य पर क्षेत्र लोगों में काफी कुछ खुशी का उत्साह है।

### जिले में पहुंचे लोकसभा चुनाव प्रेक्षक

बलरामपुर अमृत विचार। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र का चुनाव सकुशल संपन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग ने 2014 बैच के आईएएस किशोर कुमार को प्रेक्षक बनाया है। किशोर कुमार का जनपद में आगमन हो चुका है। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सुभाष चंद को प्रेक्षक का लाइजनिंग अफसर बनाया गया है।

### अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों के घर जले

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले के नवीन थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकपुर चैती पूरवा में अज्ञात करण से लगी आग के चलते कई घर में आग लग गई इस दौरान आग बुझाने के चक्कर में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। ग्राम तुलसीपुर चैती पुरवा निवासी तुलाराम राम बनारस तथा राम मनोहर के घर में अज्ञात कारण से आग लग गई घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आज की चपेट में आने से एक महिला भी गंभीर रूप से झूलस गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। वहीं दूसरी घटना ग्राम तेंदुआ पंडित में अयोध्या राजेश ननकू के मकान में आग लग गई जिसमें घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# 12वीं में शिखर , दसवीं में रतन व सुहानी अव्वल

## आईएससी बोर्ड 12वीं तथा आईसीएसई बोर्ड 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



शिखर मिश्र।



रतन श्रीवास्तव।



सुहानी पटेल। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आईएससीई व आईसीएसई बोर्ड ने सोमवार को हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज बलरामपुर के छात्र शिखर मिश्र ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले मे पहला स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल की परीक्षा में जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज के छात्र रतन श्रीवास्तव एवं स्टार वड्र्स पब्लिक स्कूल तुलसीपुर की छात्रा सुहानी पटेल 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से अव्वल रहे। परिणाम घोषित होते ही मेधावी खुशी से नाच उठे। सेल्फी लेने के साथ ही मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को बधाई दी। विद्यार्थियों की सफलता पर जहां विद्यालय प्रशासन गदगद दिखा, वहीं परिजन भी अपने बच्चों की सफलता पर झूम उठे।

11 बजे से आईएससी व आईसीएसई बोर्ड ने इंटरमीडिएट व हाईस्कूल की परीक्षा परिणाम घोषित किया। परिणाम घोषित होते ही नगर के जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज तथा तुलसीपुर के स्टार वड्र्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी व अभिभावकों की भीड़ जुटने लगी। शिक्षक विद्यार्थियों का रिजल्ट देखने लगे। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में इस बार भी जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज दबदबा रहा। इंटरमीडिएट की परीक्षा में जहां इसी विद्यालय के शिखर मिश्र 96 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर बने। वहीं 95.5 प्रतिशत अंकों के साथ मोहम्मद असलम अंसारी द्वितीय, 93.8 अंकों के साथ उमरा वारसी तीसरे स्थान पर रहीं। हाईस्कूल की परीक्षा में जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज के छात्र रतन श्रीवास्तव एवं स्टार वड्र्स पब्लिक स्कूल की छात्रा सुहानी पटेल ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले मे अव्वल रहे। 91.4 अंकों के साथ जीत श्रीवास्तव ने दूसरा एवं 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ अनिकेत सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज के प्रशासक क्रेग बटरफील्ड ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 123 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। सभी उत्तीर्ण रहे। इसी तरह हाईस्कूल की परीक्षा में 169 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से 168 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक क्लाइव बटरफील्ड व प्रधानाचार्य कैथरीन बटरफील्ड ने बच्चों की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आईसीएसई बोर्ड के दूसरे विद्यालय स्टार वड्र्स पब्लिक स्कूल तुलसीपुर का परीक्षा परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कलहंस तथा प्रधानाचार्य प्रभा सिंह ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में 141 परीक्षार्थियों में से 140 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में 96 परीक्षार्थी शामिल हुए थे सभी उत्तीर्ण रहे। हाईस्कूल में सुहानी पटेल व श्रेया सिंह ने क्रमशः 92.8 व 90.8 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इंटरमीडिएट में कुश सिंह ने 91 प्रतिशत व हिमांशु एवं ईशान सिंह ने 89 प्रतिशत अंक हासिल करके सफलता पाई है।विद्यालय में सभी विद्यार्थियों ने अपना परीक्षा परिणाम देखकर खुशी व्यक्त किया है। इस अवसर पर शिक्षक धर्मेंद्र गुप्ता, फरहान खां, युसुफ शब्बीर, सतीश शुक्ला, सत्येन्द्र मिश्रा, वैभव सिंह, शिवेन्द्र श्रीवास्तव, अनिरुद्ध सिंह समेत अन्य लोगों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।





जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज में बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट पाने के बाद खुशी से सेल्फी लेती छात्राएं और तुलसीपुर के स्टार वड्र्स पब्लिक स्कूल में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के बाद खुशी का इजहार करते विद्यार्थी व शिक्षक।

# सपा के अधिकृत प्रत्याशी को लेकर चला ड्रामा

**असमंजस**

**नामांकन के आखिरी दिन दो-दो लोगों ने पेश की सपा से दावेदारी**

**बलरामपुर, अमृत विचार।** श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के टिकट को लेकर नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन भी हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा ।टिकट को लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई है। समाजवादी पार्टी ने पहले ही बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया था। राम शिरोमणि वर्मा अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर चुके थे। र

विवार के दोपहर बाद से अचानक पूर्व विधायक और कांग्रेस के प्रदेश महासचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु के सपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई। रात भर धीरू सिंह के समर्थकों ने गोला पटाखा दाग कर जश्न भी मनाया। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन मंगलवार को धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने सपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भी भरा है। पार्टी नेतृत्व का रुख साफ न होने के चलते अभी भी उहापोह की स्थिति बनी हुई है। कुछ लोग राम शिरोमणि वर्मा को सपा का अधिकृत उम्मीदवार बता रहे हैं तो कुछ लोग धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू को। बहरहाल धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद से राजनैतिक हलचल तेज हो गई है। सपा खेमें में कहीं खुशी और कहीं निराशा के भाव हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी के भीतर गुटबाजी भी साफ नजर आने लगी है। सोमवार शाम करीब 2:30 बजे फिर से नामांकन करने पहुंचे सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने दावा किया कि पार्टी के राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से अधिकृत उम्मीदवार घोषित कर दिया है। उन्होंने पार्टी द्वारा दिया गया पत्र भी रिटर्निंग ऑफिसर को उपलब्ध करा दिया है। अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में गठबंधन के बीच मची कड़वाहट को किस तरह दूर किया जाएगा।



राम शिरोमणि वर्मा।



धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु। अमृत विचार

# नदारद मिले कर्मियों का एक दिन का कटेगा वेतन

**कार्रवाई**

**मनरेगा रजिस्टर की जांच करने पर 5 कर्मी पाये गये अनुपस्थित**

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** सोमवार को जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खंड कार्यालय सिरसिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया तो ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात 11 कर्मचारी नदारद मिले।

सहायक पंचायत अधिकारी अजीत कुमार जायसवाल, ब्लॉक मिशन मैनेजर क्रमशः महेंद्र कुमार व कृष्ण दीपेश श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक क्रमशः सहेन्द्र कुमार वर्मा, कमला प्रसाद मिश्र, अभिषेक रमन, आलोक रंजन, रवि प्रकाश, अखिलेश कुमार, सर्वेश कुमार सिंह एवं ईओ बृजेश कुमार पाण्डेय अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा इन प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए उन्होने अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। वहीं हस्ताक्षर बनाकर नदारद अधिकारियों कर्मचारियों से जवाब तलब करने के खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया है।

**तैयारी** आज होगी नामांकन पत्रों की जांच, गुरुवार शाम 3 :00 बजे तक नामांकन वापस ले सकते हैं प्रत्याशी

# श्रावस्ती लोकसभा के लिए 18 तथा गैंसड़ी विधानसभा के लिए 8 ने भरा पर्चा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा श्रावस्ती के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन कुल 18 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।वही गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के किये 8 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

सोमवार को लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी/ रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद सिंह की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने तीन सेट, धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, बसपा प्रत्याशी मोइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान, आम जनता पार्टी के प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ला ने एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं अनिल कुमार तिवारी, सुजीत कुमार, शांति देवी, हनुमान प्रसाद, बालमुकुंद, अहमद जिया खान, कुमारी गीता गौतम, अशरफ हुसैन खान, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, मालिक राम, कृष्ण कुमार, मोहम्मद शफीक और कृष्ण कुमार ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र जमा किया।

गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू तीन सेट, बसपा प्रत्याशी मोहम्मद हारिस खान दो सेट और सपा प्रत्याशी राकेश कुमार यादव ने 3सेटो में नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि महेंद्र कुमार, शेषराम मोहम्मद गुलजार अहमद,लक्ष्मण लाल, राम दुलारे ने एक सेट में अपना पर्चा भरा है। नामांकन के आखिरी दिन सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। अधिकृत व्यक्तियों को ही कलेक्ट्रेट परिसर में आने की इजाजत दी गई थी। किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए एएसपी, एसडीएम सहित तमाम आला अफसर भ्रमणशील रहे।बता दे कि छठे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया की आखिरी तिथि सोमवार तक निर्धारित की गई थी। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नौ मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे।





कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन दाखिल करने पहुंचे श्रावस्ती लोकसभा भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा और श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा (दाएं)।

## सार-संक्षेप

### चित्रकला प्रतियोगिता में हर्षिता पांडेय ने मारी बाजी



चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य। अमृत विचार

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में संचालित पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब की ओर से सोमवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हर्षिता पाण्डेय को पहला स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश के संस्कृति मंत्रालय व भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के निर्देशन में अपने महाविद्यालय विश्वप्रसिद्ध पद्मभूषण कथक नृतक के नाम पर पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब का गठन किया गया था जिसके लिए प्रो0 रेखा विश्वकर्मा को प्रभारी व लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान को सह प्रभारी नियुक्त किया गया था। उसी क्रम में दोनों प्रभारियों के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गहरी समझ को बढ़ावा देकर छात्रों को सशक्त बनाना है जो भारत में शैक्षिक सुधारों के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करती है। पेंटिंग जैसी आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को शिक्षा के बारे में अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रभारी / इंचार्ज क्लब प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, समन्वयक डॉ अनामिका सिंह व कोषाध्यक्ष डॉ स्वदेश भट्ट ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सहप्रभारी व क्लब के सचिव लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब की गतिविधियां छात्र-छात्राओं के रचनात्मक विकास में अपेक्षित सहयोग करेगा। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ वंदना सिंह, मणिका मिश्रा व सीमा पाण्डेय ने बीएससी छठें सेमेस्टर की हर्षिता पाण्डेय को प्रथम, बीएड प्रथम वर्ष की शुभि सिंह को द्वितीय व बीए चतुर्थ सेमेस्टर की हर्षिता श्रीवास्तव को तृतीय स्थान के लिए चुना।

### सास-ससुर व पति समेत सात पर दहेज हत्या का मुकदमा

**बलरामपुर।** नगर के मोहल्ला निबकौनी में शनिवार की रात अफजल की पत्नी अफसाना (24) की घर पर ही मौत हो गई थी। मृतका के मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतका के पिता ग्राम बासेपुरवा लोनावा दरगाह थाना खरगुपुर जनपद गोंडा निवासी अब्दुल हलीम ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर दहेज में कार मांगने का आरोप लगाया। मांग पूरी न होने पर बेटी को प्रताड़ित कर जान से मार डालने का आरोप भी ससुरालीजनों पर लगाया। नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति अफजल खान, ससुर असलम खान, सास शाहीन खान, देवर अहमद खान व असद खान तथा ननद मनतसा व गुलफसा के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश के साथ साथ मामले मे अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अग्निकांड पीड़िता को रेडक्रॉस ने दी सहायता

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जनपद के इकौना तहसील के अंतर्गत नरायणजोत गांव में अग्निकांड में राधा की गृहस्थी नष्ट हो गयी थी जिसकी सूचना मिलने पर जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी कृतिका शर्मा के निर्देश पर पीड़िता को राहत सामग्री दी गयी। पीड़िता को जनपद के इमरजेंसी आपरेशन सेंटर में सचिव रेडक्रॉस द्वारा तिरपाल, हायजीनकिट व ढक्कन युक्त बाल्टी प्रदान की गयी। पीड़िता ने राहत सामग्री देने के लिए संस्था को धन्यवाद दिया है। जिलाधिकारी/ अध्यक्ष कृतिका शर्मा ने बताया कि जनपद में इस बार गर्म मौसम के कारण बार बार अग्निकांड की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे पीड़ितों को शासन द्वारा अनुमन्य सहायता के अतिरिक्त रेडक्रॉस द्वारा त्वरित सहायता दी जा रही है। इससे पीड़ित को अपना दैनिक जीवन सुचारु करने में मदद मिलती है। राहत सामग्री प्रदान करने के उपरान्त सचिव अरुण कुमार मिश्र ने कहा जनपद में हो रहे सभी अग्निकांड में रेडक्रॉस की तरफ से त्वरित सहायता प्रदान की जा रही है इससे पीड़ित परिवार की दिनचर्या सामान्य होने में मदद मिलती है साथ ही तिरपाल का प्रयोग कर पीड़ित हीटवेव से अपने आप को सुरक्षित कर पाते हैं। श्रावस्ती की रेडक्रॉस शाखा ने अब तक सभी आपदाओं में पीड़ितों की मदद करने का प्रयास किया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल गंगाराम मौजूद रहे।

### पीएचसी के निरीक्षण में गायब मिलीं महिला चिकित्सा अधिकारी




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

**बलरामपुर।** सोमवार को सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोकहिया बलरामपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ नमिता समेत कुल पांच कर्मी अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का एक दिन का वेतन रोकने आदेश दिया।चिकित्सालय भवन व परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ जावेद अख्तर को निर्देश दिया। सीएमओ ने हीट वेव से प्रभावित मरीजों को बेहतर इलाज हेतु चिकित्सकों एवम् मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया।प्रसव कक्ष के निरीक्षण कर उन्होंने डॉ जावेद अख्तर को निर्देशित किया कि सभी प्रसूताओं को 48 घण्टे तक अस्पताल में अवश्य रोका जाय और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाएं जैसे मुफ्त दवा, खाना, जांच ,परिवहन आदि सभी प्रसूताओं को अवश्य प्रदान किया जाय। आशाओं को निर्देश दिए जाए की वे गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव हेतु सरकारी चिकित्सा इकाइयों पर ही लेकर जाए। किसी भी गर्भवती महिला को कोई भी आशा प्राइवेट अस्पतालों में न लेकर जाय। अगर आशा किसी गर्भवती को प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव करवाती पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। निरीक्षण के समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया के स्टाफ मौजूद रहे।

# हाईस्कूल में सिद्धार्थ और इंटर में अना ने फहराया परचम



आईसीएसई बोर्ड का परिणाम आने के बाद खुशी मनाते बैरोज ब्लू बेल्स छात्र। अमृत विचार



सेवेंथ डे स्कूल में छात्रा को मिठाई खिलाते शिक्षक।

**हाईस्कूल में उत्तीर्ण मेधावी**



सिद्धार्थ शुक्ल 98.4 प्रतिशत | उत्कर्ष पांडेय 98 प्रतिशत | दिव्य कुमार 97.40 प्रतिशत | मुस्कान मतनहेलिया 96.80 प्रतिशत | आरव त्रिपाठी 92.2 प्रतिशत

**इंटर में उत्तीर्ण मेधावी**



अना जैनब 95.5 प्रतिशत | कौस्तुभ मिश्रा 97.5 प्रतिशत | समृद्धि चौबे 93.75 प्रतिशत | शुभ पांडेय 94 प्रतिशत | सृष्टि सिंह 93.50 प्रतिशत

बहराइच

**अमृत विचार।** आईसीएसई बोर्ड का 10 वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। इस बोर्ड से संबद्ध जिले के सभी स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परिणाम आने के बाद सभी विद्यालयों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

आईसीएसई बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में सिद्धार्थ शुक्ला व इंटरमीडिएट में अना जैनब अव्वल रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को शिक्षकों व माता-पिता ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

कक्षा 10 आईसीएसई में बैरोज ब्लू बेल्स स्कूल के सिद्धार्थ शुक्ला ने 98.4 प्रतिशत अंक व कक्षा 12 आईएससी में सेवेंथ डे इंटर कॉलेज की अना जैनब ने 95.5 प्रतिशत अंक पाकर अव्वल रहे। जबकि सेवेंथ डे इंटर कॉलेज के हाईस्कूल में उत्कर्ष पांडेय ने 98 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे व सेंट नार्बट के दिव्य कुमार ने 97.40 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं असेंबली आफ गॉड चर्च विद्यालय इंटरमीडिएट में रिशिमा श्रीवास्तव ने 94.2 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे व सेंट पीटर इंटर कॉलेज नानपारा के शुभ पांडेय 94 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

# किशोर समेत तीन लोगों की घाघरा में डूबकर मौत

## बहन की विदाई समारोह में आया भाई भी पानी में डूबा

जरवलरोड, बहराइच



अचिन (फाइल फोटो)। श्रवण (फाइल फोटो)। सचिन (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार।** लखनऊ निवासी एक परिवार के लोग बहन की विदाई के लिए जरवल रोड थाना क्षेत्र के तपेसिपाह गांव पहुंचे। थे। गर्मी अधिक होने पर दोपहर में 2:00 बजे सभी घाघरा नदी में स्नान करने के लिए चले गए। इस दौरान दुल्हन के भाई समय तीन लोगों की नदी में डूबकर मौत हो गई।

जरवल रोड थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत तपेसिपाह धोबिनपुरवा रामतेज के बेटे धर्मेंद्र कुमार की शादी 25 अप्रैल को लखनऊ से हुई थी। सोमवार को वधू की विदाई कार्यक्रम बना था। जिस लड़की पक्ष के लोग बहन रजनी की विदाई के लिए सोमवार सुबह वाहन से गांव तपेसिपाह आए। विदाई में समय होने और गर्मी अधिक होने के चलते लड़की का भाई लखनऊ के थाना ठाकुरगंज के रेजिडेंस निवासी श्रवण निषाद (20) पुत्र राम लखन, अपने परिवार के सचिन निषाद (18) पुत्र हनुमान निषाद निवासी खदरा मडैयगंज और थाना बक्शी का तालाब छुठ्ठी मिल निवासी अचिन निषाद (17) पुत्र सुशील निषाद घाघरा नदी में स्नान करने चले गए। कुछ देर बाद सभी नदी में डूब गए।

आसपास मौजूद लोगों ने तीनों को घाघरा नदी के पिलर संख्या तीन के पास पानी में डूबते देखा। सूचना परिवार को दी गई। सभी लोग मौके पर पहुंचे। पानी से बाहर तीनों को निकाल कर सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। एसडीएम पंकज कुमार दीक्षित, थानाध्यक्ष बृज प्रसाद, राजस्व निरीक्षक वहीद कमाल, उप निरीक्षक समेत अन्य पहुंचे। सभी ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पोस्टल बैलट फैसिलिटी सेन्टर का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पीजी कालेज बहराइच में आयोजित मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के निरीक्षण के पश्चात अन्य अधिकारियों के साथ 56-बहराइच सुरक्षित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों हेतु संचालित किये जा रहे पोस्टल बैलेट फैसिलिटी सेन्टर का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कार्मिक प्रशिक्षण स्थल पर मतदान कार्मिकों को पोस्टल मतदान की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विधानसभावार पोस्टल बैलेट फैसिलिटी सेन्टर स्थापित किये गये है, तथा प्रत्येक सेन्टर पर एआरओ की तैनाती भी की गयी है। इस अवसर पर नोडल मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रभारी पोस्टल बैलेट राकेश कुमार मौर्या व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# 25 हजार के इनामी अपराधी को पुलिस व एसओजी टीम ने पकड़ा

मोतीपुर, बहराइच



इनामी अपराधी के पकड़े जाने के बारे में जानकारी देती एसपी।

**अमृत विचार।** मोतीपुर पुलिस और एसओजी की टीम ने 25 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध कई केस दर्ज हैं। वह वर्ष 2014 से फरार चल रहा था।

मोतीपुर थाने में दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में एक अपराधी वर्ष 2014 से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि फरार अपराधी के विरुद्ध 25000 रूपये का इनाम घोषित था। वह बलरामपुर जिले का निवासी है, लेकिन हुलिया बदलकर इस समय अपराधी मुंबई में रहता था। एसपी ने बताया कि एसओजी और मोतीपुर थाने की पुलिस को अपराधी के मोतीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पड़रिया के पास होने की सूचना मिली। जिस पर प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह और एसओजी प्रभारी अनुज कुमार त्रिपाठी की टीम ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी ने बताया कि अभियुक्त वर्ष 2014 में घटना करने के उपरान्त अपने जनपद बलरामपुर से मुम्बई (महाराष्ट्र) भाग गया था। बलरामपुर मे रहने वाले अपने परिवार के सभी सदस्यों से सम्पर्क तोड़कर मुम्बई मे बस गया और मुम्बई के ही पते पर अपना आधार कार्ड बनवा लिया तथा मुम्बई में अपने दोस्त के नाम पर सिमकार्ड व मोबाइल फोन का उपयोग कर रहा था। इस तरह अपनी पहचान छिपाकर अब तक पुलिस के चंगुल से बचा हुआ था। पुलिस टीम ने बलरामपुर में रहने वाले परिजनो से संपर्क कर जिले में आने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## सार-संक्षेप

### श्याम तेरे भक्तों को आपका ही सहारा है



श्याम भजन प्रस्तुत करते गायक और मौजूद श्रद्धालु।

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार।** रिसिया के श्री संतोषी माता श्री श्याम बाबा मंदिर पर श्री श्याम सांवरिया संघ की ओर से छठे वर्ष भजन संध्या का आयोजन किया गया। सांवरे सरकार की महफिल सजाई गई है। रिसिया नगर में सुनहरी शाम खाटू वाले के नाम से सजे स्लोगन में एक शाम लाज बचाने वाले के नाम से भजन संध्या का आयोजन एक दिन पूर्व किया गया। भजन संध्या में भजनों की अमृत धारा बह रह रही थी। अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योति एवम छप्पन भोग के बाद भजनों की वर्षा शुरू हुई। भजनों में गणेश वन्दना के साथ रजनीश गर्ग ने शुरुआत किया। उसके बाद कोलकाता से आए भजन गायक सौरभ शर्मा ने भजनों से धूम मचा दिया। श्याम तेरे भक्तो को तेरा ही सहारा है। कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है तो वही माही पोरवाल नानपारा ने हारे के सहारे की जय-जय कार हो। उसके बाद अन्य भजन गायकों ने भजन गायन कर रात भर श्रद्धालुओं की महफिल जमाए रखा। कार्यक्रम का संचालन रजनीश गर्ग ने किया।

### चार मकानों से नकदी समेत लाखों की चोरी



फखरपुर क्षेत्र में चोरी के बाद बिखरा समान।

**बहराइच/हुजूरपुर, अमृत विचार।** फखरपुर और हुजूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार रात चोरों ने चार घरों में चोरी की। सभी नकदी समेत हजारों रूपये लेकर की चोरी की। पुलिस ने जांच कर केस दर्ज करने की बात कही है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेड़वा अल्पी मिश्र गांव और मजरा टेड़वा उजार गांव में रविवार रात को चोर घुस गए। चोरों ने अधिवक्ता राहुल कुमार वर्मा, जाकिर अली पुत्र नजर मोहम्मद समेत तीन घरों में चोरी की। ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने सात हजार रूपये नकदी, दो मोबाइल समेत अन्य सामान की चोरी की। सोमवार सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है। तीन मकान से 80 हजार से अधिक की चोरी हुई है। एक ही गांव में तीन मकानों में चोरी से गांव के लोगों में हड़कंप है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि तीन मकान से चोरी हुई है। पुलिस ने जांच की है। केस दर्ज कराया जा रहा है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। उधर हुजूरपुर थाना क्षेत्र के त्रिकोलिया गांव निवासी ग्रामीण के यहां चोर घुस गए। दीवार फांदकर घुसे चोरों ने लाखों की चोरी की। सीओ रूपेंद्र गौड़ ने घटना का जायजा लिया है।

### नशा मुक्त समाज से महिलाएं होंगी सुरक्षित



महिलाओं को जागरूक करतीं पदाधिकारी। अमृत विचार

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** रानी लक्ष्मी बाई नारी संघ भखरौली कनपुरवा की बैठक हुई। जिसके अंतर्गत नारी संघ ने गांव के पुरुषों के साथ संवाद स्थापित कर समाज में एक बड़ी बुराई बढ़ रहे नशे के खिलाफ आवाज उठाई। अपराजिता द्वारा गठित रानी लक्ष्मी बाई नारी संघ समाज के विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता अभियान चला कर उसपर पैरवी भी कर रही है। बैठक में पुरुषों के साथ संवाद स्थापित कर उनको अपने मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास कर रहा है। नारी संघ अगुवाकार इंद्रावती ने बताया कि गांव में अक्सर शाम को पुरुष नशे में धुत घर आते हैं, और घर में महिलाओं के साथ मार पीट भी करते हैं इसके वह से समाज की बहन बेटियां असहज महसूस करती हैं। कार्यकर्ता नमन द्वारा कई महिला संरक्षण कानूनों पर चर्चा की गई, बैठक में मतदाता जागरूकता हेतु सभी को शपथ भी दिलाई गई, बैठक में नारी संघ की अगुवाकारे, पुरुष, किशोर, किशोरियां, बच्चे, अन्य ग्राम वासी, अपराजिता कार्यकर्ता नमन, सोनी, जितेंद्र मौजूद रहें।

### प्रशिक्षण से अनुपस्थित 40 कार्मिकों पर एफआईआर के निर्देश

**बहराइच, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए शहर के किसान डिग्री कॉलेज में प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें 40 कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित रहे। सीडीओ ने केस दर्द करने के निर्देश दिए हैं। बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों हेतु स्व. ठाकुर हुकम सिंह किसान पीजी कालेज बहराइच में 03 दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रथम पाली में पीठासीन अधिकारी 02, मतदान अधिकारी द्वितीय 02 व तृतीय 11 कुल 15 तथा द्वितीय पाली में पीठासीन अधिकारी 01, मतदान अधिकारी प्रथम 03, मतदान अधिकारी द्वितीय 04 व तृतीय 17 कुल 25 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाये गये हैं। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/सीडीओ रम्या आर ने प्रशिक्षण के प्रथम दिन अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को निर्देश दिया कि 07 मई को ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में प्रशिक्षण से अनुपस्थित समस्त कार्मिकों के विरूद्ध लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी।

### ईवीएम कमिशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए 56-बहराइच संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच के लिए संचालित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग कार्य का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का भ्रमण किया। डीएम ने विधानसभावार लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कार्मिकों से जानकारी प्राप्त करते हुए कमिशनिंग कार्य त्रुटि रहित तरीके से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।

### 25 लाख मूल्य की स्मैक बरामद

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार।** भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने जांच के दौरान एक स्मैक तस्कर को पकड़ा। उसके पास से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसे सीज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव की अगुवाई में पुलिस और एसएसबी के जवान सीमा पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान जवानों ने ईण्डो नेपाल बार्डर आईसीपी रोड आम की बाग के पास से राजन कुमार चौधरी पुत्र राकेश कुमार चौधरी निवासी रायडीह थाना पयागपुर जनपद बहराइच को 50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

# खेत से लौट रहे वृद्ध पर तेंदुए का हमला



तेंदुए के हमले में घायल वृद्ध।

**बिछिया, बहराइच, अमृत विचार।** निशानगाड़ा रेंज के आजमगढ़ पुरवा गांव निवासी वृद्ध सोमवार सुबह खेत से नित्य क्रिया के बाद वापस लौट रहा था। तभी तेंदुए ने हमला कर दिया। वृद्ध को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जनपद के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीकोट के आजमगढ़ पुरवा गांव निवासी 70 वर्षीय उमाशंकर पुत्र देवराज सोमवार को नित्य क्रिया के लिए खेत को गया था। वापस लौटते समय सुबह आठ बजे जंगल से निकल कर आए तेंदुए ने हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग हांका लगाते हुए दौड़ पड़े। जिसपर तेंदुआ वृद्ध को छोड़कर जंगल में भाग गया। लोगों की सूचना पर पहुचे वन रक्षक कौशल किशोर सिंह, वाचर पंकज यादव ने घायल को एम्बुलेंस से पीएचसी सुजौली भर्ती कराया। जहां से घायल को सीएचसी मिहीपुरवा रेफर कर दिया गया। एम्बुलेंस डायल 108 के ईएमटी मनमोहन वर्मा ने बताया कि घायल के गर्दन व सिर में चोंट आई है।

# पुरखे भी उतर आएं फिर भी राम मंदिर रहेगा अपनी जगह

मिहीपुरवा/बिछिया, बहराइच




उर्रा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने आचार्य प्रमोद कृष्णन के बयान के हवाले से सोमवार को यहां कहा कि ने कांग्रेस की सरकार फिलहाल आने वाली नहीं है। अगर आ भी गई तो वह राम मंदिर और धारा 370 पर कुछ नहीं कर सकती है। कांग्रेस पहले से ही चाहती है कि राम मंदिर के स्थान पर संग्रहालय बने, लेकिन यह सनातन समाज की एकजुटता का संदेश है कि अयोध्या में राम लला विराजमान हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री बलहा विधानसभा क्षेत्र के उर्रा में भाजपा प्रत्याशी आनंद गौड़ के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइकिल पंचर हो गया है। हाथी बूढ़ा हो चला है। गरीब जनता, किसान और व्यापारी भाजपा के साथ है। ऐसे में भाजपा ने यहां से युवा पढ़े लिखे डॉक्टर आनंद गौड़ को प्रत्याशी बनाया है। सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नानपारा राम निवास वर्मा, आलोक जिंदल, शिव सागर गौतम, सौरभ वर्मा, अरुणेंद्र सिंह अंकित, हरिश्चंद्र गुप्ता, योगेश प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

**क्या बोले प्रमोद कृष्णन**

उप मुख्यमंत्री के मुताबिक आचार्य प्रमोद कृष्णन ने एक कार्यक्रम में कहा था कि राहुल गांधी ने कुछ लोगों के साथ बैठक की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस की सरकार आने पर राम मंदिर और धारा 370 उसी तरह हटाया जाएगा। जिस प्रकार शाहबानो केस में संसद में कानून बनाकर जांच की गई थी।

## तीन दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावना

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के लिए मौसम विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में तीन दिन तक मौसम खराब रहने की संभावना है। जिले व आसपास के इलाकों में मेघ गर्जन, वज्रपात तथा आंधी आने की संभावना व्यक्त की गई है। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, द्वारा आमजन को सुझाव दिया गया है कि मौसम बिगड़ने पर घर में रहें, खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें, मौसम खराब होने पर पेड़ों के बजाय सुरक्षित जगह पर आश्रय लें, 'कंक्रीट के फर्श पर न लेटें तथा दीवारों का सहारा न लें। जलस्रोतों से दूर रहे, इलेक्ट्रानिक उपकरणों को अनप्लग रखें। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि 7 से 9 मई तक सतर्कता बरतें।

# शहरी क्षेत्र में जाकर डीएम ने पर्ची वितरण की जांची हकीकत

बहराइच



शहर वासियों से वार्ता करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को नगर क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाता पर्ची वितरण के बारे में लोगों से जानकारी ली। साथ ही बीएलओ को शत प्रतिशत पर्ची वितरण करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने सोमवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के मतदान केन्द्र आदर्श संस्कृत आयुर्वेद महाविद्यालय काजीकटरा के बूथ संख्या 51 व 52 तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पानी टंकी सलारगंज के बूथ संख्या 43 का निरीक्षण कर मतदाता पर्ची वितरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मतदाताओं से पर्ची वितरण का फीडबैक भी प्राप्त किया। डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी दो दिवस के अन्दर शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करायें। ताकि मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की सुविधा न हो।

# चालक और रसोइया समेत चार लोगों की हादसों में मौत

बहराइच/विशेश्वरगंज

**अमृत विचार।** तहसील के दो कर्मचारियों को लेकर जा रहा चार पहिया वाहन आधी रात को गोंडा बहराइच मार्ग के निकट पेड़ से टकरा गया। दोनों कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। मोतीपुर और दरगाह क्षेत्र में हुए हादसे में युवकों की मौत हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देवरिया जिले के थाना तरकुलवा अंतर्गत रतनपुरा गांव निवासी नितेश पांडेय (35) पुत्र विनोद पाण्डेय पयागपुर में तहसील में सरकारी जीप चालक थे। जबकि गोंडा जिले के तरबगंज निवासी प्रेम चंद्र (37) पुत्र बृज मोहन तहसील में रसोइया के पद पर तैनात थे। दोनों रविवार रात को चार पहिया वाहन से गोंडा से पयागपुर तहसील जा रहे थे। गोंडा बहराइच मार्ग पर विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में थाना भवन से एक किलोमीटर आगे बहराइच की ओर पहुंचे। तभी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंच कर दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।



(फाइल फोटो)।

उधर मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा के वार्ड नंबर चार निवासी सईद अहमद (20) पुत्र समीउल्ला की बाइक को कतरनिया बिछिया मार्ग पर मोतीपुर पुलिया के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पुलिया से नीचे गिर गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में मौत हो गई। बाइक सवार मिहीपुरवा से मोतीपुर गांव जा रहा रहा था। श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के रामपुर कटेल गांव निवासी संजय गौतम (24) पुत्र बच्चे लाल बाइक से बदला चौराहे से रिश्तेदार के यहां गमी में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। रात नौ बजे दरगाह थाना क्षेत्र के दुकारपुर टोल टैक्स के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संवाद — कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम का कुमारगंज के कुलपति ने किया निरीक्षण

# कृषि योजनाओं का लाभ उठाएं किसान : कुलपति

बहराइच




कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को सम्मानित करते कुलपति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम का अयोध्या कुमारगंज के कुलपति डॉ.बिजेंद्र सिंह निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में आए किसानों से वार्ता कर बेहतर कृषि कार्य के लिए प्रेरित किया।

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) डॉ. आरसी अग्रवाल के साथ अपर निदेशक प्रसार डा. आरआर सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम का भ्रमण किया। केंद्र पर संचालित सभी परियोजनाओ के बारे में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा. शैलेंद्र सिंह से जानकारी ली। जिले के प्रगतिशील कृषक जियाउलहक, विवेक तिवारी माया देवी, जगन्नाथमौर्य, मौजी राम, पार्वती देवी से कुलपति ने खेती के अनुभव के बारे में विस्तृत चर्चा की। किसानों को बागवानी से संबंधित उच्च प्रशिक्षण के लिए विश्वविद्यालय आने के लिए आमंत्रित भी किया। केंद्र के सभी वैज्ञानिको को दिशा निर्देश दिए कि जिले के किसानों के हित में अधिक से अधिक कार्य करे। साथ ही किसानों को नवीनतम प्रजातियों के बीज एवं पौध उपलब्ध कराये। उपमहानिदेशक ने सभी वैज्ञानिको को निर्देश दिया कि ग्रामीण अंचल के बच्चो को कृषि शिक्षा के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करे।

अपर निदेशक प्रसार ने सभी वैज्ञानिको को निर्देश दिया की जिले के जिन प्रगतिशील किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है। उनकी सफलता की कहानी तैयार करें और उन किसानों को प्रदेश और देश स्तर पर सम्मानित कराने का भी कार्य करे। इस कार्यक्रम में 25-30 किसानों ने सहभागिता की।

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम् ॥

जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं।

## संपादकीय

# स्कूलों को धमकी

दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इससे अभिभावकों में दहशत है। प्रारंभिक जांच के अनुसार ईमेल भारत के बाहर से भेजा गया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को तीसरे चरण के लिए मतदान किया जाना है। गुजरात की 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इससे ठीक एक दिन पहले सुबह के समय एक ईमेल मिला, जिसमें स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। अहमदाबाद में वीआईपी आवागमन बना रहता हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत तमाम बड़ी हस्तियों के वोट डालने की संभावना है। इसके चलते अहमदाबाद पुलिस डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूलों की जांच में जुटी है। बेंगलुरु, दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में अफरातफरी का माहौल है। इस धमकी के बाद परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने अभिभावकों से परेशान नहीं होने की अपील की है। निश्चित रूप से बम संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था।

गौरतलब है कि 1 मई को दिल्ली-एनसीआर में करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। दहशत फैलाने वाले का मकसद क्या था, इस बाबत पुलिस की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो। पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुटी है। साजिशकर्ता कहीं भी बैठकर ये मेल भेज सकते थे। दो वर्ष पहले भोपाल के मिशनरी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने खुलासा किया था कि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए जनरेट होने वाले इंटरनेट प्रोटोकोल एड्रेस के माध्यम से ईमेल स्कूलों की मेल आईडी पर आने की जानकारी एवं साक्ष्य उस विवेचना में मिले। उस समय भी सवाल था कि यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। हालांकि इन ईमेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकर्ता को चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है। क्योंकि ईमेल भेजने के बाद ऐसे अकाउंट समाप्त कर दिए जाते हैं। ऐसी धमकियां भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता बरतने की जरूरत है।

# जीतेगी पार्टी और हारेगी जनता



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है।

18 वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रियारत है। देश में अनेक राजनैतिक पार्टियां अपना भविष्य आजमा रही हैं, जबकि मुख्य रूप से दो पार्टी बीजेपी और कांग्रेस सत्ता पाने की दौड़ में है। एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है। दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव भी विवादों से बच नहीं पाया है। यदि आप कुछ लोगों से और राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं से बात करेंगे तो ईवीएम पर भी बड़ा प्रश्न समझ में आएगा। पर इन सभी बातों के बीच एक महत्वपूर्ण बात जो आजादी के बाद से चली आ रही है उस पर ध्यान शायद ही किसी का हो और इस लोकसभा चुनाव भी यही होगा- "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। यह केवल एक वाक्य नहीं है बल्कि अपने देश की वास्तविक सच्चाई भी है यह तभी समझ में आएगा जब आप निष्पक्ष और गहराई से इसका आकलन करके निष्कर्ष पर पहुंच पाए।

साम्प्रदायिकता : आप क्या है? एक इन्सान या फिर एक जाति और धर्म जिसे मानवीय नेतृत्व ने निर्धारित किया है। आजादी के पश्चात से लेकर अभी तक में सांप्रदायिकता अपने चरम पर है। शिक्षित और अशिक्षित सभी श्रेणी के लोगों में इसका जहर अपना अमिट प्रभाव बना चुका है, जिसका खामियाजा छुट-पुट रूप में दिख रहा है पर आगामी समय में इसके बड़े दुष्परिणाम को रोकना लगभग असंभव होगा और यदि आप यह सोच रहे हैं कि आप इससे बचे रह जाएंगे तो आप गलत हो क्योंकि इसका खामियाजा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सभी को कुछ न कुछ उठाना पड़ेगा। हां प्राप्त नुकसान का प्रतिशत कम या अधिक हो सकता है और हां इस बात के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों को बराबर का जिम्मेदार बनाया जा सकता है।

भ्रष्टाचारः दशकों से अलग-अलग नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा किया गया वायदा और बनाए गए नियम एक बार नहीं लगातार विफल सभी को दिखाई दे रहे हैं। समय और तकनीकी के विकास के साथ भ्रष्टाचार का नया स्वरुप सामने आया है। कमी होने के बजाय इसमें वृद्धि हुई है। इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार किसे बनाया जाए, यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि अघोषित इस संगठन के कितने हिस्से और लोग हैं, आज तक किसी को नहीं पता। पर यह आपके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हो गया है और यह कहा जा सकता है की यह कुछ एक को छोड़ करके सभी के ब्लड में शामिल हो गया है।



आजादी पर रोक : आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारी : जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है।

आजादी पर रोकः आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारीः जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है। बढ़ती कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली, निजीकरण भले ही सरकारी रोजगार ख़त्म कर रहे हों पर इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि ठेका प्रणाली के विस्तार से आज कार्यरत सभी आदमी मानसिक बीमारी का शिकार है जिसका आकलन भी कोई नहीं करना चाहता। कार्य के घंटे, भुगतान, शिकायत निवारण न होना जैसे अनेक ऐसी बातें है जो आम आदमी के जीवन को खत्म कर रही हैं।

बढ़ती महंगाई और सीमित होते सामाजिक कार्य : महंगाई की स्थिति इतनी भयानक है कि आज हर आदमी अपनी जमीनी आवश्यकताओं से समझौता कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी के हितों की अनदेखी के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की घटती संख्या उनमें अवसाद उत्पन्न कर रही है। वैश्विक मानकों के तहत आज देश में शायद ही कोई प्रभावशाली योजना हो जो आम आदमी के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव सहयोग करके ला रही हो।

लिखने और कहने को अनेक मुद्दे और बातें है पर वर्तमान सच्चाई यह है कि दशकों पूर्व हम जिन मुद्दों से लड़ रहे थे अब वो मुद्दे अपने नए स्वरुप में सभी के सामने हैं और समाधान किसी के पास नहीं है। जमीनी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय से दशकों पहले हम अपने जीवन में इनकी अनुपस्थिति से लड़ रहे थे। अब हम इनकी उपस्थिति के बावजूद इनकी लागत को न उठा पाने से लड़ रहे है। आज प्रत्येक आदमी इन मुद्दों के नए स्वरुप से लड़ रहा है और बिना किसी भेदभाव या पक्षपात के यह आसानी से कहा जा सकता है कि "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। क्योंकि इन समस्याओं ने इतना विकराल स्वरुप बना लिया है जिसका समाधान करने की शायद ही कोई सोचे। आज भी चुनाव हो रहे है आगे भी होते रहेंगे। एक दो नहीं बल्कि ऐसी अनेक बातें आएंगी और जाएंगी, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देंगी। पर यह भी अमिट सत्य है कि इन अव्यवस्था के लिए सिर्फ एक पार्टी या राजनैतिक दल जिम्मेदार नहीं है बल्कि शासन करने वाला प्रत्येक सख्श जिम्मेदार है जिसने इन मुद्दों से लड़ने के लिए समय पर सही कार्यवाही नहीं की।

## प्रसंगवश

# हमारे परिवार नहीं है



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जन सभाओं में यह बात जोर शोर से कह रहे हैं कि, 'हमारे तो परिवार नहीं है, हम तो आपके परिवार, बच्चों के लिए खप रहे हैं'। इस तरह वे अपने को त्यागमूर्ति साबित करके देश हित हेतु समर्पित सिद्ध कर रहे हैं। विचार करने पर उनके इस उद्घोष में सत्यता नहीं परिलक्षित होती है। उनके परिवार तो है। विधि सम्मत विवाहिता पत्नी अभी विद्यमान होकर परित्यक्त जीवन व्यतीत कर रही हैं। रही दूर रखने की बात, तो यह हिंदू धर्म व संस्कृति तथा कानूनी प्रावधानों से भी मेल नहीं खाता। विष्णु और शिव संसार का प्रभार उठाए हैं। उनकी पत्नियां साथ हैं। शिव जी ने तो अपने अर्द्ध वाम अंग में ही पार्वती माता को स्थान दे दिया है और अर्द्धनारीश्वर होकर लोक पूज्य है। यही नहीं भारत के महापुरुष, जिनकी राष्ट्र व समाज के प्रति अप्रतिम सेवाएं रहीं हैं, पत्नी साथ रखते रहे हैं। गांधी और डा.राजेन्द्र प्रसाद के नाम इस प्रसंग में हम ले सकते हैं। जहां तक कानून का प्रश्न है, तो वैध तलाक के लिए हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत न्यायालय की डिग्री होनी चाहिए। मोदी जी के केस में ऐसा कुछ नहीं है, यानी देश के कानून के अनुसार पृथकत्व नहीं है। परिवार में भाई, भतीजे भी आते हैं। भतीजी विगत में गुजरात में, पार्षद चुनाव लड़ने का भाजपाई टिकट चाहती थी, जो उसे नहीं दिया गया, ताकि वंश में कोई और आगे न बढ़ सके। फैसला तो जनता करती। एक सुभाषित है-परिवर्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते।/स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्।। (अर्थात् परिवर्तनशील संसार में मरता जीता कौन नहीं है? किंतु उसी का जन्म सार्थक है, जिससे वंश/कुल की उन्नति हो।)

पत्नी व परिवार के त्यागी मोदी ने क्या भव्य बंगला और उच्चकोटि की सुख सुविधाएं भी त्यागीं? नहीं। चार करोड़ से ऊपर का सूट पहना। वैसे चाणक्य भी समृद्धतम राज्य के प्रधानमंत्री थे, जो नगर के बाहर कुटिया में रहकर राजकाज करते और बेहद सादा जीवन व्यतीत करते थे।

# पहाड़ों में धधकी हुई है आग



अशोक पांडे
हल्द्वानी

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतज़ार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

अकेले कुमाऊं में पांच सौ से अधिक जगहों पर दावानल का कहर बरपा है। पांच लोग जल कर मर चुके हैं और तमाम जगहों से आग के विकराल स्वरूप के डरावने वीडियो सामने आ रहे हैं। शहरों-गांवों की हवा में इस कदर धुआं घुल चुका है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, बच्चों-बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। जो अभी घट रहा है उसकी पहले से ही आशंका थी क्योंकि जंगलों का सुलगना इस साल जनवरी में ही शुरू हो गया था। यह और बात है कि हमेशा की तरह इस बार भी किसी ने समय रहते उसकी सुध न ली।

पहाड़ की सुंदरतम जगहों में हफ्तों से धुएं का गहरा परदा पड़ा हुआ है, हवा गाढ़ी हो गई है, धूप का निशान नहीं है। उसके बावजूद कल मैं देख रहा था भीमताल की झील का पानी हेलीकॉप्टरों की मदद से उठा कर जंगलों की आग के ऊपर बरसाया जा रहा था। इस दृश्य से मुदित कुछ युवा पर्यटक हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी ले रहे थे। पास के खोखे में उनके लिए मैगी उबल रही थी। पर्यटन और रोजगार का अद्भुत मॉडल सामने था।

पहाड़ों में अमूमन इस मौसम में आग लगना आम है। सदियों से यह परंपरा रही है कि चारे के लिए अच्छी घास उगाने की नीयत से जंगलों में फैली हुई चीड़ की सूखी पत्तियों यानी पिरूल को नियंत्रित रूप से जलाया जाता था। इस आग को नियंत्रित करने के लिए जंगलात विभाग ने बाकायदा पतरौल और अगलैन जैसे पदों पर लोग तैनात किये हुए थे। इस विभाग में काम कर चुके पुराने अफसरों के संस्मरण पढ़िए तो पता चलता है समूचा डिपार्टमेंट इस बात को सुनिश्चित करता था कि हर साल अप्रैल-मई-जून में लगने वाली इस आग से कम से कम नुकसान हो। उत्तराखंड बनने के बाद जंगल में लगने वाली आग से निबटने के लिए अलग से बाकायदा एक विभाग भी बनाया गया। अपने उद्देश्यों में वह कितना सफल रहा है सबको दिखाई देता है।

हमसे पहले की पीढ़ियां इस आपदा से साल-दर-साल सलीके से लड़ती रही हैं। इधर के सालों में ऐसा क्या हुआ होगा कि तमाम अफसरशाही, नेतागिरी, अखबारबाजी और सोशल मीडिया के बावजूद हालात बिगड़ते चले गए।

समझ में आता है कि हमने एक समुदाय के रूप में सोचना और काम करना बंद कर दिया है। हम एक जिम्मेदार और सभ्य समाज के रूप में रहना भूल चुके हैं। इस तरफ रहने वाले सोचते हैं उधर की आग से हमें क्या, उधर वाला सोचता है अभी मेरा घर बचा हुआ है। आगे की आगे देखेंगे। जब दोनों तरफ के गांव आग की चपेट में आ जाते हैं तो दोनों मिलकर सोचते हैं इतनी बड़ी सरकार है, यह तो उसका काम है। वन विभाग कहता है उसकी व्यवस्था तो पूरी तरह चौकस है, शरारती तत्व आग लगाने से बाज नहीं आते।

जंगल में आग लगती है तो कीड़े-मकोड़े मरते हैं, तितलियां मरती हैं, छोटी झाड़ियां और नए पेड़ मरते हैं, उड़ने से लाचार चिड़ियों के नन्हे बच्चे घोंसले में ही मर जाते हैं, वन्य जीवों के कुनबे उजड़ जाते हैं। प्रकृति और उसकी पारिस्थितिकी का संतुलन ऐसा डावांडोल होता है कि अगर सब ठीक चला तब उसे सम्हलने में दस-बारह साल लग जाते हैं। पानी के प्राकृतिक स्रोत तबाह हो जाते हैं। यह कॉमन सेंस की बात है जिसे अनिवार्य रूप से स्कूलों के पाठ्यक्रमों में जगह मिलनी चाहिए।

सरकार के पास तमाम संसाधन हैं लेकिन उसके पास न कोई तैयारी है, न कोई विजन। आग बुझाने की ट्रेनिंग के जो कार्यक्रम दिसंबर जनवरी में गांव-गांव में चलाए जाने चाहिए थे उनकी याद मई-जून में आती है। जिन वनकर्मियों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कर दिया जाना चाहिए था उनके पास एक लाठी है या हद से हद एक रेक जिसके दांते टूट चुके हैं। जंगल जलता है तो वे उसी जंगल के बचे हुए पेड़ों के पत्तों को तोड़ कर उनकी झाड़ू बनाते हैं। फिर उसी झाड़ू से पीट-पीट कर आग बुझाने का प्रागैतिहासिक तरीका अपनाया जाता है।

पर्यावरण किसी भी राजनैतिक पार्टी के एजेंडे में कहीं नहीं है। हिमालय और उसके सरोकार किसी मैनीफेस्टो का हिस्सा नहीं बनते। एक जमाने में आग को बुझाने का काम सरकार और जनता दोनों का साझा होता था। अब दोनों के बीच कैसी दूरी है बताने की ज़रूरत नहीं। जो सरकार जागेश्वर जैसी जगह के पांच सौ साल पुराने देवदारों को काटने की योजना तक बना सकती है, उसके सरोकारों में पेड़ और जंगलों की जगह कहां होगी यह भी बताना बेमानी है।

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतजार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

## सोशल फोरम

# ये गारंटियां पे गारंटियां



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

ये चुनाव भी क्या शै हैं, जैसे गारंटियां ही गारंटियां दिए जा रहे हैं नेता। एक से बढ़कर एक गारंटी। पहले तो व्यावसायिक कंपनियां गारंटियां दिया करती थीं और कोई भी चीज़ खरीदने के बाद गारंटी संभाल कर रखते थे ताकि समय आने पर कंपनी को दिखाई जा सके। अब पिछले दस वर्षों से राजनीति वाले भी गारंटियां देने लगे हैं और जनता इनसे कुछ पूछने के मूड में दिख रही है -पुरानी गारंटियां दिखा कर। जैसे अच्छे दिन आने की गारंटी दी गई थी, जैसे स्विटजरलैंड से काला धन लाकर सीधे हर किसी के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपये आने की गारंटी और दो करोड़ युवाओं को रोज़गार जैसी गारंटियां दी गई थीं। अच्छे दिनों की बात तो चुनावी जुमला कहकर टाल दी गई और युवाओं को रोजगार के नाम पर कितने युवाओं को रोजगार मिला, ये आंकड़े आए नहीं कभी। हां, महंगाई की कोई गारंटी नहीं थी, सो महंगाई खूब बढ़ी और रसोई गैस सिलेंडर एक हज़ार से ऊपर चला गया। किसानों को तीन कृषि कानूनों का विरोध एक साल से ऊपर तक करना पड़ा, तब कभी जाकर जान छूटी। अब एमएसपी के लिए फिर संघर्षरत हैं, किसान और हरियाणा में तो भाजपा प्रत्याशियों को इसके बारे मे काले झंडे दिखा कर सवाल पूछे जा रहे हैं। इस गारंटी का क्या होगा और कौन पूरी करेगा? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि यदि सत्ता में आई तो कोई डमी प्रधानमंत्री नहीं बनाएगी? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि इमरजेंसी जैसी कोई भूल फिर नहीं करेगी? क्या यह अग्निवीर योजना रद करेगी और रसोई गैस व पेट्रोल की कीमतों पर काबू रखेगी ? ओल्ड पेंशन बहाल करेगी?

यह शहजादा या शाही परिवार पर हमले करने से जनता की समस्याओं का हल निकल आएगा या सत्ता में आने पर कौन -कौन सी गारंटी राहुल पूरी कर पाएंगे? उतनी ही गारंटियां दो, जितनी पूरी कर सको। बाद में चुनावी जुमले साबित न हों ये गारंटियां।
चुनाव में मारी एंटरियां/ तो देने लगे गारंटियां।

-फेसबुक वॉल से

# ऐतिहासिक बरेली कॉलेज की विरासत




सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते।

बरेली कॉलेज अपनी स्थापना के 187 वर्ष पूरे कर चुका है। 1937 में शुरू हुए इस शिक्षा संस्थान के 1905 में बने नए भवन का उद्घाटन करने अवध-आगरा क्षेत्र के लेफ्टीनेंट गवर्नर सर जेम्स जोन्स डिगस लाटूश आए थे। महाविद्यालय बनते-बनते इस कॉलेज ने अपने लंबे सफरनामे में बहुत उतार-चढ़ाव देखे। वर्ष 1987 में इस कॉलेज की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई गई। तब 'शताब्दियों में बरेली कॉलेज' को कुछ इस तरह याद किया गया था- शताब्दियों से जिनका उच्च शिक्षा से कोई संबंध न रहा हो उन्हें किसी विशेष शिक्षण संस्था का प्राचीन इतिहास कुछ भी आकर्षित न करे पर पिछले डेढ़ सौ वर्षों से बरेली और उसके आसपास दूर-दूर के क्षेत्रों में जिनके किसी संबंधी का भी कोई संबंध बरेली कॉलेज से रहा है वह उसके अस्तित्व के विगत इतने वर्षों के इतिहास से अपने को जुड़ा हुआ समझ सकता है। आगरा के आगरा कॉलेज और दिल्ली के दिल्ली कॉलेज की तरह बरेली कॉलेज भी देश के प्राचीनतम शिक्षण संस्थाओं में से एक है। उसकी स्थापना सन् 1837 में एक स्कूल के रूप में हुई थी तो देश में समझौते की नई शिक्षा नीति का ऐलान हो चुका था और उसकी शिक्षा का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में सहयोग के लिए बाबू तैयार करना था। सन् 1950 में उसे राजकीय कॉलेज का स्तर तो दे दिया गया था, पर उस समय तक जो भारतीयता की भावना इस क्षेत्र में फैल गई थी वह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के आते-आते स्वयं ब्रिटिश शासन के लिए पर्याप्त सिर दर्द बन चुकी थी। मार्च अप्रैल सन् 58 तक उस संग्राम के महान नेता नाना साहब अपने साथियों के साथ तत्कालीन बरेली कॉलेज की इमारत में रहे थे और 31 मई को सवेरे जिस दिन संग्राम छिड़ गया तो अंग्रेज अधिकारी मारे गए उनमें बरेली कॉलेज के अंग्रेज प्रिंसिपल बक़ भी थे। ब्रिटिश शासन की पुनर्स्थापना के बाद बरेली कॉलेज को अपने विकास में इस बगावत का परिणाम वर्षों तक भुगतना पड़ा। अपनी बीए और वकालत की परीक्षाओं के लिए वर्षों तक कलकत्ता, इलाहाबाद और आगरा विश्वविद्यालयों से संबद्ध रहने के बाद अब बरेली कॉलेज इस क्षेत्र के विश्वविद्यालय रूहेलखंड से संबद्ध सर्वाधिक प्रमुख शिक्षण संस्थान हैं। लगातार शिक्षण कार्य के इस लंबे काल में बरेली कॉलेज ने सत्ता के सर्वोच्च पदों को प्राप्त करने वाले अधिकारी ही नहीं, अनेक क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी भी उत्पन्न किए। अपने एक निर्णय में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को अपदस्थ करने वाले भूतपूर्व जस्टिस सिन्हा और राज्यपाल श्री बर्नी इसी बरेली कॉलेज की देन हैं। बरेली कॉलेज के हिंदी प्राध्यापक और कवि वीरेन डंगवाल के संपादन में एक स्मारिका भी प्रकाशित हुई थी जिसमें उन्होंने इस ऐतिहासिक शिक्षा संस्थान के अतीत का उत्खनन करके हमें हमारी विरासत सौंपने का बड़ा काम किया था, जिसमें 1857 में इस कॉलेज में फारसी के अध्यापक रहे कुतुबशाह को याद किया गया था,जो क्रांतिकारी नेता खान बहादुर खां के प्रकाशक थे और बगावत के उन दिनों छपने वाले इश्तहारों में उनका नाम होता था। कुतुबशाह को फांसी की सजा तजवीज की गई थी,लेकिन बाद को उसे देश निकाला में तब्दील कर दिया गया। आज कुतुबशाह के नाम का कोई पत्थर बरेली कॉलेज की किसी दीवार पर नहीं लगा है। कितना अजीब है कि सत्तावनी क्रांति के इस अप्रतिम योद्धा की कोई तस्वीर भी हमारे पास नहीं है। कॉलेज के सभागार में देश के प्रसिद्ध राजनेताओं की आदमकद तस्वीरें सजी हैं, लेकिन यहां से जुड़ी रही बड़ी शख्सियतों के निशानात पूरी तरह गायब हैं।

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते। शहीद भगतसिंह के चाचा क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह, हिन्दी एकांकी के जनक भुवनेश्वर, प्रसिद्ध छायावादी कवि होरीलाल शर्मा 'नीरव', साहित्यकार निरंकार देव सेवक, पं. छेदालाल (1870 में कॉलेज के पहले बीए) या प्राच्यशास्त्री और भाषाविद् प्रो. भोलानाथ शर्मा का इस कॉलेज से सघन जुड़ाव रहा। यहां आने वाले कवि साहित्यकार रामधारी सिंह 'दिनकर', हरिवंश राय 'बच्चन', सुभद्रा कुमारी चौहान, मदर टेरेसा, विजय लक्ष्मी पंडित, सेठ गोविन्द दास और डॉ. कर्णसिंह जैसों के नाम को हम गर्व के साथ स्मरण कर सकते हैं।

# तर्क और विज्ञान का रास्ता



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मैंने ओशो का पढ़ा और गुना। वह सागर विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी और प्रवक्ता रहे। दर्शन में वह बौद्ध दर्शन से प्रभावित हुए और बौद्ध दर्शन में भी लगता है वह महायान की वज्रयान शाखा से क्योंकि तभी तो उन्होंने संभोग से समाधि जैसी किताब लिखी। हर दार्शनिक की एक सोच होती है, वह जिंदगी जीने का एक दर्शन बनाता है, उसे ही ज़िंदगी में आगे बढ़ने का दर्शन, आगे बढ़ने का रास्ता बताता है। ओशो हो या कृष्णमूर्ति हो, उनका भी पसंदीदा एक रास्ता है, जिसे ही वह ज़िंदगी जीने का सही रास्ता समझते है। घूम फिर कर वह उसी रास्ते पर बार बार आ जाते है। एक बात साफ है इनके रास्ते में कर्मकांड कहीं नहीं है। यह तर्क और विज्ञान का रास्ता है।

मैं भी बौद्ध दर्शन से बहुत प्रभावित हूं। राहुल सांकृत्यान ने नरम मंत्रयान के रूप में 400 से 700 ई. तक और गरम मंत्रयान या जिसे वज्रायान कह सकते हैं, उसका समय 800 से 1200 ई० तक माना है। महायान से ही आगे चलकर मंत्रयान, तंत्रयान, वज्रयान आदि पंथ निकले थे। उल्लेखनीय है हीनयान में व्यक्तिगत निर्वाण को प्रमुखता, अष्टांगिक मार्ग की साधना (विपश्यना ध्यान) पर जोर है, वहीं महायान में बोधिसत्व की कल्पना, परोपकार, महामैत्री, महाकरुणा एवं आदर्श अवतार की कल्पना है, जो चोरों तक के दुःखी रहने तक निर्वाण नहीं चाहता। महायानी (माध्यामिक मत के) नागार्जुन का शून्यवाद सभी पदार्थों चित्त और पंच स्कन्धों को भी शून्य मानता था, जबकि मैत्रेय और असंग (जो क्रमशः लगभग 375 व 400 ई. में जन्मे थे) का योगाचार मत (विज्ञानवाद) विज्ञान या चित्त को सत मानता है, शेष सब कुछ असत है। योगाचार्रियों का यह चित्त अकुशल कर्मों के प्रभाव से, स्मृति, वासना, कल्पना आदि से अशुभ हो जाता है। योगाचार मत ने इसी कारण प्रज्ञा के साथ योग और आचार को महत्ता दी। चौथी शताब्दी के असंग कृत 'प्रज्ञा पारमिता' ही आधार बनी 'गुह्य समाज तंत्र' की। हुआ यह कि युवा बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियों के एक साथ रहने से ब्रह्मचर्य के पालन में कठिनाईयां आने लगीं और कालान्तर में वे अपना धर्मशास्त्र 'गुह्य समाज तंत्र' लेकर सामने आए । बुद्ध ने कहा था कि न तो भोग से और न कृच्छ साधनाओं से निर्वाण मिलता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए गुह्य समाज तंत्र ने घोषणा की कि सांसारिक सुखों से मुंह मोड़कर शरीर को दंडित करना निर्वाण की राह नहीं है और उन्होंने योग द्वारा समाधि में सफलता के लिए नारी (प्रज्ञा) की पूजा और उसका सहयोग अनिवार्य बताया। गुह्य समाज तंत्र (शास्त्र) की सबसे बड़ी विशेषता बौद्ध धर्म में शक्ति तत्व की प्रतिष्ठा करना है।

## एक नजर

### अब पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे बिल व बाउचर

**लखनऊ।** अब त्रिस्तरीय पंचायतों के विकास कार्य संबंधित भुगतान के बिल, बाउचर व मस्टर रोल ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। अमृत विचार ने 4 मार्च को यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के भुगतान में नई व्यवस्था लागू की है। अब ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर भुगतान करने से पहले संबंधित कार्यों के बिल, बाउचर व मस्टर रोल अपलोड किए जाएंगे। जिनकी अब तक पोर्टल पर बिल संख्या दर्शाई जाती थी। खर्च के अभिलेख ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर पर अपलोड कर उसी से भुगतान किया जाएगा। इससे पारदर्शिता आएगी और लेखा परीक्षकों के लिए पंचायतों का ऑडिट करना आसान हो जाएगा। ऑडिट में अभिलेख न मिलना और बाहर से भुगतान करना दोनों मुद्दे अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाये थे।

### ग्राम पंचायतों को मिली स्वच्छ भारत मिशन की ग्रांट

**लखनऊ।** सभी ग्राम पंचायत को स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण की ग्रांट वापस मिल गई है। इसमें लखनऊ को नौ करोड़ रुपये मिले हैं। जो वितीय वर्ष 2024-25 के कार्यों में खर्च किए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश की ग्राम पंचायतों को स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के कार्यों की केंद्र से ग्रांट देर से मिली थी। इस वजह से गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सोखपिट, आरआरसी सेंटर, वर्मी कंपोस्ट, नाडेफ आदि कार्य बजट के अनुसार नहीं हो पाए थे। इस कारण पर्याप्त धनराशि खर्च नहीं हुई। सैकड़ों ग्राम पंचायत ऐसी रहीं, जहां एक भी रुपये नहीं खर्च किए गए और मार्च में वर्ष समाप्त होने पर ग्रांट वापस हो गई। जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रक्रिया के तहत सभी ग्राम पंचायतों को वापस मिली है।

### लोकसभा चुनाव में 10 सीटों के लिए आज होगा मतदान

# तीसरा चरण: सबसे अधिक आगरा और सबसे कम एटा में मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की 10 सीटों में सबसे अधिक मतदाता आगरा लोकसभा सीट पर हैं, जबकि सबसे कम एटा लोकसभा सीट पर हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से आगरा (अजा) लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 72 हजार 685 व एटा सीट पर 17 लाख 524 मतदाता हैं। सबसे अधिक 13 प्रत्याशी बरेली व सबसे कम सात प्रत्याशी फिरोजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कुल 20,415 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 12339 मतदान केन्द्र हैं। इस मतदेय स्थलों में से 4390 संवेदनशील हैं।

आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस लोकसभा सीट में कुल 20,72,685 मतदाता हैं, जिसमें 11,19,014 पुरुष मतदाता, 9,53,566 महिला मतदाता व 105 थर्ड जेंडर हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 2125 मतदेय स्थल हैं। एटा क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट में कुल 17,00,524 मतदाता हैं, जिसमें 9,05,595 पुरुष मतदाता, 7,94,873 महिला मतदाता व 56 थर्ड जेंडर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1917 मतदेय स्थल हैं। बदायूं क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर कुल 20,08,758 मतदाता हैं, जिसमें 10,75,150 पुरुष मतदाता, 9,33,496 महिला मतदाता व 112 थर्ड जेंडर हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 2117 मतदेय स्थल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फार्मेशन स्लिप मतदाताओं को वितरित कराई गई है। एक करोड़ 87 लाख आठ हजार 616 मतदाताओं को वोटर स्लिप वितरित की गई है।



प्रेसवार्ता में जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

### पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही प्रदेश पुलिस बल तैनात किया गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। बलों की सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकॉप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकॉप्टर 7 मई को आगरा में व एयर एम्बुलेंस बरेली में उपलब्ध रहेगी।

### 10208 मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग होगी

50 प्रतिशत यानी 10208 मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 3503 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। इस चरण में कुल 370 आदर्श मतदेय स्थल, 79 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 39 युवा कर्मी मतदेय स्थल व 47 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

### मतदाता यहां कर सकते हैं शिकायत

मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत 18001801950 प्रदेश स्तर पर और 1950 जिला स्तर पर काल करके दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा सी-विजिल पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

### मतदान पर रहेगी प्रेक्षकों की सतर्क नजर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 10 सामान्य प्रेक्षक, छह पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 1887 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 241 जोनल मजिस्ट्रेट, 668 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2859 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4783 भारी वाहन, 5462 हल्के वाहन व 88,420 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। चुनाव में मतदान के लिए 25819 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 25819 बैलट यूनिट व 27597 वीवीपैट तैयार किये गये हैं।

### पहचान पत्र न होने पर 12 विकल्पों का प्रयोग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से जारी पहचान पत्र न होने की स्थिति में मतदाता 12 अन्य विकल्पों का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों-विधायकों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार मतदेय स्थल पर मतदाताओं की पहचान किये जाने के लिए मान्य होंगे।

# प्रथम पाली में 41, द्वितीय पाली में 43 असफल कार्मिकों का दुबारा प्रशिक्षण

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** लोकसभा समान्य निर्वाचन में लगे मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण जनपद स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर के द्वारा एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद के 20 कमरों में दो पालियों में दिलाया गया। प्रत्येक पाली में 612-612 कार्मिकों का प्रशिक्षण निर्धारित है।

सोमवार को प्रथम पाली में 7 और दूसरी पाली में 8 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिनकी सूचना संबंधित विभाग को भेजी जा रही है, साथ ही इनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही इन सभी कार्मिकों को 9 मई को प्रशिक्षण में प्रतिभाग भी करना होगा। इसी प्रकार मतदान प्रक्रिया और ईवीएम संचालन के लिए आयोजित परीक्षा के दौरान प्रथम पाली में 41 और दूसरी पाली में 34 लोग असफल रहे। इन्हें 9 मई को दुबारा प्रशिक्षण लेना होगा। साथ ही इनकी सूचना संबंधित कार्यालय को भेज दी गयी है। प्रशिक्षण के निर्धारित समय सुबह 9.30 बजे और अपराह्न 2.30 बजे के बाद आने वाले कार्मिकों भी पुनः 9 मई को ही प्रशिक्षण लेना होगा।


ईवीएम संचालन के प्रशिक्षण का निरीक्षण करते प्रेक्षक। अमृत विचार

## 17510 कर्मियों की लगाई ड्यूटी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए रेंडमाइजेशन के तहत 17510 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। रेंडमाइजेशन के दौरान मोहनलालगंज और लखनऊ लोकसभा के प्रेक्षक भी मौजूद रहे। सोमवार को कलेक्ट्रेट में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजा अग्रवाल ने रैंडम संख्या बताकर रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया शुरू की। प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय (पुरुष), मतदान अधिकारी द्वितीय (महिला), मतदान अधिकारी तृतीय और माइक्रो आब्जर्वरों की ड्यूटी निर्धारित की गई। द्वितीय रेंडमाइजेशन में 17510 कार्मियों की ड्यूटी तय की गई।

# राजकीय सम्मान से मृतक होमगार्ड की अंतिम विदाई

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** राजकीय सम्मान के साथ मृतक होमगार्ड को दी विदाई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव ड्यूटी हेतु आगरा जनपद में गए हुए होमगार्ड रक्षा राम वर्मा व उमेश कुमार मिश्र की वाहन चेकिंग के दौरान दुर्घटना हो गई थी। जिससे उनकी मौत हो गई थी, जिनकी डेडबॉडी सोमवार को मृतक होमगार्ड रक्षाराम के पैतृक गांव रंजीतपुर पहुंची तथा मृतक होमगार्ड उमेश कुमार की डेडबॉडी लालपुर जमुनी कला पहुंची। जहां जनपद श्रावस्ती के पुलिस विभाग द्वारा राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सीओ भिनगा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा थाना अध्यक्ष सिरसिया तथा सलामी देने वाले सिपाही उपस्थित थे। इस मौके पर होमगार्ड विभाग के सहायक जिला कमांडेंट तथा बीओ रहमत अली तमाम होमगार्ड के साथ सलामी दी। अपर पुलिस अधीक्षक मृतक होमगार्ड के परिजनों को धीरज बंधाया तथा सरकारी सुविधाओं को प्रदान करने की बात कही। इस मौके पर थाना अध्यक्ष प्रतिसार निरीक्षक हर संभव पीड़ित परिवार को मदद करने के लिए आश्वासन दिया।

# शक में कैंची घोंपकर की छोटे भाई की हत्या

मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** पत्नी से छोटे भाई के अवैध संबंधों के शक में पति ने सोमवार को अपने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली ये घटना मेंहदावल थाना क्षेत्र से सामने आई है, जहां थानाक्षेत्र के टंडवरिया गांव में रविवार रात 11 बजे के आसपास बड़े भाई ने शराब के नशे में अपनी पत्नी तथा छोटे भाई के बीच अवैध संबंधों के शक को लेकर छोटे भाई के सीने पर कैंची से प्रहार कर दिया।

मेंहदावल थानाक्षेत्र के टंडवरिया मोहल्ले में स्वर्गीय बैजनाथ गौड़ के परिजन रहते हैं। बैजनाथ के चार बेटे हैं। बड़ा बेटा बाहर किसी शहर में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। दूसरे नंबर का रामशंकर शराब के नशे का आदी है। वह अपनी पत्नी और छोटे भाई के बीच अवैध रिश्ते को लेकर संदेह करता था। इस बात को लेकर अक्सर उसकी पत्नी से उसका विवाद भी होता रहता था। परिजनों के मुताबिक रविवार की रात लगभग 11 बजे रमाशंकर नशे की हालात में घर पहुंचा। इसी दौरान उसकी छोटे भाई राम बेलास से किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई जो आए-दिन होती भी रहती थी। राम बेलास उससे पीछा छुड़ाकर बाहर आकर दरवाजे पर बैठ गया। इसी दौरान बड़े भाई रामशंकर ने छोटे भाई रामबेलाश के सीने पर कैंची से प्रहार कर दिया। इस अप्रत्याशित घटना में घायल राम बेलास जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। घर में मौजूद लोगों की चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग भी जमा हो गए। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने मेंहदावल पुलिस को दे दिया। परिजन घायल रामबेलास को लेकर सीएचसी मेंहदावल पहुंचे। मौजूद डाक्टरों ने गम्भीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल जा रहे थे कि रास्ते में ही रामबेलास की मौत हो गई।

### 10 वर्षों पूर्व हुई थी आरोपी रामशंकर की शादी

**मेंहदावल।** सगे छोटे भाई को अवैध सम्बन्धों के शक में मौत की नींद सुलाने वाले रामशंकर की शादी दस साल वर्ष पूर्व हुई थी। उसके तीन बेटियां भी हैं। शराब के नशे में वह आए-दिन इस बात को लेकर हंगामा करता रहता था। लेकिन किसी को इस बात का अंदाजा नहीं था कि आज वह अपने भाई को ऐसी बेरहमी से मौत की नींद सुला देगा।

### पारिवारिक कलह के चलते हुई घटना: सीओ

**मेंहदावल।** पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस टीम ने भी मौके पर पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल करने के साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। अभी किसी भी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही आरोपी के खिलाफ समुचित धाराओं के तहत मुकदमा कायम कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुकान पर जाकर मतदान के लिए दिला रहे शपथ


नगर पंचायत अध्यक्ष को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**रुपईडीहा, बहराइच।** नगर पंचायत रूपईडीहा के आजाद नगर ग्राम पंचायत वार्ड नंबर 8 में आदर्श समाज सेवा समिति की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत दुकान पर जाकर व्यापारियों के साथ आम लोगों को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। नगर पंचायत के चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य ने आदर्श समाज सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को शपथ दिलाई। पहले मतदान फिर जलपान इसके बाद सुभाष चंद्र जैन समाजसेवी एवं आदर्श समाज सेवा समिति के संरक्षक पुत्र को समिति ने सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता समिति महामंत्री जगराम वर्मा व संचालन अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद कौसर, सचिव शेर सिंह कसौधन, संरक्षक सुभाष चंद्र जैन, रामसूरत यादव, अनुराग श्रीवास्तव, उमेश जैन, राम बारन वर्मा, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विकास के लिए सपा प्रत्याशी को दिलाएं जीत: यासर शाह


सपा की बैठक को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री।

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 13 मई को होने वाले मतदान के लिए समाजवादी पार्टी ने कार्यकर्ता प्रशिक्षण एवं बूथ प्रबंधन समिति हेतु कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन मोदी अतिथि भवन में किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव डॉ. ऐनुद्दीन ने किया। कार्यक्रम में आए पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भारी मतों से जीत रहा है। जिससे 4 जून को जब मतगणना हो तो समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रमेश गौतम को की लीड लेकर बलहा विधानसभा क्षेत्र से खड़े हो। भाजपा पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान को बदलने वाले,आरक्षण को खत्म करने वालों की हार होगी। नरेंद्र कुमार वर्मा ने कार्यकर्ताओं को मतदान के दिन क्या-क्या सावधानियां एवं बारीकियां बरतनी है। इस पर नजर रखने की सलाह दी। प्रत्याशी रमेश गौतम ने गठबंधन के सभी मौजूद कार्यकर्ताओं से समर्थन मांगा। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध,जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव, लोकसभा प्रभारी जयंकर सिंह, जफरुल्लाह खान बंटी, अब्दुल मन्नान शहाबुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

### जोनल कोआर्डिनेटर कुलदीप मणि भाजपा में हुए शामिल


कुलदीप मणि मिश्र को भाजपा की सदस्यता दिलाते डिप्टी सीएम।

संतकबीरनगर अमृत विचार।। भारतीय जनता पार्टी ने बहुजन समाज पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए जिले के कद्दावर ब्राह्मण नेता को भाजपा में शामिल करा लिया। बहुजन समाज पार्टी के गोरखपुर, बस्ती, फैजाबाद और देवीपाटन मण्डल के जोनल कोआर्डिनेटर कुलदीप मणि मिश्र सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने उन्हे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने के बाद कुलदीप मणि मिश्र ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी अब अपने सिद्धांतों से पूरी तरह पीछे हट चुकी है। वे गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव जिताने में अपनी पूरी क्षमता लगा देंगे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी धनघटा नीलमणि और भाजपा जिला महामंत्री गणेश पाण्डेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### आखिरी दिन सपा प्रत्याशी समेत 13 लोगों ने किया नामांकन


टर्निंग आफिसर के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करते सपा प्रत्याशी।

**संतकबीरनगर।** 62 लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर से नामांकन के आखिरी दिन सोमवार को इंडिया गठबंधन समर्थित सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद समेत विभिन्न राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलाकर कुल 13 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद ने रिटर्निंग आफिसर महेन्द्र सिंह तंवर के समक्ष 3 तीन सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके अलावा फूलन जनता पार्टी से प्रत्याशी अमित कुमार निषाद, मूल निवासी समाज पार्टी से हरिशचन्द्र निषाद, भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस पार्टी से प्रत्याशी नीलम चतुर्वेदी, नकी भारतीय एकता पार्टी से सुभाष चन्द्र दुबे, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से कुलदीप, राष्ट्रवादी पार्टी आफ इण्डिया से रामप्रवेश मिश्र और जनहित किसान पार्टी से विजय कुमार त्रिपाठी ने गाजे-बाजे और भव्य जुलूस के साथ पहुंच कर अपना नामांकन दाखिल किया। निर्दल प्रत्याशियों में सत्यवन्त प्रताप सिंह, विजय कुमार चौहान, हेमवन्ती, अरूण कुमार और सत्यनारायण ने भी रिटर्निंग आफिसर महेन्द्र सिंह तंवर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# जमीनी विवाद में चली गोली, युवक घायल

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम चुरेब में जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में गोली चलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावरों ने दो मोटरसाइकिलों को भी आग के हवाले कर दिया। घायल युवक का उपचार जिला अस्पताल पर जारी है।

ग्राम चुरेब निवासी मनोज सिंह उर्फ मुन्नू ने अपनी जमीन का बैनामा गोरखपुर जिले के ग्राम कसरवल निवासी अमजद हुसैन के नाम कर दिया था। बाद में अमजद हुसैन ने उस जमीन को ग्राम मीरगंज निवासी सोनी पत्नी रामफेर और ग्राम भाटपार निवासी इरशाद अहमद के हाथों बेंच दिया था। जमीन क्रेताओं और विक्रेता के भाई से जमीन पर कब्जे को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा था। सोमवार को दिन में लगभग 12 बजे जमीन क्रेता सोनी देवी और इरशाद ने जमीन पर पहुंच कर कब्जे का प्रयास किया तभी दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। मौके पर पहुंचे तो देखा कि दो बुलेट मोटरसाइकिलों में आग लगी है। थोड़ी दूरी पर एक युवक मुंह के बल गिरा हुआ था। लोगों ने करीब जाकर युवक को उठाया तो उसने बताया कि उसे गोली लगी है। युवक के पैरों से खून निकल रहा था।

# घरौनी बनाने में भेद-भाव के विरोध में प्रदर्शन

मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** सोमवार को विकास खंड के ग्रामसभा परसा पांडेय गांव के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण तहसील कार्यालय पर पहुंचकर हल्का लेखपाल के ऊपर मनमानी का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा और प्रदर्शन किया।

उपजिलाधिकारी को दिए गए पत्र में ग्रामीणों ने लिखा है हम सभी के ग्राम सभा परसा पांडे की घरौनी अब तक नहीं बनाई गई है। गांव के कुछ चुनिंदा और प्रभावशाली लोगों के घरों को छोड़कर अधिकांश ग्राम वासियों की घरौनी अभी तक नहीं बनाई गई है। हल्का लेखपाल द्वारा प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर गांव के कुछ ही लोगों का सर्वे किया गया है। बाकी लोगों का सर्वे तक नहीं किया गया है। ऐसी दशा में सरकार के गृह भू स्वामित्व अधिकार का उपयोग हम सभी लोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने मांग किया कि सरकार के भू स्वामित्व जैसी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हम सभी ग्रामीणों को बिना किसी भेद-भाव के दिलाया जाय। इस दौरान परदेसी, लाल बचन, निर्मल, रंभा, रामदयाल, सूरज, संगीता, सुनीता, लालमन, सरिता, बासुमति, बिंदु देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।


तहसील मुख्यालय मेंहदावल पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### जांच कराकर होगी कार्रवाई : एसडीएम

**मेंहदावल।** इस बारे में बात करने पर एसडीएम मेंहदावल अरुंण कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में अगर मामला सही पाया गया तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### चुनाव संबंधी कार्यालयों पटलों का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जनक प्रसाद पाठक ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, परमीशन सेल, वेयर हाउस का उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश के साथ निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम के माध्यम से एफएसटी व एसएसटी टीमों के लोकेशन को भी देखा। सी-विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की जानकारी लिया। प्रेक्षक ने प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के स्थिति की समीक्षा की।

## लोकसभा चुनाव

### संग्राम सिंह यादव बोले-4 जून को केन्द्र की सत्ता से विदा हो जाएगी मोदी सरकार,नेताओं के निशाने पर रहे पीएम मोदी और सीएम योगी

# नामांकन जुलूस में इंडिया गठबंधन ने दिखाई ताकत

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन से घोषित लोकसभा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने सपा जिलाध्यक्ष समेत वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को नामांकन के आखिरी दिन रिटर्निंग आफिसर के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। बाद में जूनियर हाईस्कूल मैदान खलीलाबाद में आयोजित नामांकन सभा में आजमगढ़ के विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा कि केंद्र की सत्ता एक तानाशाह के हाथ में है। तानाशाह ने ईडी सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग को अपना हथियार बना लिया है। विपक्षी नेताओं को कमजोर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का खुला इस्तेमाल किया जा रहा है। मोदी तीसरी बार सत्ता में आ गए तो देश से लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा। लोकसभा प्रभारी सुनील सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी धार्मिक कार्ड खेलकर और झूठ के सहारे तीसरी बार केंद्र की सत्ता पर काबिज होने की फिराक में हैं। लेकिन देश की जनता उनकी सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने कहा कि दो चरणों के सम्पन्न हो चुके चुनाव में भाजपा की जड़ें उखड़ चुकी हैं। यही वजह है कि मोदी और योगी बौखलाहट में उल्टे-सीधे बयान देने लगे हैं। पूर्व एमएलसी संतोष यादव सनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलने वाली है। बनारस में मोदी की सीट भी फंस गई है। बौखलाहट में प्रधानमंत्री मोदी सामान्य शिष्टाचार की भाषा का भी ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में बुल्डोजर के सहारे सरकार चला रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पांडेय ने कहा कि देश राहुल गांधी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही देश में जातिगत और आर्थिक सर्वे का काम शुरू हो जाएगा। प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने कहा कि संतकबीरनगर की जनता इस बार बाहरी नेताओं को जिले से खदेड़ने का काम करेगी। यादव, रामबृक्ष यादव, जयराम पाण्डेय, के.डी. यादव, पूर्व विधायक अलगू चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, इशहाक अंसारी, रामदरश यादव, लोरिक यादव, राहुल यादव बादल, आलोक यादव सोनू, रमेश चंद्र यादव, रमेश निषाद, रामा यादव, मालती यादव, डॉ शकुंतला यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



नामांकन सभा में मौजूद नेताओं की भीड़। अमृत विचार

### और जब पारिश्रमिक के लिए झगड़ने लगीं महिलाएं

**संतकबीरनगर।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद के नामांकन सभा में भीड़ जुटाने का हर सम्भव प्रयास किया गया था। सभा समाप्त होने के बाद तमाम महिलाओं ने तय शुदा पारिश्रमिक के लिए तकरार करती दिखीं। उन्होंने अपनी कमेटी के नेताओं को घेर कर पारिश्रमिक के रुप में तय हुई 350 रुपए की रकम के लिए काफी देर तक तकरार करती रहीं। मीडिया कर्मियों के कैमरे उनकी तरफ घूमे तो मौजूद नेताओं ने उन्हें रास्ते में पैसा देने की बात कहकर रवाना कर दिया।

### धर्मेंद्र सोलंकी ने अपने गीतों से भरा जोश

**संतकबीरनगर।** नामांकन सभा के दौरान सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी ने अपनी टीम के साथ मौजूद लोगों में खूब जोश भरा। चिलचिलाती धूप से बेहाल लोगों को चुनावी गीतों के माध्यम से उन्होंने सभा स्थल से खिसकने नहीं दिया।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीते रविवार की रात कोतवाली के टैनी हसनपुर के मोहम्मद खुर्शीद को पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने लाठी डंडों से जमकर पीटा। जिससे उसे काफी चोट आई। पीड़ित के पिता शमी मोहम्मद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के संदीप प्रजापति सहित पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कादीपुर में वर्चुअल सुनवाई की सुविधा की मांग

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन कादीपुर ने सिविल जज के माध्यम से जिला जज को एक ज्ञापन भेजा है। दिए गए ज्ञापन में सेशन के जमानत के मामलों में ऑनलाइन अपील करने और जमानत प्रार्थना पत्र पर वर्चुअल सुनवाई की सुविधा दिलाने की मांग की है। अध्यक्ष रंजीत सिंह और सचिव लालचन्द्र शुक्ल द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों कहा गया है कि जिन मामलों में मुलजिम कादीपुर में आत्मसमर्पण करता है, लेकिन एसीजेएम कोर्ट में जमानत देने का अधिकार नहीं है लेकिन सेशन कोर्ट में उसकी जमानत हो सकती है, ऐसे मामलों में ऑनलाइन अपील की सुविधा और उसी दिन वर्चुअल सुनवाई की सुविधा प्रदान की जाये।

### महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती 9 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शौर्य और साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती 9 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यबली सिंह विशेष अतिथि होंगे। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के संरक्षक अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि शहर के क्षत्रिय भवन में जयंती समारोह गुरुवार को सुबह 11 बजे से होगा।

# भाजपा, सपा और बसपा समेत 26 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कलेक्ट्रेट में रही चहल-पहल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार तक कुल 26 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। भाजपा, सपा व बसपा समेत अन्य राजनीतिक व गैर राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।

सोमवार को बहुजन मुक्ति पार्टी से कृष्ण कुमार पुत्र राम चरण ने 01 सेट, पालिटिकल जस्टिस पार्टी से बबलू चौधरी वाल्मीकि पुत्र साहब लाल चौधरी द्वारा 01 सेट, सत्य क्रांति पार्टी से आकाश सिंह पुत्र सुभाष सिंह द्वारा 01 सेट, आप सबकी पार्टी से ओम प्रकाश अग्रहरि पुत्र शीतला प्रसाद द्वारा 01 सेट, मौलिक अधिकार पार्टी से रामजी विश्वकर्मा पुत्र रामकुमार विश्वकर्मा द्वारा 01 सेट, अपना देश पार्टी से अब्दुल माबूद पुत्र राजिक द्वारा 01 सेट, राष्ट्रीय इंसाफ पार्टी से नफीस अहमद पुत्र स्व हफीज उल्ला द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशियों में रामकरन निषाद पुत्र उदल निषाद द्वारा 01 सेट, रमेश कुमार शर्मा पुत्र राम सजीवन द्वारा 01 सेट, उदयराज वर्मा पुत्र राम सहाय वर्मा द्वारा 01 सेट, जयराज गौतम पुत्र जयश्री द्वारा 01 सेट, राजकुमार वर्मा पुत्र रामचन्द्र वर्मा द्वारा 01 सेट, विश्वनाथ सिंह पुत्र सुरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा 01 सेट में नामांकन कक्ष, जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष दाखिल किया गया।

इसके अतिरिक्त समाजवादी पार्टी (इण्डिया गठबंधन) से रामभुआल निषाद पुत्र जगदीश निषाद व बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा पुत्र रामसुरत द्वारा आज एक-एक सेट पुनः नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इस प्रकार नामांकन के अन्तिम दिन तक कुल-26 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।



घोड़े पर संविधान की पुस्तक लेकर नामांकन करने पहुंचा प्रत्याशी। अमृत विचार

### जब दूल्हे की तरह नामांकन को घोड़े से पहुंचे बब्लू

**सुलतानपुर :** सोमवार को कलेक्ट्रेट के सामने उस समय लोग अवाक रह गए जब एक लोकसभा प्रत्याशी घोड़े पर सवार होकर हाथ में संविधान लेकर नामांकन करने पहुंच गया। नगर कोतवाली के सिरवारा रोड स्थित मालिन बस्ती के रहने वाले बबलू चौधरी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में सुलतानपुर लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। घोड़े से कलेक्ट्रेट पहुंचे हाथ में संविधान लिए बबलू चौधरी कलेक्ट्रेट गेट से पैदल जाकर अपना अपना नामांकन दाखिल किया। वह दूल्हे की तरह सजा था। मीडिया से रूबरू हुए बबलू चौधरी ने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। लोग रोजगार के चक्कर में घर छोड़कर बाहर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह सांसद चुने जाते हैं तो उनकी प्राथमिकता बेरोजगारों को रोजगार दिलाने की होगी। उन्होंने कहा कि हमारे समाज का हमेशा से शोषण होता आया है। जिसके चलते वह खुद घोड़े पर सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं।

# भीषण गर्मी में लोगों को रुला रही अघोषित विद्युत कटौती

## मरम्मत के नाम पर छह से आठ घंटे तक काटी जा रही बिजली, गांवों में आपूर्ति बदहाल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** एक ओर जहां गर्मी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर विद्युत कटौती भी लोगों को रुला रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की दशा अभी से खराब होने लगी है। गांव में बिजली आने का कोई समय नहीं है। अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है। चुनाव में जहां तमाम नेता लंबे चौड़े वादे कर रहे हैं, वहीं बिजली समस्या को दुरुस्त करने की कोई भी जरूरत नहीं समझ रहा है। शहर क्षेत्र में केबल बदलने के नाम पर छह से आठ घंटे की कटौती की जा रही है।



पीडब्ल्यूडी के पास विद्युत केबल बदलने के दौरान बंद की गई सप्लाई। अमृत विचार

गौरतलब हो को इन दिनों जिले का तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है। बढ़ रही गर्मी में बिजली की मांग भी बढ़ गई है, लेकिन बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही विद्युत आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने बढ़ती जा रही है। गांवों में बिजली कुछ घंटे ही पहुंच रही है। वह भी उसके आने और जाने का कोई समय भी निश्चित नहीं है। वहीं, इन दिनों तेज हवाओं के चलते अक्सर विद्युत तार आपस में शार्ट हो जाने के कारण फीडर बंद हो जाते हैं। यह फीडर घंटों बंद पड़े रहते हैं, लेकिन इनकी कोई सुधि लेने वाला नहीं है। सरकार करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था में लगा रही है। लेकिन इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा हैं। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी विद्युत नहीं आती है कि लोगों के इनवर्टर तक चार्ज हो सके। गर्मी के मौसम में तेज हवाएं आंधी चलने से अक्सर विद्युत तार वह पोल टूट जाते हैं जो सप्ताह भर पड़े रहते हैं। सरकार ने बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए तमाम प्रयास किए हैं, लेकिन जनता को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

> जिले में बिजली की कोई कमी नहीं है। विद्युत कटौती के लिए पावर डिस्ट्रीब्यूशन की कमजोर आधारभूत संरचना जिम्मेदार हो सकती है। -**रवि कुमार**, अधिशासी अभियंता पावर ट्रांसमिशन

चुनाव में सभी प्रत्याशी अनेकों प्रकार की घोषणाएं कर रहे हैं। अभी भी जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने को लेकर किसी जनप्रतिनिधि द्वारा कोई ठोस कदम उठाए नहीं गए हैं, हालांकि जनप्रतिनिधि अपनी निधियों का तमाम पैसा विद्युत व्यवस्थाओं के सुधार में खर्च कर रहे हैं। इस पैसे का उपयोग होने के बाद जनता को कितनी सुविधा मिल रही है। इसको देखने वाला कोई नहीं है नतीजतन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की स्थिति बहुत ही दयनीय है। यही नहीं शहरों में भी खपत बढ़ने के साथ घंटो विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है । खास बात यह है कि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यह भी बताने को तैयार नहीं होता है कि बिजली किस समय आएगी फिलहाल गर्मी के साथ ही विद्युत समस्या भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

### शहर के दर्जन भर मोहल्लों की गुल रही बत्ती

केएनआई फीडर से जुड़े पीडब्ल्यूडी, बिनोवापुरी, लोलेपुर, शिवाजी नगर समेत एक दर्जन से अधिक मोहल्लों में दिन भर बत्ती गुल रही। सुबह नौ बजे की गई कटौती शाम साढ़े छह बजे तक नहीं बहाल हो सकी थी। पीडब्ल्यूडी पर विद्युत केबल बदलने के लिए यह कटौती की गई है। यही हाल आए दिन शहर के विभिन्न इलाकों में हो रहा है। भीषण गर्मी में लोग बेहाल है।

### बिजली वितरण व्यवस्था

**पारेषण उपकेंद्र**

1-220 केवी पयागीपुर
2-132 केवी कादीपुर
3- 132 केवी गोसैसिंहपुर बनी
4-132 केवी लम्भुआ

**केवी उपकेंद्रों की संख्या**

प्रथम वितरण खंड -7
जयसिंहपुर वितरण खंड -7
बल्दीराय वितरण खंड -10
लम्भुआ वितरण खंड -10
कादीपुर वितरण खंड -11

# अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में दर्ज हुआ बयान



- छह अगस्त 2023 में भुलकी चौराहे के पास अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर की गई थी हत्या

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को वादी मुकदमा मोहम्मद सलीम की गवाही सेशन कोर्ट में दर्ज की गई। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया बचाव पक्ष ने वादी से जिरह की परंतु जिरह पूरी न होने के कारण जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने शेष जिरह के लिए 15 मई की तिथि नियत की है।

कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के बाद केस अभियोजन साक्ष्य में चल रहा है।

### चार आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश

**सुलतानपुर :** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के पूरे तिवारी मखदूमपुर कला गांव में बीते साल एकराय होकर मारपीट, जान से मारने की धमकी व कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला करने के मामले में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट पामेला श्रीवास्तव ने चार आरोपियों के खिलाफ थानाध्यक्ष बाजार शुकुल को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित मुश्ताक के वकील आनंद पांडेय के मुताबिक बीते साल अगस्त माह में जमीनी विवाद को लेकर गांव के छोटे सिंह, हाकिम सिंह, रंजीत सिंह व जसवंत सिंह ने मुश्ताक अहमद व उनके परिजन पर एक राय होकर मारपीट , गाली-गलौज , हत्या की धमकी व कट्टे से फायर किया जिसमें वादी किसी प्रकार बच गया । थाने व एसपी के यहां से कारवाई न होने पर कोर्ट ने अर्जी पर संज्ञान लेते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया है ।

### स्मैक बरामदगी में दोषी को डेढ़ साल की सजा

**सुलतानपुर :** अमेठी जिले के जगदीशपुर थानाक्षेत्र में स्मैक की बरामदगी के मामले में न्यायाधीश संतोष कुमार ने सोमवार को दोषी राजू उर्फ समरेन्द्र मौर्य को एक साल छह माह की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। अभियोजन के मुताबिक जगदीशपुर थानाक्षेत्र में तत्कालीन उपनिरीक्षक अखिलेश प्रताप ने आरोपी राजू उर्फ समरेन्द्र मौर्य को 16 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर आरोप पत्र न्यायालय भेजा । दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से पेश साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को अदालत ने दोषी को सजा सुनाई।

# पशुओं की सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारीः एडीजे

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** मॉडर्न पब्लिक स्कूल गभड़िया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अपर जिला जज / सचिव विजय कुमार गुप्ता ने पशु क्रूरता एवं पशुओं की सुरक्षा तथा नशीली दवाओं एवं धूम्रपान के उन्मूलन पर जोर दिया। कहा कि जिस तरह हम अपने को सुरक्षित महसूस करना चाहते हैं ठीक उसी प्रकार पशु भी अपने को सुरक्षित रखना चाहते हैं। पशुओं की सुरक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उनकी स्वतंत्रता से खिलवाड़ न करें यही उनके लिए क्रूरता से बचाव है।

उन्होंने कहा कि नशा हमारे जीवन का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। नशा परिवार के साथ-साथ समाज को भी बर्बाद करता है। जिससे परिवार बिखंडित हो जाता है। इसलिए हम सभी को चाहिए कि नशे से दूर रहें और परिवार के लोगों को भी नशे से दूर रखने में अपनी सहभागिता करें। विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल लायक अमित पांडेय ने पशु क्रूरता से संबंधित कानून व उसमें प्रावधानों के बारे में तथा नशा से बचने के लिए विस्तार से जानकारी दी। मध्यस्थ हरिराम सरोज में भी संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रबंधक ने आए हुए आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित कर किया।



काली माता चौरा स्थल पर पूजन करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

### सुख-समृद्धि के लिए सुहागिनों ने की मां शीतला की पूजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र अठैसी शुक्ल बिजौली गांव में काली माता चौरा स्थल पर सोमवार को सुहागिनों ने शीतला माता की पूजा-अर्चना की। समाजसेवी बृजेश शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में 101 महिलाएं शामिल हुई। उन्होंने समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। समूह में बंटी महिलाओं के आगे सबसे पहले प्रसाद के रूप में मिष्ठान रखा गया। इसके उपरांत शीतला माता की कथा सुनाई गई। सुहागिनों ने देश, समाज व परिवार खुशहाल रहे इसको लेकर माता रानी की विधि-विधान पूजा की। गांव के नन्दन, अंकित गोलू, अंकित, नीरज ने बताया ग्रामीणों के सहयोग से हर वर्ष काली माता स्थल पर पूजा-पाठ किया जाता है। इस मौके सुमित्रा देवी, पूजा शुक्ला, रीना, मीना, यशोदा , सुनीता यादव, पूनम शुक्ला सहित काफी संख्या में महिला श्रद्धालु मौजूद रहीं।

# 20 लाख न देने पर शौहर ने घर से निकाला, केस दर्ज

- पीड़िता के भाई की तहरीर पर पति व ननदों पर दहेज प्रथा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शादी के 10 साल बाद शौहर ने अपनी बीवी से 20 लाख रुपए लाने को कहा। मांग पूरी न होने पर शौहर ने बहनों के साथ मिलकर बीवी को मारपीट जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। विवाहिता के भाई के तहरीर पर पुलिस ने शौहर व उसकी ननदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के खैराबाद निवासी गुफरान ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को तहरीर दी है। उसने बताया कि अक्टूबर 2013 में उसके बहन अरमीन निखत का निकाह बेंगलुरु में शैय्यद जाबिर पासा से हुआ था। जिसमें परिवार ने कार सहित अन्य कीमती उपहार दिए थे। जिसमें 50 लाख रुपए खर्च हुए थे। नवंबर 2013 मे सुलतानपुर में मिलन मैरिज लान एक समारोह हुआ था जिसमे तीन लाख रुपए खर्च हुए थे। निकाह के कुछ वर्ष बाद से उसके शौहर शैय्यद जाबिर पासा , ननदे शायरा व फरीदा कम दहेज की बात करते हुए प्रताड़ित करने लगी। आरोप है कि इसी बीच बीस लाख रुपए दहेज मागने लगे साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। जब उसकी बहन सुलतानपुर आकर इस बात को बताया तो हम लोग समझाने लगे इस पर उक्त लोगों ने कहा कि बीस लाख दो नहीं तो घर से निकाल कर दूसरी शादी कर लेंगे। जनवरी 2023 में उक्त लोगों ने उनकी बहन को मारपीट कर सभी सामान छीनते हुए जान से मारने की धमकी दी। हम लोग मिलने जब बंगलौर गए तो उक्त लोग घर बंद कर भाग गए। इसकी शिकायत नगर कोतवाली में की गई थी। लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि एसपी के निर्देश पर शौहर व उसकी ननदों के खिलाफ दहेज प्रथा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दहेज लोभियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कादीपुर, सुलतानपुर :** दोस्तपुर थाने के कोहरा गांव के संजय उपाध्याय ने अपने पुत्री की शादी बस्ती कोतवाली के कुहड़ा बड़के गांव के स्वरूपधर द्विवेदी के साथ तय किया था। बीते 17 अक्टूबर 2022 को शिव बाबा धाम अंबेडकर नगर में दोनों की सगाई हुई थी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सगाई के दौरान वर पक्ष को दो लाख रुपए नगद, सोने की अंगूठी तथा कपड़े दिए गए थे। पांच महीने बाद शादी की तिथि तय किए जाने की बात तय हुई थी। इसी बीच वर पक्ष के लोगों ने एक मौत की बात बता कर समय टाल दिया था और कुछ दिन में लड़की पक्ष के घर आने की बात कही थी। बीते 10 मार्च को दिनेश एवं उनकी पत्नी तथा पुत्र स्वरूप धर द्विवेदी लड़की के घर आए और दहेज में पांच तोला सोना एवं एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी की मांग की। लड़की पक्ष ने जब इतना देने में असमर्थता व्यक्ति की तभी वर पक्ष के लोग उनके घर से नाराज होकर चले गए। रविवार को पीड़ित संजय ने दोस्तपुर थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दहेज की धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**आईसीएसई बोर्ड** | दूसरे स्थान पर हर्षी पाठक और तीसरे स्थान पर रहीं अन्वेशा सिंह

# 98 प्रतिशत अंक के साथ प्रखर बने टॉपर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आईसीएसई बोर्ड की ओर से सोमवार को घोषित 10वीं के परीक्षाफल में प्रखर श्रीवास्तव ने जिले में टॉप किया है। दूसरे स्थान पर हर्षी पाठक और तीसरे स्थान पर अन्वेशा सिंह रहीं। परीक्षा परिणाम देखकर विद्यार्थी चहक उठे।

शहर के गुरु चरण कौर पब्लिक स्कूल के 57 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें 32 छात्र व 25 छात्राएं थी। यहां का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रखर श्रीवास्तव ने 98 प्रतिशत अंक पाकर जिले में अव्वल स्थान हासिल किया। यहीं की हर्षी पाठक 96.4 फीसदी अंक के साथ दूसरे और अन्वेशा सिंह 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल की प्रधानाचार्य तेजिंदर कौर व शिक्षकों ने बच्चों को मिठाई कराकर बधाई व आशीर्वाद दिया।



मेधावी छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई देतीं प्रधानाचार्य। अमृत विचार

बल्दीराय तहसील क्षेत्र में सेंट जॉन कान्वेंट गनापुर में आईसीएसई हाईस्कूल का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। इसमें ध्रुव तिवारी 89 प्रतिशत, शिवांगी सिंह 84.20 प्रतिशत व अंशिका जायसवाल 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप थ्री में स्थान हासिल किया। दूसरी ओर शहर के गभड़िया स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। स्कूल के टाप थ्री में संजना जायसवाल 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, इलमा ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे और अल्शिफा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाने पर तैनात उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सोनकर हमराहियो के साथ चौकी क्षेत्र पारा मे रविवार की शाम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि भखरी गांव की तरफ जाने वाली सड़क के मोड़ पर एक युवक अवैध असलहे के साथ खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर युवक भागने लगा तो पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। युवक से जब भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके पास अवैध असलहा है। तलाशी के दौरान पकड़े गए युवक के पास से एक अवैध तमंचा बारह बोर दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवक की शिनाख्त जय प्रकाश यादव निवासी चकशिवपुर थाना बल्दीराय के रुप में हुई। थाना प्रभारी राम विशाल सुमन ने बताया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कादीपुर के मजदूर की आंध्र प्रदेश में मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर के कादीपुर के मजदूर की आंध्र प्रदेश में मौत हो गई है। पहाड़ तोड़ते समय एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। तहसील के नारा मधईपुर गांव के विजय कुमार गौतम (35) रोजी रोटी के सिलसिले में आंध्र प्रदेश गए थे। वहां पर वह पहाड़ तोड़ने का काम कर रहे थे। बीते रविवार को पहाड़ तोड़ते समय वह घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रात में उनके परिजनों को फोन से घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी गायत्री पिता गंगाराम एवं पुत्र अमन (8) एवं पुत्री आस्था (6) का रो-रो कर बुरा हाल है। पारिवारिक जन शव लेने के लिए आंध्र प्रदेश रवाना हो गए हैं।

## सार-संक्षेप



राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निवारण संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारी। अमृत विचार

### भ्रष्टाचार व अत्याचार के खिलाफ उठाएंगे आवाजः तिवारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार ।** सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जिले में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अत्याचार निवारण संगठन अब सक्रिय हो गया है। शीर्ष नेतृत्व में जिले के मत्स्य विभाग से रिटायर्ड इंस्पेक्टर को जिला प्रभारी मनोनीत किया है। सोमवार को संगठन की ओर से जोगीवीर (अहिमाने) में नागरिक जागरूकता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार एवं अत्याचार पर पूरी तरह से अंकुश लगाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है, संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक डा .राजेश शुक्ला एवं श्रीश्री 1008 गोथवारा पीठाधीश्वर महंत बजरंग दास हनुमानगढ़ी अयोध्या की मौजूदगी में आयोजित सम्मेलन में जिला प्रभारी बीएन तिवारी ने संबोधित किया। कहा कि एंटी करप्शन टीम को मजबूत किया जाएगा। जिले में किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार की जानकारी मिलने पर अथवा पीड़ित की शिकायत पर टीम पूरी ईमानदारी से काम करेंगी। विभागीय भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना ही संगठन का मकसद है। विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ संगठन कानूनी तरीके से लड़ाई लड़ेगा। इस मौके पर शिव नारायण मिश्रा उपाध्यक्ष, डा .धर्मेंद्र शुक्ला, संजय तिवारी, महिला अध्यक्ष रेणुका पांडेय व सुधा सिंह आदि ने संबोधित किया।

### टैंकर के नीचे आया साइकिल सवार युवक, मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैथौली निवासी सियाराम तिवारी का पुत्र राम सुंदर तिवारी (38) साइकिल से सोमवार को दोस्तपुर बाजार से घर जा रहा था। तभी तारकोल लदी टैंकर रावण प्रतिमा के पास से गुजर रहा था, एका एक रामसुंदर तिवारी साइकिल सहित टैंकर के चक्के के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान करा कर शव को कब्जे में ले लिया व पुलिस टैंकर व ड्राइवर को पकड़ कर थाने ले गयी।

### भाजपा लीडर बेस नहीं, कैडर बेस पार्टीः शंकर गिरि

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा ने सोमवार को मर्यादी इंटर कॉलेज, बरौसा में सदर विधानसभा का बूथ सम्मेलन आयोजित किया। बूथ सम्मेलन को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने के टिप्स दिए ।उन्होंने कहा बूथ अध्यक्ष संगठन का भाग्य विधाता हैं ।वह बूथ पर पार्टी का परचम फहराता है। उन्होंने कहा भाजपा लीडर बेस नहीं कैडर बेस पार्टी है ।भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है ।उन्होंने कहा हम भारत को विकसित व विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं ।सांसद मेनका संजय गांधी ने बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा 1991 बूथ हैं। हर बूथ पर कम से कम 425 वोट और 65 प्रतिशत वोटिंग के लिए काम करना है। 18 दिन चुनाव में बचें हैं। कार्यकर्ता भाजपा को वोट देने 425 लोगों की सूची बनाकर उनसे डोर टू डोर संपर्क व संवाद स्थापित करे।

### सर्वेश कांत को नेपाल में मिला सम्मान

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार ।** धराधाम इंटरनेशनल एशिया बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से लुम्बिनी नेपाल में आयोजित सार्क प्राइड अवार्ड सेरेमनी 2024 पीस सम्मिट कार्यक्रम में साहित्यकार सर्वेश कान्त वर्मा सार्क प्राइड अवार्ड से सम्मानित किए गए। श्री वर्मा रामरती इंटर कालेज द्वारिका गंज में शिक्षक हैं। वह पाठ्य पुस्तक लेखक भी हैं। इनकी उपलब्धि पर लोक भूषण डॉ. आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप, डॉ. राम प्यारे प्रजापति, दिनेश प्रताप सिंह चित्रेश, डॉ. सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु, आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु, रमेश चंद्र नंदवंशी, सभाराज वर्मा, बृजेश वर्मा, राज बहादुर राना ने बधाई दी है।

### प्रेक्षक के निरीक्षण में जीआईसी बूथ मिला आल इज वेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सोमवार को सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार द्वारा राजकीय इंटर कालेज पर बने मतदाता बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदाता केन्द्र पर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने जैसे विद्युत, स्वच्छ पेयजल, रैम्प, टेन्ट, शौचालय (महिला, पुरुष) बैरिकेडिंग, बूथों की संख्या का अंकन, मॉडल बूथ, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, मेज, कुर्सी मच्छरदानी/मॉसकीटो क्वायल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही मतदान केंद्रों पर किचन, वेबकॉस्टिंग हेतु सॉकेट, शौचालय, रैम्प आदि का भी निरीक्षण किया ।प्रेक्षक के निरीक्षण के दौरान सब कुछ आल इज वेल मिला। वही प्रेक्षक द्वारा सभी बीएलओ से समय से मतदाता पर्ची वितरण के लिए निर्देशित करते हुए अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए दिशा निर्देश दिया।

# धर्म दर्शन



## सामाजिक समरसता का अनुकरणीय
## पाथेय राम का संपूर्ण जीवन

सबमें राम सबके राम समरसता के सबसे बड़े प्रतीक हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम। उनका जीवन मर्यादा, सामंजस्य और समरसता का पर्याय है। इसीलिए वे न केवल भारतीय समाज के लिए, बल्कि विश्व समुदाय के लिए आदर्श हैं। वनवासी राम का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। छोटे और बड़े के बीच, उच्च और निम्न जातियों के बीच वे कैसा व्यवहार उचित समझते थे, इसका दर्शन केवट और शबरी प्रसंग में किया जा सकता है।

केवल श्रीराम को देख अत्यंत प्रेम पूर्वक दंडवत करता है तो श्रीराम उसे अत्यंत स्नेहपूर्वक अपने पास बैठाकर उसकी कुशल क्षेम पूछते हैं- करि दंडवत भेंट धरि आगे, प्रभुहिं बिलोकत अति अनुरागे। सहज सनेह बिबस रघुराई, पूंखी कुसल निकट बैठाई। शबरी द्वारा प्रदत्त जंगली फल और कंदमूल श्रीराम बड़े प्रेमपूर्वक ग्रहण करते हैं। शबरी जब कहती है कि हे राम! आपका दर्शन तो मेरे गुरुदेव को भी नहीं हुआ, मेरी तो औकात ही क्या है? मैं तो नीच जाति में उत्पन्न हुई एक गंवार स्त्री हूं। प्रत्युत्तर में राम कहते हैं कि "मेरी भक्ति में न पुरुष-स्त्री का भेद कारण है, न जाति, न नाम और न आश्रम। भक्ति की भावना ही मेरी भक्ति में कारण है।" केवल भक्ति की न्यूनता अधिकता ही किसी को छोटा बड़ा बनाती है, जाति नहीं-अद्यम ते अद्यम अद्यम अति नारी, तिन्ह मंद मैं मतिमंद अधारी। कह रघुपति सुनु भामिनी बाता, मानहुं एक भगति कर नाता। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

राम राजपुत्र थे, उच्च वर्ण में जन्मे थे, किंतु समाज में हीन और निम्न कहे जाने वाले समुदाय के लोग उनके सर्वाधिक प्रिय पात्र रहे। राम की इस विलक्षणता को बताते हुए तुलसीदास विनयपत्रिका में कहते हैं, हे राम! आपकी यही तो बड़ाई है कि आप गण्य-मान्यों, धनिकों की अपेक्षा गरीबों को अधिक आदर देते हैं। "रघुवर रावरि यहै बड़ाई। निदरि गनी आदर गरीब पर,करत कृपा अधिकाई।।" राम इसलिए सबसे बड़े हैं कि वे सर्वाधिक चिंता छोटे और निचले स्तर के लोगों की करते हैं। वे सबल की अपेक्षा निर्बल का, बड़े की अपेक्षा छोटे का, ऊंचे की अपेक्षा नीचे का, अमीर की अपेक्षा गरीब का पक्ष लेते हैं। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। अहिल्या शापित और उपेक्षित स्त्री थी। सामाजिक उपेक्षाओं और तिरस्कारों के कारण वह पथरा गई थी। राम उसकी भी सुध लेते हैं। समरसता के अग्रेसर राम जाति, वर्ण, लिंग आदि का भी कोई भेदभाव नहीं रखते। जिस "थर्ड जेंडर" पर ध्यान केंद्रित किए जाने को आज मानवाधिकारों की पहल और प्रेरणा बताया जाता है, तुलसी के राम अपनी भक्ति के लिए स्त्री-पुरुष के साथ इस वर्ग को भी याद रखते हैं। पुरुष नपुंसक नारि वा जीव चराचर कोइ। सर्ब भाव भज कपट तजि मोहि परम प्रिय सोइ।।/ भगतिवंत अति नीचहुं प्रानी।/मोहि प्रानप्रिय असि मम बानी।। अर्थात् अत्यधिक नीच भी यदि कोई भक्त है तो वह मुझे प्राणों से भी प्रिय है।"



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

## अन्न के स्वामी अग्निदेव

यज्ञरूपी सत्कर्म के प्रेरक अग्निदेव के निमित्त यह आहुति समर्पित करते हैं। मन और बुद्धि को प्रेरणा प्रदान करने वाले अग्निदेव को यह आहुति देते हैं। चित्त और विशिष्ट ज्ञान को प्रेरित करने वाले अग्निदेव को यह आहुति प्रदान करते हैं। वाणी और विशिष्ट विद्याओं के प्रेरक अग्निदेव को यह आहुति प्रदान कर देते हैं। मन्वंतर-प्रवर्तक, प्रजापालक मनुरूप अग्निदेव के निमित्त यह आहुति प्रदान करते हैं। संसार के कल्याणकारी अग्निदेव के निमित्त यह आहुति देते हैं। सभी मनुष्य इस जगत का संचालन करने वाले परमेश्वर की मित्रता को स्वीकार करें। दिव्यज्ञान एवं सांसारिक वैभव की कामना से उस परमपिता की तेजस्विता को धारण करें, उसके लिए हमारी यह आहुति समर्पित है।

हे सामर्थ्यवान अग्निदेव! जो भी समिधाएं आपके निमित्त समर्पित की जाएं, वह सभी आपको घृताहुति के समान ही परम प्रिय हों। उन सभी को प्रसन्नता के साथ ग्रहण करें। घुन जिस काष्ठ को चट कर जाता है, दीमक जिस काष्ठ को खा जाती है, ऐसी काष्ठ की समिधाएं भी आपको घृतवत प्रिय हों, उनका भी आप प्रेमपूर्वक सेवन करें। पृथ्वी की नाभि के समान यज्ञकुंड में प्रदीप्त होने की स्थिति में हविष्यान्न से संतुष्टि प्राप्त करने वाले अति प्रशंसनीय यज्ञाग्नि का हम आवाहन करते हैं। शत्रुओं का तिरस्कार कर युद्ध में विजय प्राप्त करने वाले अग्निदेव से हम महान धन, ऐश्वर्य प्राप्ति की कामना करते हैं। आपके प्रभाव से हमारा और जिसके हम पुरोहित हैं, उस यजमान का प्रशंसनीय ब्रह्म ज्ञान, प्रशंसनीय तेजस्विता तथा प्रशंसनीय विजयशील क्षात्र बाल विकसित हो। हे अग्निदेव! दुष्कर्मियों के बाहुबल की अपेक्षा हमारा पराक्रम प्रखर हो, उनके तेज की अपेक्षा हमारा ब्रह्म तेज श्रेष्ठ हो। ज्ञान की तेजस्विता से विरोधियों का समापन हो, हम स्वजनों को ऊंचा उठाते हैं। अन्न के स्वामी हे अग्निदेव! आप हमारे लिए आरोग्यप्रद तथा पोषणयुक्त अन्न प्रदान करें, दानशील मनुष्यों को भली-भांति पोषित करें। हमारे पुत्र-पौत्रादि और पशुओं के लिए भी शक्तिवर्धक अन्न प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## पौराणिक ग्रंथों में असुर

संस्कृत साहित्य के उत्कृष्ट विद्वान्महासहोपाध्याय, विद्यानिधि, सिद्धेश्वर शास्त्री चित्राव के अनुसार, "देव एक मानव जातिसंघ था। प्राचीन वैदिक पौराणिक ग्रंथों में देव, असुर, राक्षस, पितर आदि ग्यातिसंघों (जातिसंघों) एवं इन जातियों के स्त्री-पुरूषों का निर्देश पुनः पुनः मिलता है। इन सारे जाति संघों में देव लोगों का ग्याति संघ बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से सर्वाधिक प्राज्ञ (उन्नत) एवं बलिष्ट प्रतीत होता है (प्राचीन चरित्र कोश, पृष्ट, 290)।

महाभारत एवं पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक साहित्य के प्रारम्भ में 'असुर' शब्द दिव्यशक्ति संपन्न, ऊर्जावान, प्राणवान के अर्थ में महर्षि कश्यप एवं प्रजा पतिदक्ष की उनको ब्याही सगी बहनों की संततियों के लिए, विशेषकर अदितिपुत्र देवो, दितिपुत्र दैत्यों तथा दनुपुत्र के संयुक्त समूह के लिए होता था। आज के तथा कथित विकसित समाज में जब सगी मां से उत्पन्न भाईयों के परिवार में स्वार्थ जनित मतभेदों के कारण विघटन आम बात हो गई है, तब आज से हजारों वर्षों पूर्व कश्यप की अनेक (पुराणों के अनुसार तेरह, तीस, साठ पत्नियों की) सौतेली संतानों के मध्य स्वार्थ जनित कटुता के कारण उग्र मतभेद स्वाभाविक था। इसी स्वार्थ जनित मतभेद के कारण नागमाता कद्रू ने सगी बहन गरूड़ माता विनता को अपनी दासी बना लिया था और पति देव महर्षि कश्यप असहाय देखते रहे। इस घटना ने परम शक्ति संपन्न गरूड़ को संपूर्ण नागमाता का परम शत्रु बना दिया। विस्तार भय से इस बहु प्रचलित पौराणिक कथा का उल्लेख यहां नहीं किया जा रहा है। देवराज इन्द्र द्वारा स्वर्ग पर पूर्णाधिकार, विभिन्न यज्ञों एवं कर्मकाण्डों में घर बैठे भागीदारी, सुसंपन्न विलासिता पूर्ण जीवन, विभिन्न प्रकार के मादक पेयों के प्रति लगाव अर्थात सुराप्रेम ने सौतेले भाईयों, विमाता दितिपुत्र दैत्यों को विद्रोह के लिए उकसा दिया। दनुपुत्र दानवों ने भी उनका साथ दिया। प्रतिक्रिया स्वरूप सुरा प्रेमी 'सुर' या देवों ने असुर शब्द का मूल अर्थ, "असुः=प्राण+र=युक्तया वाला अर्थात प्रणवान या शक्तिशाली। आगे चलकर यही भौतिक शक्ति का सूचक या प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में यह वरूण, इन्द्र वसु आदि देवों के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है। महाभारत एवं कथा सरित्सागर एवं पुराणों में भी असुर समाज के परम उदार, प्रजावत्सल, परोपकारी असुरों (दैत्यों, दानवों, राक्षसों) की प्रशंसा में कई कथाएं वर्णित है।




डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## अक्षय तृतीया: जागृत होती हैं सात्विक प्रवृत्तियां

पुरुष और प्रकृति के एकीकरण, समन्वय, तादाम्य का महीना है वैशाख। इस महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि त्रिगुणात्मक जीवन की ज्ञान-इच्छा एवं क्रियाशक्ति का भान कराने वाली तिथि है। इसके अलावा यह तीनों लोक भूः भुवः स्वः को भी ऊर्जावान करने की तिथि है। इस तिथि को अक्षय तृतीया का निर्धारण करने के केवल आध्यात्मिक कारण ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक कारण भी है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह सत्ययुग की प्रारम्भ तिथि है। सत्ययुग के ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का स्वरूप अक्षय एवं अविनाशी है। पूरी सृष्टि सृजन, पालन एवं विनाश की त्रिकोणात्मक परिक्रमा करती है। यह तिथि ज्ञान एवं क्रिया के देवता परशुराम का अवतरण दिवस भी है। ऋषि होने के नाते परशुराम जी जहां ज्ञान के देवता होते हैं, वहीं प्रजा हित एवं सकुशल राज्य-संचालन के लिए निर्धारित मानकों के विपरीत कार्य करने वाले राजाओं से अनेकानेक बार संघर्ष की भी कथाएं उल्लिखित हैं।

वैशाख ऋतुराज वसन्त के उन्मेष का महीना है। चैत्र शुक्ल पक्ष से शुरू वसन्त 2 माह अपना जो सुमधुर प्रभाव छोड़ता है, उससे त्रेतायुग के अक्षय स्वरूप के भगवान विष्णु के सप्तम अवतार भगवान श्रीराम एवं अष्टम अवतार योगेश्वर कृष्ण अभिभूत होते हैं। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम के सीताहरण के पश्चात भटकाव एवं व्यग्रता को विराम देने वाला यही समय है। दण्डकारण्य में प्रथमतः ज्ञान और विज्ञान के केंद्र श्रीहनुमान से उनकी इसी समय मुलाकात होती है। श्रीराम को हनुमान की बातो में ऋक्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के ज्ञान का आभास होता है। ज्ञानी हनुमान को पाकर वे सीता को पाने के प्रति आश्वस्त होते दिखाई पड़ते है। वसन्त ऋतु का समय है। वाल्मीकि रामायण में भगवान राम द्वारा वसन्त ऋतु का जो वर्णन किया गया है वह पुरुष और प्रकृति के बीच समन्वय स्थापित करने का संकेत स्पष्ट रूप से देता है। शीतकाल की समाप्ति के बाद सूर्य की रश्मियों में आती तेजी का रूप सुहावना है। पुरुष के इस सुहावने पन पर प्रकृति मुग्ध होने लगती है। धरती-आकाश की आपसी अनुकूलता से पुरानापन नवीन होता है। प्रकृति के इस भाव को जीवन में आत्मसात करने का सन्देश भी निहित है। श्रीराम कृष्ण बनकर द्वापर के अगले अवतार में वसन्त की मोहकता को भूलते नहीं और 'मासानां मार्गशीर्षोऽहम ऋतुनां कुसुमाकरः' कह कर वसन्त को अपना स्वरूप ही प्रदान कर देते है। लिहाजा श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की कृपा-अनुकम्पा से अभिसिक्त होने का यह समय है। दोनों अवतारी पुरुष का जीवन सिर्फ सैद्धांतिक ही नहीं बल्कि क्रियात्मक भी था। वसन्त ऋतु के इसी काल में वैशाख तृतीया को अवतरित दशावतार में छठे एवं 24 अवतारों में 16वें भगवान परशुराम की महिमा से यह भी सन्देश मिलता है कि जीवन के षटचक्रों का भेदन करते हुए सहस्रार की ओर बढ़ने से चिंतन राम-कृष्ण की तरह उर्ध्वगामी होगा। वैशाख महीने की महत्ता से पौराणिक ग्रंथ भरे पड़े है। कतिपय महीनों की महत्ता के क्रम में वैशाख माह के लिए स्कंदपुराण के 13 अध्यायों में वर्णित इसकी महत्ता से आशय यह निकलता है कि इस महीने में चन्द्रमा, सूर्य, तारे, नक्षत्र इतने अनुकूल हो जाते हैं कि इसके तीसों दिन मानव के लिए लाभप्रद हो जाते हैं। प्रतिकूलताएं निष्प्रभावी हो जाती हैं जिसकी वजह से अक्षय तृतीया को बिना किसी गणना के शुभकार्य सम्पादित किए जाते हैं। वैसे तो तृतीया तिथि को ललिता देवी की उपासना के माध्यम से व्रत का विधान नारदपुराण में महिलाओं के लिए किया गया है लेकिन वैशाख की अक्षय तृतीया का व्रत-उपवास स्त्री-पुरुष दोनों के लिए लाभदायी कहा गया है।





सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# प्रदेश

## अनिवार्य सेवानिवृत्ति से पहले कर्मचारी का पूरा सेवा रिकॉर्ड देखना आवश्यक

**याची को 3 सप्ताह के भीतर सेवा में शामिल करने का दिया निर्देश**

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का कोई विशेष स्थान नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं निकलता कि न्यायिक जांच को पूरी तरह से अलग कर दिया गया हो। हालांकि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अपीलीय अदालत के रूप में मामले की जांच नहीं कर सकती हैं, लेकिन आदेश के दुर्भावनापूर्ण, आधारहीन और मनमाना होने की संभावना पर उसमें हस्तक्षेप अवश्य कर सकती है।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि मौलिक नियम 56 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने से पहले संबंधित प्राधिकारी द्वारा एक राय बनाने की आवश्यकता होती है, जिससे कर्मचारी की पूरी सेवा पर विचार करने के बाद उसे सेवानिवृत्ति देने का फैसला लिया जाए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया की एकलपीठ ने रतन कुमार यादव की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 3 सप्ताह के भीतर उन्हें सेवा में शामिल करने का निर्देश दिया है, साथ ही 6 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को बकाया वेतन, वरिष्ठता और अन्य लाभों सहित सभी परिणामी लाभ प्रदान करने का भी आदेश दिया है। मामले के अनुसार याची को वर्ष 1998 में पुलिस उप-निरीक्षक के पद पर सीधे भर्ती मिली थी। सेवाकाल के दौरान उन्हें मुन्ना बजरंगी गिरोह के साथ मुठभेड़ में एके-47 की पांच गोलियां लगीं। इसके बाद याची को वर्ष 2001 में इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति दी गई और उन्हें राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में उनकी पदोन्नति कर उन्हें गाजीपुर में तैनात किया गया, जहां अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गाज़ीपुर द्वारा कुछ जांच के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके बाद उनके खिलाफ लगातार चल रही जांच प्रक्रिया के आधार पर वर्ष 2019 में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई। आधी-अधूरी जांच के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का कलंक और दोगनी सजा याची को झेलनी पड़ी। स्क्रीनिंग कमेटी ने याची के सेवा रिकॉर्ड पर विचार किए बिना दंडात्मक आदेश पारित किया। अंत में जिसे टिकाऊ ना मानकर कोर्ट ने रद कर दिया।

### अब्दुला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई जारी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर 6 मई को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने सरकार की ओर से की गई अब तक की कार्रवाई को लेकर तर्क प्रस्तुत किए। कोर्ट ने दोपहर में भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखने का निर्देश दिया।

## मुकदमा लंबित रखने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

**आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को दी सशर्त जमानत**

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने आरोपी एक छात्र के मुकदमे के निस्तारण में पुलिस उप-निरीक्षक द्वारा असहयोग करने की आलोचना करते हुए कहा कि कोर्ट के ईमानदार अनुरोध की जानबूझकर अवहेलना वास्तव में स्तब्ध करने वाली है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने अनिकेत दीक्षित की दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की।

कोर्ट ने पाया कि आईपीसी की धारा 306 के तहत वर्ष 2018 में पुलिस स्टेशन कल्याणपुर, कानपुर नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया और 4 अप्रैल 2018 से आरोपी जेल में बंद है। इस पर कोर्ट ने जिला न्यायालय को 31 अगस्त 2024 तक मुकदमे का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया, साथ ही यह चेतावनी भी दी कि आदेश का अनुपालन न करने की स्थिति में पीठासीन अधिकारी को प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ सकता है। आरोपी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट ने सितंबर 2018 में पहली जमानत याचिका को खारिज करते हुए जिला न्यायालय को इस निर्देश के साथ वापस कर दिया था कि वह मुकदमे की सुनवाई तेज कर डेढ़ साल के भीतर इसे समाप्त करें जबकि मुकदमे में बहुत कम प्रगति हुई, जिसके कारण आरोपी को 6 साल तक हिरासत में रहना पड़ा। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पत्र का अवलोकन करते हुए पाया कि ट्रायल कोर्ट ने हाजिरी माफी के विभिन्न आवेदनों को उदारतापूर्वक स्वीकार किया, जिसके कारण नवंबर 2019 से मई 2023 तक यानी 3 वर्ष और 10 महीने की अवधि के दौरान केवल दो गवाहों की जांच की गई। अंत में कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन पक्ष का कोई गवाह मुकदमे के शीघ्र समापन में असहयोग करता है तो ट्रायल कोर्ट दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध सभी बलपूर्वक तरीकों का उपयोग करके गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कर सकती है।

## वर्ग पहेली-62

**बाएं से दाएं**

1. 1. नकली वस्तु 2. मिलावटी चीज़ 3. कसौटी पर न उतरने वाली।

5. 1. ओछापन, क्षुद्रता 2. छिछोरे का काम।

6. 1. सुरक्षा राशि 2. शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से ली जाने वाली सुरक्षा राशि।


7. 1. लकड़ी का वह भाग जो ज़मीन में धंसा हुआ होता है जिसके कुंदे पर लुहार काम करता है

**ऊपर से नीचे**

2. कलम या पेन जिसकी नलिका में स्याही भरी रहती है।

3. 1. बांस की खमाचियों या पतली लचकदार टहनियों की बनी हुई बड़ी टोकरी, झाबा, खांचा 2. पशुओं को कटा हुआ चारा डालने का पात्र।

4. (पुराण) 1. काली माता 2. दुर्गा का एक रूप।



### वर्ग पहेली -61 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ि | क | रा | | 2 बे | खौ | 3 फ़ |
| | | | 4 ल | | | क़ी |
| 5 अ | भि | ले | ख | न | | रा |
| ह | | | पे | | | ना |
| रि | | 6 घो | ड़ा | गा | ड़ी | |
| म | | | | | | |
| न | | 7 ते | लि | या | मे | ना |

### सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | 3 | 7 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| 4 | | | 9 | 8 | | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| 7 | | 9 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -140 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 7 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 23.40 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष:** आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप के कारण आपका अपमान हो सकता है। सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थों को पीछे रखते हुए लोकहित के लिए काम करें। ठण्डी वस्तुओं का सेवन करें। आपके विरुद्ध दुर्भावना रखने वाले लोगों की पहचान होगी।

**वृष:** आज कुछ कारणों से आपके फोकस में कमी आयेगी। परिवार में उथल-पुथल हो सकती है। शाम के समय सत्सङ्ग और ध्यान आदि में मन लगा सकते हैं। अचल संपत्ति को लेकर कोई बड़ा निर्णय न लें। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन:** आज अपनी अपेक्षाओं के अनुसार मेहनत नहीं कर पायेंगे। मन में बैठे डर को निकालने का प्रयास करें। सार्वजनिक उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। लेकिन आप उससे सन्तुष्ट शायद ही रहें। शोध कार्यों में आज आपको सफलता मिलसकती है।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में नया परिवर्तन आपके जीवन में बदलाव ला सकता है। व्यवसायिक पार्टनर के साथ समय बितायेंगे। कर्जों को चुकाने में सफलता मिलेगी। जिस अवसर का इंतजार कर रहे थे, वह आपको आज मिल सकता है।

**सिंह:** आज आपकी मांसपेशियों में दर्द हो सकता है। किसी पर भी आंख मून्दकर भरोसा न करें। दांपत्य संबंधों में प्रेम भावना बढ़ेगी। अपनी क्षमता का सही उपयोग करेंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें। व्यापार में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कन्या:** आज आपको कुछ विरोधाभासी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। मन में अनावश्यक विषयों के विचार चलते रहेंगे। इसीलिए आपको खाली नहीं बैठना चाहिए। सेहत को लेकर की गई लापरवाही भविष्य में नुकसान देह सिद्ध हो सकती है।

**तुला:** आज अपनी बुद्धि विवेक से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। मन में दबी हुई भावनाओं को तुरन्त व्यक्त न करें। कर्मचारियों की सहायता से आपका कार्यभार कम होगा। वृद्धजनों की सेवा करेंगे। शाम को थोड़ा अकेलापन महसूस होगा।

**वृश्चिक:** आज आप आवश्यक सामान की ख़रीदारी कर सकते हैं। दैनिक आय में वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी।


**धनु:** आज समाजसेवा को लेकर मन में भाव उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के कारण सभी कार्य आसानी से सफल होंगे। कार्यक्षेत्र में ऐच्छिक सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। किसी की आलोचना न करें। तकनीकी कार्यों में रुचि लेंगे।

**मकर:** आज महिला सहकर्मियों का अपमान न करें। अधिक देर बैठकर काम करने से नुकसान होगा। सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। विवाह से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान न हों।

**कुंभ:** आज उच्च अध्ययन में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मानसिक अन्तर्द्वंद का शिकार हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। किसी पुराने मित्र की मुलाक़ात से आनन्द की अनुभूति होगी। दांपत्य जीवन की कठिनाई दूर होगी।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने कार्यों में किसी का हस्तक्षेप न होने दें। परिश्रम के बाद सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये दिन अच्छा नहीं है। अपने भीतर अहम् भाव न पनपने दें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 15.32 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
15 अगस्त — सुबह : 09.00
आसमान ऊंचा — शाम : 06.00

**&pictures**
ऑल द वेस्ट — दोपहर : 12.05
हिचकी — शाम : 06.02

**Sony Pix**
सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 10.03
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — रात : 09.05

**Zee Cinema**
खिलाड़ी 786 — सुबह : 10.45
जीते हैं शान से — रात : 07.25

**Colors Cineplex**
द ग्रेट गैम्बलर — सुबह : 11.25
मैरी कॉम — रात : 08.48

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 06.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी से लड़ाई के बाद पति एक बाबा के पास पहुंचा।
पति (मोनू) – बाबाजी, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंत्र बताइए?
बाबा– हां, एक मंत्र तो है जिससे बच्चा तेरे सारे दुख खत्म हो जाएंगे।
पति– हां बाबाजी, बताइए क्या है वो?
बाबा –बेटा जब तक मुंह बंद और पर्स खुला रहेगा, कृपा आती रहेगी।
बाबा की बात सुनकर पति हैरान...

भगवान – क्या चाहिए तुझे?
पप्पू – एक नौकरी, पैसों से भरा कमरा, सुकून की नींद और गर्मी से छुटकारा।
भगवान–तथास्तु
आज पप्पू एटीएम में गार्ड है।



# श्रीकला का टिकट कटने से गर्माई पूर्वांचल की राजनीति

**जौनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को दे रही थीं कड़ी टक्कर**

**टिकट कटा, काटा या कटवाया गया दिन भर होती रही चर्चा**

**टिकट कटने के पीछे कई थ्योरी पर होती रहीं चर्चाएं**

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** जौनपुर से बसपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला का टिकट कटने के बाद पूर्वांचल का राजनीतिक पारा अचानक चढ़ गया।

भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने और लगभग जीत के आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर अचानक रणभूमि से ही बाहर होना अब खासा चर्चा का विषय बन गया है। श्रीकला का टिकट क्यों कटा ?, किसके कहने पर कटा ?, क्या बीएसपी भाजपा की मदद कर रही है ?, राजा भइया को अमित शाह ने क्यों बुलाया ? जेल जाते ही धनंजय सिंह को लारेंस विश्नोई गैंग से क्यों जोड़ा गया ? और धनंजय सिंह को जमानत मिलते ही श्रीकला का प्रचार अचानक कैसे धीमा पड़ गया ?.... जैसे प्रश्न पूर्वांचल, अवध और राजधानी की राजनीतिक गलियारों में गूंज रहे हैं। उत्तर की तलाश में सभी पार्टियां और जनता है। सोशल मीडिया और एक्स पर भी टिकट कटने की घटना लगातार ट्रेंड कर रही है।



**थ्योरी-1** धनंजय सिंह की पत्नी के चुनाव लड़ने पर भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह को काफी नुकसान पहुंचने का अनुमान था। क्योंकि धनंजय का जौनपुर में मजबूत पकड़ है। क्षत्रिय वोटों का बंटवारा तय था। सपा ने यहां पीडीए फार्मूले के तहत बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है। इस सीट पर यादव, मुस्लिम और कुशवाहा वोटर्स की ठीक-ठाक आबादी है। यादव और मुसलमान वोट सपा के साथ जुड़ा है, तो कुशवाहा वोटर में बाबू सिंह की अच्छी पकड़ है। पिछली बार गाजीपुर उनकी पत्नी बहुत कम अंतर से चुनाव हारी थीं।

**थ्योरी-2** कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा ने क्षत्रिय लॉबी का सहारा लेकर धनंजय सिंह पर दबाव बनाया था। हाल ही में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुलाकात गृहमंत्री अमित शाह से हुई थी। इसके बाद बस्ती से जुड़े बड़े नेता राजकिशोर सिंह भाजपा में शामिल हुए। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह को वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई। बताया जा रहा है कि क्षत्रिय नेताओं ने भी धनंजय सिंह को पीछे हटने का काफी दबाव बनाया।

**थ्योरी-3** बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद द्वारा दिए गए भाषणों में भाजपा सरकार को टारगेट किया जा रहा था। विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे में आकाश आनंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया था। कहना है कि सरकार आकाश आनंद को लगातार घेर रही थी। ऐसी स्थित में बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा एक अदृश्य दबाव महसूस किया जाने लगा था। रविवार की देर रात बसपा का कोआर्डिनेटर धनंजय सिंह के घर पर स्वयं मौजूद थे। टिकट कटने के पहले उसकी धनंजय सिंह से लंबी वार्ता हुई है।

**थ्योरी-4** दूसरी चर्चा यह है कि धनंजय सिंह की गतिविधियों को तिहाड़ जेल में बंद लारेंस विश्नोई से जोड़ने की कोशिश हुई। इसके बाद जांच एजेंसियां भी सक्रिय हुई। इसके बाद धनंजय सिंह ने अपने कदम भी पीछे किए।

### जिसको चाहूंगा वही बनेगा सांसदः धनंजय

इस पूरे घटनाक्रम में धनंजय सिंह बसपा पर भड़के रहे। उन्होंने कहा कि जौनपुर ही एक मात्र सीट थी जो बसपा के खाते में जा रही थी। कहा कि बसपा नेताओं के बयानों को लेकर वह आहत हैं। वह किसी से डरने वाले नहीं है। पहले भी मेरे ऊपर तमाम झूंठे मुकदमें दर्ज किए गए, लेकिन मैं डरा और डिगा नहीं। पहले भी मुकदमें लादकर मुझे चुनाव लड़ने से रोका गया, आज भी वही हो रहा है। यह भी तय है कि जौनपुर से वही जीतेगा जिसे हम चाहेंगे। बसपा सिर्फ जौनपुर सीट की वजह से चर्चा में थी। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में भी मेरे ऊपर मुकदमें लादे गए क्या मैं उनसे डरा। अब हम आगे क्या करने वाले हैं इसका निर्णय हम लोग बैठकर लेंगे। अभी तत्काल मैं कुछ नहीं कह सकता। उन्होंने कहा कि बसपा को टिकट नहीं काटना चाहिए था। बसपा कोआर्डिनेटर भी झूंठ बोल रहे हैं।

## चुनावी चक्कर

**कैसा होगा श्याम रंगीला का राजनीतिक रंग?:**

नाम है श्याम रंगीला। नाम ही नहीं काम भी इनका कुछ ऐसा ही है। दरअसल, श्याम रंगीला कॉमेडियन हैं और मोदी की मिमिक्री के बूते चर्चा में रहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी विशेष पहचान बना रखी है। रंगीला की चर्चा फिलहाल लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उतरने की है। वह राजस्थान से वाराणसी के लिए रवाना भी हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करके लिखा कि घर से निकलने से पहले दादी और पापा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह स्थानीय ग्रामीणों से भी आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। तीन दिन पहले भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके श्याम रंगीला ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए वाराणसी को चुनने की वजह भी बताई थी। कहा था कि देश में ऐसा माहौल बन गया कि विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार टिकट लौटा रहे हैं। मैं ऐसा नहीं करना चाहता। बहरहाल, वाराणसी पहुंचकर श्याम रंगीला का रंग वैसा ही रहता है या बदलता है, यह तो वक्त ही बताएगा।

**जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर इनाम!**

फतेहपुर सीकरी में जनसभा को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक शख्स ने जूता फेंक दिया था। अब स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी के प्रत्याशी द्वारा जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर 11 लाख रुपए इनाम का ऐलान किया गया। पार्टी के प्रत्याशी द्वारा बाकायदा वीडियो जारी करके इसके लिए ऐलान किया गया है। जारी वीडियो में पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद द्वारा कहा गया कि धर्मेंद्र धाकड़ ने हमारे नेता पर काली स्याही फेंकी थी, काले झंडे भी दिखाए थे।

### अपनी ढपली अपना राग



मोदी जी ने आतंकवाद का खात्मा कर दिया। आज हमारे देश में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। -योगी आदित्यनाथ



आजादी के शताब्दी वर्ष में निश्चित रूप से स्वावलंबी और विकसित भारत को पुन: विश्वगुरु बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। - मनोज सिन्हा



कोई राजपाट नहीं है कि पिता छोड़ेंगे पुत्र राजा बन जाएंगे। यह लोकतंत्र है। जनता जिसको आशीर्वाद देगी, वहीं नेतृत्व करेगा। - ब्रजेश पाठक



वे शहजादे नहीं शहीदजादे हैं, गठबंधन के प्रत्याशियों को अवाम का जबर्दस्त समर्थन मिलते हुए देख रहा हूं। - अविनाश पाण्डेय

# रायबरेली व अमेठी में प्रियंका की अग्निपरीक्षा

**कांग्रेस जिला संगठन की कमजोरी को भांप चुनाव तक रहेंगी सक्रिय**


**जनता के बीच जाकर पारिवारिक रिश्तों की डोर को करेंगी मजबूत**

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** 2024 लोकसभा चुनाव आने वाले भविष्य को तय करेगी। अमेठी हो या फिर रायबरेली। कांग्रेस का गढ़ एक जगह से ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में पार्टी किसी भी कीमत पर अमेठी की सीट जीतना चाहती है। वहीं रायबरेली से राहुल गांधी मैदान में है। स्वाभाविक है ये सीटें कहीं ना कहीं कांग्रेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इन दोनों सीटों पर सबकी निगाहें लगी हुई है। इन सबके बीच यदि किसी की अग्निपरीक्षा है तो वह प्रियंका गांधी वाड्रा।

वह भले ही चुनाव मैदान में नहीं हैं, लेकिन हमेशा की तरह अपनी पार्टी की बतौर स्टार प्रचारक हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने दोनों लोकसभा चुनाव की बागडोर अपने हाथ में लिया था। इसमें अमेठी में राहुल को हार का सामना करना पड़ा। वहीं रायबरेली में सोनिया गांधी को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। यह तब हुआ, जब प्रियंका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

इसकी वजह कहीं ना कहीं संगठन का कमजोर होना माना जा रहा है। जीत के बाद जिले में कांग्रेस पदाधिकारियों की स्थिति किसी से छिपी नहीं हुई है। पूरे समय तक सिर्फ कार्यालय तक ही सिमटे रहे। एक ओर जहां भाजपा बूथ स्तर पर लगातार पकड़ मजबूत बनाए हुए है। वहीं कांग्रेस धरातल पर कम कागजों पर ज्यादा सक्रिय रही। यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऐसे में संगठन के भरोसे जीत का दम भरना दिवास्वप्न से कम नहीं है। यही वजह है कि माहौल को भांपते हुए प्रियंका ने खुद ही मोर्चा संभालने का निर्णय लिया है।



### संगठन की सक्रियता न के बराबर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बात करने से पहले अगर विधानसभा में पार्टी उम्मीदवारों को मिले मतों को देखे तो साफ पता चलता है कि जिले में संगठन की सक्रियता न के बराबर है। शुरू सदर विधानसभा से करते हैं। यहां पर प्रतिष्ठित डा. मनीष चौहान को उतारा गया। संगठन से कम उन्हें अपना व्यक्तिगत मत ज्यादा मिला। पूरे चुनाव में मेहतन के बावजूद महज 6.50 प्रतिशत मत ही प्राप्त कर सके। वहीं सबसे खराब दशा ऊंचाहार विधानसभा की रही। यहां पर अतुल सिंह को महज 4.71 मत से संतोष करना पड़ा। इसी तरह हरचंदपुर विधानसभा से सुरेंद्र विक्रम सिंह को 8.05, सरेनी विधानसभा से सुधा द्विवेदी को 19.71 और बछरावां से सुशील पासी को सबसे अधिक 27.13 प्रतिशत मत मिले।

### विस चुनाव में मिले डेढ़ लाख से कम मत

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भले ही दम भर रहे हों, लेकिन वह कितने प्रभावशाली रहे वह विधानसभा चुनाव के आंकड़ों से साफ पता चलता है। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ लाख से भी कम मत मिले। इसमें पार्टी के कम व्यक्तिगत प्रत्याशी के ज्यादा रहे। यदि बछरावां और सरेनी विधानसभा में संगठन की भूमिका सक्रिय रहती तो जरूर प्रत्याशी को जीत हासिल होती। डा. मनीष चौहान, अतलु सिंह और सुरेंद्र विक्रम सिंह को शर्मिंदगी का सामना ना करना पड़ता।

### विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को मिले मत

| विधानसभा | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| सदर | डा. मनीष चौहान | 14,954 |
| सरेनी | सुधा द्विवेदी | 42,702 |
| ऊंचाहार | अतुल सिंह | 9,985 |
| हरचंदपुर | सुरेंद्र विक्रम सिंह | 16,230 |
| बछरावां | सुशील पासी | 56,835 |

## 7वें चरण में 13 लोस व एक विस सीट के लिए आज से नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** सातवें चरण में 13 लोकसभा व विधानसभा की एक सीट के लिए सात मई से नामांकन शुरू होंगे।

इस चरण में एक जून को मतदान होगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 11 सीटें सामान्य श्रेणी व दो सीटें आरक्षित श्रेणी की हैं। इस चरण के अंतर्गत लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज (अजा) के लिए चुनाव होंगे। ये सीटें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व सोनभद्र समेत 11 जिलों के अंतर्गत आते हैं। इसी प्रकार दुद्धी (अजजा) विधानसभा क्षेत्र सोनभद्र के अन्तर्गत है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जायेगी। 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.49 करोड़ मतदाता हैं।

## रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही है इंडी गठबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और राम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। योगी के मुताबिक, ये इंडी गठबंधन का चरित्र है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है।

### इलेक्शन बायस्कोप



उत्सव कोई भी हो फूल विक्रेताओं की तो बल्ले बल्ले रहती है। फिर मौका इन दिनों चुनाव का है। जहां कहीं भी जनसभा होती है वहां समर्थक यथासंभव विशाल माला लेकर अपने नेता को गदगद करने पहुंच जाते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य की जनसभा में श्रावस्ती में देखने को मिला। -अमृत विचार

# मिश्रिख में पहली बार हो रहा है इतना शांत चुनाव

**13 को होना है मतदान, मतदाता के मिजाज को नहीं भांप पा रहे प्रत्याशी**

**लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ी प्रत्याशियों की चिंता**

**भाजपा ने मौजूदा सांसद अशोक रावत पर दोबारा जताया भरोसा**

**इंडी गठबंधन की प्रत्याशी संगीता और बसपा से बीआर अहिरवार हैं मैदान में**

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में 13 तारीख को मतदान होना है । भाजपा ने एक बार फिर यहां मौजूदा सांसद अशोक रावत पर फिर दांव लगाया है, तो वहीं इंडी गठबंधन ने सपा के चुनाव चिन्ह पर संगीता राजवंशी को मैदान में उतारा है। बसपा ने बीआर अहिरवार को उम्मीदवार घोषित किया है। जहां एक ओर अशोक राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं वहीं संगीता सपा के पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की बहू है, दोनों की राजनीतिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत है तो दूसरी ओर बीआर अहिरवार पहली बार जिले में चुनाव लड़ने के लिए आए हैं। इससे पूर्व व सरकारी सेवा में थे। इनको केवल बसपा के कोर वोटरों का ही भरोसा है। मतदान में अब गिनती के दिन रह गए है लेकिन इस बार के चुनाव में जनता कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। इससे पहले हुए चुनावों में कभी इतना शांत माहौल नहीं रहा।

2019 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट के परिणाम को देखें तो यहां पर भाजपा ने अशोक कुमार रावत को मैदान में उतारा तो उनके सामने बहुजन समाज पार्टी के डॉक्टर नीलू सत्यार्थी थे। चुनाव में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच चुनावी तालमेल के तहत यह सीट बसपा के पास आई थी। लेकिन इसका लाभ नहीं मिला। कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही थी। चुनाव में भाजपा के अशोक कुमार रावत को 534,429 वोट मिले तो नीलू सत्यार्थी को 433,757 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस के प्रत्याशी को महज 26,505 वोट मिले थे, अशोक ने 100,672 मतों के अंतर से यह चुनाव जीता था।

2014 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट पर 57.86 फीसदी मतदान हुआ था। तब भाजपा उम्मीदवार अंजू बाला ने बसपा उम्मीदवार अशोक रावत को 87 हजार 363 वोटों से मात दी थी, अंजू बाला को 4,12,575 वोट और अशोक कुमार रावत को 3,25,212 वोट मिले थे, जबकि सपा के जय प्रकाश को 1,94,759 वोट मिले।

**भाजपा-सपा की पकड़ मजबूतः** सपा ने यहां पर पहले रामपाल राजवंशी को प्रत्याशी बनाया लेकिन स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया ।इसके बाद उनके पुत्र मनोज को सपा ने टिकट दिया वह भी चुनाव मैदान से हट गए अंत में उनकी बहू संगीता राजवंशी चुनाव मैदान में है । सपा प्रत्याशी के ससुर रामपाल राजवंशी का भी क्षेत्र में दबदबा है,भाजपा प्रत्याशी का कुनबा भी काफी पुराना राजनैतिक है ,लेकिन जनता की चुप्पी में सभी की धड़कनें बढ़ा रही है ।बसपा प्रत्याशी को लेकर कोई भी हलचल नहीं है ।वह दूसरे जिले के हैं। जनता पर वह अपनी कोई छाप नहीं छोड़ पा रहे हैं । उन्हें सिर्फ बसपा के पारंपरिक के वोट का ही भरोसा है ।फिलहाल इस क्षेत्र में चुनाव की कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। जिसका असर प्रत्याशियों पर साफ दिखाई पड़ रहा है ।



अशोक रावत



संगीता राजवंशी





बीआर अहिरवार

### 2019 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अशोक कुमार रावत | 5,34,429 |
| बसपा | नीलू सत्यार्थी | 4,33,757 |
| कांग्रेस | मंजरी राही | 26,505 |
| पीएसपी | अरुण कुमारी कोरी | 2,442 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंजू बाला | 4,12,575 |
| बसपा | अशोक कुमार रावत | 3,25,212 |
| सपा | जय प्रकाश | 1,94,759 |
| कांग्रेस | ओम प्रकाश | 33,075 |




### दिग्गज भी चुनावी प्रचार में

मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में रविवार को मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा की थी ।वहीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती माधौगंज क्षेत्र में 8 तारीख को जनसभा करने आ रही हैं ।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मां मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी 8 तारीख को संडीला में वोटरों को रिझाने आ रहे हैं।

### पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र को हरदोई, सीतापुर और कानपुर जिले की विधानसभा सीटों को मिलाकर बनाया गया है. इसमें सीतापुर की मिश्रिख विधानसभा सीट, कानपुर की बिल्हौर और हरदोई जिले की बालामऊ, मल्लावां तथा संडीला विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। हरदोई संसदीय सीट की तरह यहां पर भी सभी पांचों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है।

### सपा ने बदले चार प्रत्याशी

समाजवादी पार्टी ने मिश्रिख लोकसभा सीट पर चार बार प्रत्याशी बदला पहले समाजवादी पार्टी ने रामपाल राजवंशी उनके बाद बेटे मनोज राजवंशी और फिर मनोज राजवंशी की पत्नी संगीता राजवंशी को टिकट दिया था बाद में पूर्व सांसद राम शंकर भार्गव को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन उनके चुनाव लड़ने से मना करने पर संगीता को फिर से टिकट दे दिया गया।

### सभी दलों ने हासिल की जीत

यह क्षेत्र सन् 1962 में अस्तित्व में आया था, इस सीट पर सबसे पहले जनसंघ का कब्जा था, सन् 1967 से 1996 तक यह क्षेत्र कांग्रेस के खाते में रहा, उसके बाद सन् 1996-98 तक यहां भजपा वर्चस्व था, 1999 में हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी की सुशीला सरोज, 2004 और 2009 में बहुजन समाज पार्टी के अशोक कुमार रावत ने यह सीट हासिल की थी।

# युवा मतदाताओं की भूमिका रहेगी अहम

बेनीगंज/कोथावां,हरदोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम होने वाली हैं, युवा अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए काफी उत्सुक नजर आ रहे है, खासकर वह जो पहली बार मतदान कर रहे हैं, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में करीब ग्यारह लाख मतदाता मतदान करेंगे। जिनमें से बहुत से मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जबकि कुछ दूसरी बार भी। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद को लेकर हर किसी की अपनी सोंच व अपेक्षाएं हैं।

संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की जनता व युवाओं की राय के मुताबिक उन्हें नेता नही लीडर चाहिए, जिनमें तेज व सही डिसीजन लेने की काबिलियत हो, उनका प्रतिनिधि ईमानदार, स्वच्छ छवि व विकास को तरजीह देने वाला होना चाहिए साथ ही साथ जनता के लिए सहजता से उपलब्ध हो, जनता के मुताबिक देश दुनिया की तरह उनके क्षेत्र की तस्वीर बदलनी चाहिए, युवाओं का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों से चलने वाले उद्योग ही काफी नहीं है, इसके लिए रोजगार परक योजनाओं पर ध्यान देने की भी काफी जरूरत है।



### क्या कहते हैं मतदाता

सरकार द्वारा लोगों के हित मे महत्वाकांक्षी योजनाओं लाने व उस पर कार्य करने का मुद्दा सबसे ऊपर रहने वाला हैं, जो भी सरकार हमारे देश को विश्व मे एक नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी हम सभी युवाओं का मत उसी को जाएगा। - मनीष कुमार वर्मा

मौजूदा सरकार ने लोगों के हित मे कार्य किया है चाहे वह गरीब हो या अमीर सरकार द्वारा सभी को समान रुप से देखा गया है, चिकित्सा से लेकर शिक्षा, राशन, वाहन, परिवहन आदि क्षेत्रों में भी बढ़ चढ़कर कार्य किया गया है जो कि मोदी की गारंटी है इसलिए हमारे नजरिए से एक बार फिर मोदी सरकार ही होनी चाहिए। - अशोक सिद्धार्थ,बेनीगंज

बीते दस वर्षों मे वह कार्य हुए हैं जो पिछले पचास सालों से अन्य सरकारों द्वारा नहीं किया जा सका था और आने वाले पांच वर्षों मे वह सबकुछ होने वाला है जिसकी किसी ने कल्पना तक नही की होगी क्योंकि इस बार विपक्ष जड़ से खत्म होने वाला है।-सत्यनारायण गुप्ता बेनीगंज



# राजपूतों की नाराजगी के ग्राउंड जीरो राजकोट में मुद्दा दिख रहा फीका



राजपुरूष

- केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी से उपजा था विवाद, देश भर में हुए थे प्रदर्शन
- रूपाला कड़वा पाटीदार समाज से तो कांग्रेस प्रत्याशी परेश धनानी लेउवा पाटीदार

**अमृत विचार।** राजकोट में सात मई के मतदान के लिए चुनाव प्रचार बंद हो चुका है, लेकिन पूरा शहर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला की होर्डिंग्स से भरा पड़ा है। इन होर्डिंग्स में शानदार नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एम्स की सौगात मिलना, राजकोट को अहमदाबाद से जोड़ने वाला छह-लेन राजमार्ग, हर घर में नल से पानी, स्मार्ट सिटी की सुविधा जैसे विकास के तमाम बड़े काम पूरे करने की भरमार के साथ आगे और तेजी से विकास के वादे लिखे नजर आते हैं। यहां 22 साल बाद दो पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला के सामने पूर्व नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के परेश धनानी ने डटकर मुकाबला किया है, ऐसा अधिकतर लोग मानते हैं। लेकिन राजपूतों की भाजपा के नाराजगी के सवाल पर जवाब टाल जाते हैं। कांग्रेस-भाजपा दोनों के उम्मीदवार अमरेली जिले के मूल निवासी हैं और राजकोट में नए चेहरे हैं। परेश धनानी ने 2002 के विधानसभा चुनाव में अमरेली सीट से रूपाला को हराया था।

राजकोट अगर इस चुनाव में हॉट सीट हैं और सभी कि निगाहें टिकी हैं, तो उसकी वजह इस क्षेत्र का इस बार के चुनाव में राजपूतों की भाजपा से नाराजगी का ग्राउंड जीरो बनना रहा है। चुनावी अभियान की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री रूपाला के एक बयान ने पूरे उत्तर भारत में क्षत्रिय समाज के बीच तूफान खड़ा कर दिया था। हालांकि रूपाला ने जल्दी ही माफी मांग ली, इसके बावजूद क्षत्रियों की भाजपा से नाराजगी का मुद्दा तमाम लोकसभा सीटों पर सामने आया और भाजपा ने उसे ठंडा करने, क्षत्रियों को मनाने में तमाम ताकत भी लगाई। लेकिन रूपाला को चुनाव मैदान से नहीं हटाया। दरअसल, 22 मार्च को केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने दलितों की एक सभा को संबोधित करते हुए अपनी टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया था, उन्होंने रुखी समाज (दलित समुदाय) की बड़ाई करते हुए कहा था कि इस समाज ने विदेशी आक्रांताओं के तमाम अत्याचार के बाद भी न तो अपना धर्म बदला और न वैसे पारिवारिक संबंध स्थापित किए, जैसे कि अनेक राजाओं और राजघरानों ने झुक कर बनाए थे। इसके बाद राजपूत समाज में आक्रोश और नाराजगी के स्वर फूट पड़े थे। राज्य भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। समाज के लोगों ने भाजपा के प्रति निराशा व्यक्त की थी। शासन में उचित हिस्सा नहीं मिलने की बात उठाई थी।

मतदान से पहले राजपूतों की नाराजगी की बात राजकोट लोकसभा क्षेत्र में चर्चा में तो है, लेकिन जमीन पर कोई बड़ा मुद्दा है, ऐसा नजर नहीं आता है। हालांकि इसकी एक वजह यह भी है कि 20 लाख से अधिक मतदाताओं वाली इस सीट पर क्षत्रियों का वोट सीमित संख्या में है, इसलिए उनके असंतोष से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद रूपाला और भाजपा ने यहां जमकर आपदा प्रबंधन भी किया है। रूपाला को जीत तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के साथ जाति का जमकर सहारा लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ता रूपाला की जीत के लिए दम लगाए हैं। पार्टी की एक खास इकाई ने लोगों के बीच जाकर यह प्रचार किया है कि क्षत्रिय समाज की नाराजगी रूपाला से हो सकती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं। इसके साथ ही पार्टी ने क्षत्रिय समुदाय के विरोध की आशंका के मद्दे नजर अन्य प्रमुख जातियों को साध रखा है।

इस सबके बीच कांग्रेस उमीदवार परेश धनानी कहते हैं कि राजकोट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गढ़ है। यहां भाजपा ने विकास की परिभाषा को संकुचित करके समुदायों का धार्मिक और जातीय आधार पर ध्रुवीकरण कर दिया है। भाजपा राजकोट में व्यापारिक समुदाय को लुभाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का कार्ड खेल रही है। उनके मुताबिक इस बार लड़ाई सांसद बनने की नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की है। मुद्रास्फीति, व्यापार में मंदी और बेरोजगारी है, लेकिन लोगों को इन मूल मुद्दों से हटाने के लिए भाजपा धार्मिक और जातीय विभाजन कर रही है। आम लोग अपने हक की आवाज उठाते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है, उन पर झूठे मुकदमे लाद दिये जाते हैं। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के राज्य में देश की विविधता में एकता को नष्ट किया जा रहा है।

### पीएम मोदी के राजनीतिक सफर का हुआ था आगाज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी राजनीतिक सफर का आगाज राजकोट से ही हुआ था। वर्ष 2001 में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद वह राजकोट सीट से ही उपचुनाव में जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

### 18 सीटें ढाई लाख से ज्यादा वोटों से जीती थीं भाजपा

- गुजरात में मंगलवार को तीसरे चरण में 25 सीटों पर वोट पड़ेंगे। सूरत सीट भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा यहां क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाना चाहती है। कांग्रेस इसे रोकने की कोशिश में भले जुटी हो, लेकिन पार्टी का वोट बैंक यहां लगातार गिरावट की ओर है। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम या देश के पीएम नहीं थे तब भी गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से भाजपा आगे रहती थी। यहां तक कि 2004 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी, तब भी भाजपा ने कांग्रेस से ज्यादा सीटें जीती थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2019 में गुजरात की 18 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार ढाई लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

### 2019 में और बढ़ गया था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 के चुनाव में राजकोट में भाजपा के मोहन कुंडरिया ने 7,58,645 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस के कगथारा ललितभाई को 3,90,238 वोट मिले थे। 2014 में भाजपा के मोहन भाई कुंदरिया के 5,08,437 वोट और कांग्रेस के कुंवरजी भाई बावलिया ने 3,75,096 वोट पाए थे।

# हरियाणा में इस बार जाति का रंग गाढ़ा


मनोज त्रिपाठी




**अमृत विचार।** हरियाणा में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने वाली भारतीय जनता पार्टी के सामने इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं नजर आ रही हैं। हालांकि पार्टी ने कांग्रेस और अन्य दलों से काफी पहले अपने प्रत्याशी घोषित करके चुनावी अभियान में बढ़त जरूर बना रखी है। चुनावी रणनीति के तहत ही मुख्यमंत्री बदल दिया था। हालांकि जेजेपी ने साथ छोड़ दिया है, लेकिन 2019 के चुनाव में 1977 के बाद से राज्य के चुनावी इतिहास में सर्वाधिक 58 फीसदी से अधिक मत हासिल करने से भाजपा का हौसला बढ़ा हुआ है। इसके मुकाबले कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में 28.5 प्रतिशत मतों से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मत पर्तिशत बढ़ाकर सीटों का सूखा खत्म करना है। पार्टी इस बार राज्य में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट उसने आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। उधर, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) तथा जननायक पार्टी (जेजेपी) विधानसभा चुनावों में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए लोकसभा चुनाव के मैदान में हैं।


कांग्रेस ने भाजपा को घेरने के लिए जातीय संतुलन साधा है। पार्टी ने जो नौ उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें दो जाट, दो दलित, दो ओबीसी, एक-एक पंजाबी, ब्राह्मण तथा एक वैश्य प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा ने भी जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधकर एक बार फिर सभी सीटें जीतने की व्यूह रचना की है। पार्टी ने ब्राह्मणों को खास तरजीह दी है। जाट वोट 22 प्रतिशत हैं, उन्हें भाजपा ने दो सीटें दी हैं, तो ब्राह्मण आठ फीसदी होने के बावजूद दो सीटें पाने में सफल रहे हैं। भाजपा ने दो दलित, एक पंजाबी, एक अहीर, एक वैश्य तथा एक गुर्जर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा जातीय संतुलन और जीत की संभावना वाले उम्मीदवार उतारे जाने से राज्य में इस बार तीन हॉट सीट बन गई हैं, जिन पर सभी की निगाहें टिकी हैं। पहले रोहतक और हिसार को हॉट सीट माना जाता था। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मैदान में आने से करनाल और उद्योगपति नवीन जिंदल व आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता के आमने-सामने होने से कुरूक्षेत्र का नाम हॉट सीटों में जुड़ गया है। अब कांग्रेस से पूर्व अभिनेता राज बब्बर के आने से गुरुग्राम सीट चर्चा में है। फिलहाल चुनावी अभियान में जो समीकरण उभर रहे हैं, उनके मुताबिक राज्य की आठ सीटों पर कांटे की टक्कर मानी जा रही है। कुरुक्षेत्र समेत दो सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष दिख रहा है, जबकि सिरसा में चतुष्कोणीय मुकाबले की तस्वीर है।

### राज्य में अनुमानित जातिगत आंकड़ा




### भाजपा ने बनाई है गैर जाट वोटरों को साधने की रणनीति

- हरियाणा में इस बार भाजपा ने गैर जाट मतदाताओं पर ज्यादा ध्यान दिया है। अंबाला से पूर्व सांसद रत्न लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया और सिरसा से पूर्व सांसद अशोक तंवर को चुनावी मैदान में उतारा है। यह दोनों सीटें आरक्षित हैं। बंतो कटारिया पहले भी भाजपा में कई पदों पर रह चुकी हैं, जबकि अशोक तंवर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और गुरुग्राम सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत यादव चुनाव मैदान में हैं। दोनों ही ओबीसी समाज से आते हैं। जाटलैंड नाम से मशहूर रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में गैर जाटों को उतारकर भाजपा ने बड़ा राजनीतिक कार्ड खेला है। रोहतक से पार्टी ने एक बार फिर से पूर्व सांसद अरविंद शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। सोनीपत में पूर्व सांसद रमेश कौशिक की जगह ब्राह्मण विधायक मोहन लाल बड़ौली को मैदान में उतारा गया है। हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से पार्टी ने जाट प्रत्याशी उतारे हैं। कुरुक्षेत्र सीट से अभी तक मुख्यमंत्री नायब सैनी सांसद थे। भाजपा ने यहां से दो बार सांसद रह चुके नवीन जिंदल को चुनाव मैदान में उतारकर वैश्य समुदाय को साथ जोड़ने का काम किया है।




### किस दल से किस जाति के प्रत्याशी

| जाति | भाजपा | कांग्रेस | इनेलो | जेजेपी |
|---|---|---|---|---|
| जाट | 2 | 2 | 4 | 5 |
| गुर्जर | 1 | 1 | – | – |
| अहीर | 1 | 1 | – | 2 |
| वैश्य | 1 | 1 | – | – |
| ब्राह्मण | 2 | 1 | 2 | – |
| दलि | 2 | 2 | 2 | – |
| पंजाबी | 1 | 1 | – | – |
| सैनी | – | – | – | 1 |
| मराठा | – | – | 1 | – |

**10** लोकसभा की सीटें हैं राज्य में

**25** मई को छठे चरण में मतदान

**1.98** करोड़ से अधिक हैं मतदाता

**3.63** युवा पहली बार डालेंगे वोट

### कांग्रेस में हुड्डा का वर्चस्व, जातीय संतुलन

- कांग्रेस ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से श्रुति चौधरी पूर्व सीएम बंसीलाल की पोती की जगह राव दान सिंह को उतारा है। वह हुड्डा के करीबी हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ बंसीलाल के परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाती रही है। लेकिन इस बार पार्टी ने जाट समुदाय से आने वाले मौजूदा भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह के खिलाफ ओबीसी समुदाय के सदस्य को मैदान में उतारते हुए अपनी रणनीति बदल दी है। कांग्रेस ने बृजेंद्र सिंह को हिसार सीट से मैदान में नहीं उतारा। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में हिसार से 2019 का संसदीय चुनाव जीता था। इसी साल मार्च में वह कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने हुड्डा के करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश को हिसार से मैदान में उतारा है। अंबाला से पार्टी ने मौजूदा विधायक वरुण चौधरी को मैदान में उतारा है। वरुण हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष फूल चंद मुलाना के बेटे हैं, जो लंबे समय से हुड्डा के सहयोगी रहे हैं। सोनीपत से हुडा के सहयोगी सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतारा गया है, जबकि पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र प्रताप फरीदाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा और जय प्रकाश जाट समुदाय से हैं, जबकि अन्य दो राव दान सिंह और महेंद्र प्रताप ओबीसी वर्ग से हैं। कुमारी शैलजा और वरुण चौधरी अनुसूचित जाति से हैं, जबकि सतपाल ब्रह्मचारी ब्राह्मण हैं। करनाल से उतरे बुद्धिराजा पंजाबी समुदाय से हैं।

**2019 में मिलीं सीटें**

10 भाजपा | 00 कांग्रेस

**2014 का परिणाम**

07 भाजपा | 02 इनेलो | 01 कांग्रेस



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रानौत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। कहा कि आज भारत की कमान सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में बताया। कहा कि कंगना मंडी का विकास करेंगी। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का गुणगान किया।

भाजपा ने पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज पर लगाया है दांव

# अभेद्य किला बचाने और जीतने की जंग में एसटी वोटर हथियार

सरगुजा संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

- कांग्रेस ने शशि सिंह को सौंपा है अजेय किले को जीतने का जिम्मा

**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ प्रांत की सरगुजा लोकसभा सीट भजपा का अजेय किला है। 2004 से पार्टी लगातार यहां जीत रही है। इस चुनाव में भाजपा के इस अभेद्य दुर्ग को जीतने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने युवा नेता शशि सिंह को सौंपा है तो भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले बगावत कर भगवा खेमे में आए चिंतामणि महाराज पर दांव लगाया है। चिंतामणि महाराज पूर्व विधायक रहे हैं तो शशि सिंह के पिता पूर्व मंत्री। इस चुनाव में स्थानीय समस्याओं को कांग्रेस मुद्दा तो बनाना चाहती है पर राष्ट्रीय मुद्दों के शोर में स्थानीय मुद्दे दब से गए हैं। मोदी की गारंटी का शोर तो यहां सुनाई देता है पर भाजपाई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भी खूब भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी वजह भी है। वनवास के समय प्रभु राम यहां भी कुछ समय तक रहे थे। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे को भी हवा दे रही है।



2019 में भाजपा नेता रेणुका सिंह यहां सांसद बनीं थीं। उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका भी मिला। विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने भरतपुर- सोनहत से विधानसभा का टिकट दिया और वह विधायक बन गईं। ऐसे में पार्टी ने उन्हें इस बार लोकसभा का टिकट नहीं दिया है। रेणुका सिंह को मुख्यमंत्री पद का भी प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। सरगुजा सीट भाजपा जीते इसकी जिम्मेदारी रेणुका सिंह को भी दी गई है। वैसे भाजपा में इस सीट से टिकट के कई दावेदार थे लेकिन बाजी चिंतामणि महाराज के हाथ लगी। इसी शर्त पर ही वे भाजपा में शामिल हुए थे। इस क्षेत्र में उनका जबरदस्त प्रभाव माना जाता है। वह सामरी से विधायक रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया था इससे नाराज होकर वे भाजपा में आए थे। उनके मुकाबले में कांग्रेस ने राहुल गांधी की खास युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह को मैदान में उतारा है। वह जिला पंचायत की सदस्य हैं। उनके पिता तुलेश्वर सिंह अजित जोगी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। कंवर और गोंड जनजाति के मतदाता यहां हर बार बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस जाति के मतदाताओं पर हर दल की निगाह है।




### विधानसभा की सभी आठ सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सभी आठ सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। यहां की रामानुजगंज सीट से विधायक राम विचार नेता तो प्रदेश सरकार में मंत्री भी हैं। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। इससे पहले रमन सरकार में भी वे मंत्री पद पर रह चुके हैं।

### स्थानीय समस्याएं कम नहीं, पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी

- यहां बनाए गए एयरपोर्ट को चालू करने की मांग हो रही है पर अभी तक हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इसी तरह पड़ोसी राज्यों को जोड़ने के लिए रेल सुविधा का अभाव। दिल्ली के लिए हफ्ते में एक बार ट्रेन की सुविधा है तो अंबिकापुर से रेनुकूट रेल मार्ग व बरवाडीह रेल मार्ग को जोड़ने के प्रस्ताव पर भी अभी तक काम नहीं हो पाया है। हालांकि चुनाव में इन मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी पड़ रहे हैं। कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का आरोप बड़ी तेजी से लगा रही है तो भाजपा यह बताने में जुटी है कि न संविधान बदलेगा न आरक्षण खत्म होगा।

### आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 11 | 461 |

# भारतीय महिला-पुरूष रिले टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

**नासाउ (बहामास), एजेंसी**






भारतीय महिला और पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।

भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरुष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा।

पहले दौर में पुरुष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरुष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले से दूसरे दौर की हीट में नाम वापिस ले लिया क्योंकि रमेश फिट नहीं थे। उन्होंने रविवार को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित और पुरुष दोनों वर्गों में भाग लिया था।

मिश्रित रिले का आगाज तोक्यो ओलंपिक से हुआ और भारत ने भी इसमें क्वालीफाई किया था। पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरूआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी। वहीं पुरुष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

## सरकार के फैसले पर ही भारतीय टीम जाएगी पाकिस्तान : शुक्ला



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आज यहां कहा चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है।

# सूर्या के शतक ने आसान की मुंबई की जीत


## 18वें ओवर में हासिल किया लक्ष्य, हैदराबाद को सात विकेट से हराया

**मुंबई, एजेंसी**



सूर्यकुमार यादव नाबाद (105) और तिलक वर्मा नाबाद 37 रनों की पारियों की तूफानी पारियों की के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को आईपीएल के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया है। मुंबई की 12 मैचों में यह चौथी जीत है।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में इशान किशन (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद चौथे ओवर में रोहित शर्मा (4) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। भुवनेश्वर कुमार ने पांचवें ओवर में नमन धीर को शून्य पर आउट कर मुंबई को तीसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला। सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों में 12 चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 102 रनों की पारी खेली। सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। वहीं तिलक वर्मा 32 गेंदों में 37 रन बनाकर नाबाद रहे। तिलक और सूर्यकुमार के बीच 143 रनों की साझेदारी मुंबई के लिए आईपीएल में चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 174 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।



इससे पहले सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की (48) और कप्तान पैट कमिंस की तबातोड़ नाबाद 35 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीता और सनराइजर्स हैदराबाद को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। छठें ओवर में बुमराह ने अभिषेक को आउट कर पहली सफलता दिलाई। पदार्पण करने वाले अंशुल कम्बोज ने मयंक (5) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। हैदराबाद के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 48 रनों की पारी खेली। उन्हें 11वें ओवर में पीयूष चावला ने आउट किया। कमिंस ने 17 गेंदों में नाबाद 35 रनों की पारी खेली। मुंबई की ओर से हार्दिक और पीयुष ने तीन-तीन विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और अंशुल कंबोज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

**143** रनों की साझेदारी मुंबई के लिए तिलक और सूर्यकुमार ने की जो आईपीएल में चौथे विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है

### हैदराबाद 173/8
20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड का तिलक बो चावला | 48 | 30 | 7/1 |
| अभिषेक शर्मा का इशान बो बुमराह | 11 | 16 | 0/1 |
| मयंक अग्रावाल बो कंबोज | 5 | 6 | 1/0 |
| नितीश रेड्डी का कंबोज बो हार्दिक | 20 | 15 | 2/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो चावला | 2 | 4 | 0/0 |
| मार्को यानसेन बो हार्दिक | 17 | 12 | 1/1 |
| शाहबाज का सूर्यकुमार बो हार्दिक | 10 | 12 | 0/0 |
| अब्दुल समद पगबाधा चावला | 3 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 | 17 | 2/2 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 8 | 7 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3

### मुंबई 174/3
17.2 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन का मयंक बो यानसेन | 9 | 7 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का क्लासेन बो कमिंस | 4 | 5 | 1/0 |
| नमन धीर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 0 | 9 | 0/0 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 102 | 51 | 12/6 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 37 | 32 | 6/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3.2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0

# कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अलग रणनीति बनाएंगे : बाबर

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन कोहली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाए जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था।



### वीजा मुद्दों के कारण आमिर के आयरलैंड रवाना होने में विलंब

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 शृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है।

## भारत की पहली हाईब्रिड पिच का अनावरण

**धर्मशाला।** भारत की पहली हाईब्रिड पिच का सोमवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। धूमल ने कहा इंग्लैंड में लाड़र्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके।



## रूबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

**मैड्रिड।** बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रे रूबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रूबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था। नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे। कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ में सूजन से जूझ रहे थे और राफेल नडाल जल्दी हारकर बाहर हो गए थे। इगा स्वियातेक ने पहली बार महिला वर्ग में यह खिताब जीता।



## भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को 65 करोड़ का बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नारंग ने भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ का बजट तैयार किया है। एआईसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गई जिनका उद्देश्य पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के लिए वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना है।

राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ, हर घर शतरंज के दृष्टिकोण को घरों में वास्तविकता प्रदान करेगा। कई प्रस्ताव जैसे शतरंज विकास निधि, सभी स्तरों पर खिलाड़ी अनुबंध और कोचिंग के साथ मजबूत वित्तीय सहायता की शुरुआत, जिला और राज्य संघों को आर्थिक रूप से समर्थन देना, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक एनसीए की स्थापना, विशेष रूप से भारत के लिए एआईसीएफ रेटिंग प्रणाली, अभूतपूर्व पहल के रूप में काम करेगी और आने वाले वर्षों में भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को गति देगी।



## रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी।

दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाए।



अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा। उनके पास ऑस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं। दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा।

## एएसबीसी एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप में पांच को स्वर्ण

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** पांच युवा भारतीय मुक्केबाजों ब्रिजेश टम्टा, आर्यन हुड्डा, यशवर्धन सिंह, लक्ष्मी और निशा ने सोमवार को यहां एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। ब्रिजेश ने पुरुषों के 48 किग्रा फाइनल में ताजिकिस्तान के मुमिनोव मुइनखोदझा को 5-0 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। आर्यन (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के कामिलोव जफरबेक के खिलाफ 5-0 की जीत से भारत का दबदबा जारी रखा। यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) को ताजिकिस्तान के गफूरोव रुस्लान के खिलाफ 4-1 की जीत के दौरान काफी पसीना बहाना पड़ा। महिला वर्ग में निशा ने 52 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की ओटिनबे को हराकर स्वर्ण अपने नाम किया।



### बॉलीवुड हलचल

# हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नेटफ्लिक्स पर संजय लीला भंसाली की नई सीरीज हीरा मंडी इस वक्त चर्चा में है। 1 मई को प्रदर्शित आठ एपिसोड वाली इस कहानी पर भंसाली की पूरी छाप है। चर्चा इसलिए भी है कि इसमें भर भर के ग्लैमर है इतना कि उसे ग्लैमर का ओवर डोज भी कहा जा सकता है। सेट्स को भव्य दिखाने के लिए एनीमेशन का इस्तेमाल भी किया गया, जो नकली समझ आ जाता है। सेक्स और गाली गलौच भरपूर मात्रा में तो है ही फूहड़ भी है। परिवार के साथ बैठकर देखने के बारे में तो सोचा ही नहीं जा सकता। तवायफों पर आधारित कहानी में बार बार उनकी तहजीब और रवायतों का महिमा मंडन किया गया है कि कोठे तहजीब सीखने की जगह हुआ करते थे पर तवायफों से भद्दे संवाद बुलवाते समय भंसाली ये बात भूल जाते हैं। हीरा मंडी की स्टारकास्ट जबरदस्त है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, संजीदा शेख, फरदीन खान, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरीदा जलाल आदि हैं। सर्वाधिक संतुलित अभिनय फरीदा जलाल का है। ऋचा चड्ढा और अदिति राव हैदरी भी प्रभावित करती हैं। बड़े शेखर से ज्यादा छोटे शेखर प्रभाव छोड़ते हैं। ताहा शाह बदूशा ने आंखों से अच्छा अभिनय किया है। माहौल है 1940 के आसपास का लाहौर। 'हीरा मंडी : द डायमंड बाजार' की मुख्य कहानी मल्लिका जान मनीषा कोइराला की कहानी है, जो हीरा मंडी की सबसे ताक़तवर तवायफ है। उनके बारे में बस यही कहा जा सकता है कि मुख्य किरदार के लालच में मनीषा कोइराला ने करियर की दूसरी पारी में छीछालेदर ही करवा ली। वह आतंक का पर्याय है। उसकी बेटी बिब्बो जान क्रांतिकारियों का साथ दे रही है। दूसरी तवायफ बेटी आलमजेब शेरो-शायरी करती है। उसका पुराना गुनाह नए तेवर में फरीदन सोनाक्षी सिन्हा बनकर लौट आता है। सोनाक्षी का अभिनय बेहद कमजोर है। कोठों पर कब्जे की जंग में आजादी की जंग का तड़का है। जो कहानी को मकसद देता है। वरना तवायफों के बारे में आज कोई क्यों जानना चाहेगा। क्यों कि ना तो कहानी असली है ना ही इतिहास। अगर कुछ है तो वो तवायफों के जेवर और नवाबों के तेवर। सिरीज देखते समय आप कहानी या पात्रों से खुद को रिलेट नहीं कर पाते। हां आजादी की जंग थोड़ा जोश जरूर भर्ती है। अमीर खुसरो का बसंत गीत सकल बन फूल रही सरसों बढ़िया है। इन कहानियों में षड्यंत्र है, जरूरत से ज्यादा ग्लैमर है और मोहब्बत की कशिश भी है। कहानियों के भीतर इतनी कहानियां हैं कि आप से कहानी का मुख्य सिरा ही छूटने लगता है। पूरी कहानी में भंसाली के दिमाग में पाक़ीज़ा छाई हुई है। डांस स्टेप्स, सिचुएशन्स सिनेमेटोग्राफी, कॉस्ट्यूम, संवाद अदायगी सभी पाकीजा की थर्ड कॉपी लगते हैं। जब भंसाली पाकीजा से इतने ही प्रभावित थे तो उसका भावनात्मक पहलू भी याद कर लेते। उसकी शालीनता और मोहब्बत के ऊंचे मानदंड भी याद रखते। आज तवायफों का दौर देखने वाले तो नहीं है पर पाकीजा हर सिने प्रेमी ने देखी है। कह सकते हैं कि हीरा मंडी में जो अच्छा है वो मौलिक नहीं है जो मौलिक है वो अच्छा नहीं है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

